बैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 9 मई 2024
वर्ष-34, अंक-102, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





राफा पर कब्जे के बाद बमबारी, 20 की मौत 16

दिव्या खोसला की फिल्म सावी का टीजर रिलीज 15







## एआई एक्सप्रेस की 90 उड़ानें रद

### 200 से अधिक चालक बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी पर चले गए

नई दिल्ली/कोच्चि, एजेंसी



- देश के अनेक हवाई अड्डों पर फंसे रहे सैकड़ों यात्री
- कंपनी ने कहा-अगले कुछ दिन उड़ानों में कटौती करेंगे

टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी में कुप्रबंधन के कारण 200 से अधिक नाराज चालक बीमार होने की सूचना देकर अचानक छुट्टी पर चले गए।

इस कारण एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस को मंगलवार रात से अपनी 90 से अधिक उड़ान रद करनी पड़ी हैं। उड़ाने रद होने से देश के अनेक हवाईअड्डों पर सैकड़ों यात्री फंसे गए। केरल के कुछ हवाई अड्डों पर यात्रियों ने उड़ान रद होने के खिलाफ प्रदर्शन किया जिनमें अधिकतर खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले थे। कोच्चि, कालीकट तथा बेंगलुरू समेत अनेक हवाईअड्डों पर कंपनी का विमान परिचालन अवरुद्ध हो गया है। कंपनी ने उड़ानें रद होने या इनमें देरी के लिए खेद जताया। उधर, चालक दल को लेकर संकट के बीच सीईओ आलोक सिंह ने कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस अगले कुछ दिन उड़ानों में कटौती करेगी।

### लखनऊ से एआई एक्सप्रेस की 3, इंडिगो की 2 उड़ानें रद

अमृत विचार, सरोजनीनगर/लखनऊ :लखनऊ से बंगलुरू जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-1428 एवं लखनऊ से मुंबई जाने वाले आईएक्स-2784 को निरस्त कर दिया गया। इसके अलावा बंगलुरू से आने वाली (आईएक्स-2472) भी रद्द कर दी गई। इसके अलावा अन्य कारणों से इंडिगो की दिल्ली-लखनऊ 6ई 5081 और हैदराबाद-लखनऊ 6ई-453 उड़ान भी रद कर दी गई ।

### उत्तराखंड में जंगल की आग पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## इंद्रदेव के भरोसे न रहें, त्वरित समाधान करें

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्य सरकार ने बताया : वन्यजीव क्षेत्र के 0.1 प्रतिशत हिस्से में आग
- पिछले साल नवंबर से अब तक राज्य में 398 घटनाएं, सभी मानव निर्मित
- मामले में 350 आपराधिक केस दर्ज 62 लोगों को किया गया चिन्हित

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में जंगल की आग को लेकर राज्य सरकार से कहा कि क्लाउड सीडिंग (कृत्रिम बारिश) या इंद्र देवता पर निर्भर रहना इस मुद्दे का समाधान नहीं है और राज्य को इसके लिए शीघ्र निवारक उपाय करने होंगे। पीठ राज्य में जंगल की आग से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी।

उत्तराखंड सरकार ने राज्य में जंगल की भीषण आग पर काबू पाने के लिए उठाए गए कदमों से उच्चतम न्यायालय को बुधवार को अवगत कराया और कहा कि आग की घटना से राज्य का केवल 0.1 प्रतिशत वन्यजीव क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि पिछले साल नवंबर से राज्य में जंगल में आग लगने की 398 घटनाएं हुई हैं और वे सभी मानव निर्मित हैं। राज्य सरकार के अधिवक्ता ने सरकार की ओर से उठाए कदमों से अवगत कराने के अलावा पीठ को बताया कि जंगल की आग के संबंध में 350 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं और उनमें 62 लोगों को चिन्हित किया गया है। अधिवक्ता ने कहा कि लोग कहते हैं कि उत्तराखंड का 40 प्रतिशत हिस्सा आग से जल रहा है, जबकि इस पहाड़ी राज्य में वन्यजीव क्षेत्र का केवल 0.1 प्रतिशत हिस्सा ही आग की चपेट में है। अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष अंतरिम स्थिति रिपोर्ट भी रखी। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 15 मई की तारीख निर्धारित की है।

## एक नजर

### तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में तीन नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित माओवादी मलांगेर एरिया कमेटी में सक्रिय थे। आत्मसमर्पित सभी माओवादी नक्सली बंद के दौरान रोड़ खोदना, पेड़ काटना एवं नक्सली बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे। आत्मसमर्पण करने वालों में कुमारी नंदे मरकाम केएएमएस सदस्यकेशा गोंचे, गोंडेरास पंचायत मिलिशिया सदस्यकुमारी मल्ले, गोण्डेरास पंचायत सीएनएम सदस्य शामिल हैं।

### गुजरात में भूकंप के झटके, 3.7 रही तीव्रता

**अहमदाबाद।** गुजरात में गिर सोमनाथ जिले के तलाला में बुधवार दोपहर 3 .7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने बताया कि उसके शीघ्र बाद 3 .4 तीव्रता का भी भूकंप आया। आईएसआर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 3 :14 बजे 3 .7 तीव्रता का भूकंप आया जिसका केंद्र राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र में तलाला से करीब 13 किमी दूर उत्तर-उत्तरपूर्व में था। 3 :18 बजे फिर 3 .4 तीव्रता का झटका लगा जिसका केंद्र तलाला से करीब 12 किमी दूर उत्तर-उत्तरपूर्व में था।

### कर हस्तांतरण फॉर्मूले पर मांगी जनता से राय

**नई दिल्ली।** सोलहवें वित्त आयोग ने बुधवार को कर हस्तांतरण फार्मूला और राज्यों की समेकित निधि बढ़ाने के उपायों जैसे बिंदुओं पर आम जनता और संगठनों से विचार आमंत्रित किए। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16वें वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2023 को किया गया था। पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू और अर्थशास्त्री मनोज पांडा इसके पूर्णकालिक सदस्य हैं जबकि एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष अंशकालिक सदस्य हैं।

### कांग्रेस नेता के बोल-पूर्वी भारतीय चीनी लगते हैं और दक्षिण के अफ्रीकी

# सैम पित्रोदा की टिप्पणियों से देश में फिर खड़ा हुआ विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस ने टिप्पणियों को गलत बताते हुए खुद को किया अलग



कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की एक और टिप्पणी को लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कहा है कि पूर्व के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं।

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पित्रोदा की नस्ली टिप्पणियों को लेकर उन पर निशाना साधा और दावा किया कि इससे विपक्षी दल की विभाजनकारी राजनीति बेनकाब हो गई है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख पित्रोदा ने एक पॉडकास्ट में कहा कि हम 75 साल से बहुत सुखद माहौल में रह रहे हैं, जहां कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह सकते हैं।

पित्रोदा ने सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित इस साक्षात्कार में कहा कि हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं। जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं। इससे पहले पित्रोदा ने विरासत कर के बारे में बात करके विवाद खड़ा कर दिया था, जिसे भाजपा ने चुनावी मुद्दा बना लिया। पित्रोदा ने कांग्रेस के घोषणापत्र में 'संपदा के पुनः वितरण' के मुद्दे पर बात करते हुए 'अमेरिका में विरासत कर' का उल्लेख किया था।

### पित्रोदा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भारतीयों की शक्ल-सूरत की तुलना विदेश के लोगों से करने संबंधी बयान से उपजे विवाद के बीच बुधवार को पद से इस्तीफा दे दिया। और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

### पित्रोदा की टिप्पणी अस्वीकार्य : कांग्रेस

पित्रोदा की टिप्पणी से खुद को अलग करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर कहा कि सैम पित्रोदा द्वारा भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गई हैं, वह अत्यंत गलत और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से अपने आप को पूर्ण रूप से अलग करती है।

### कांग्रेस देश को बांटना चाहती है : भाजपा

भाजपा ने पित्रोदा की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव आगे बढ़ रहा है, विपक्षी पार्टी का मुखौटा उतरता जा रहा है। पार्टी ने दावा किया कि पित्रोदा की नस्ली टिप्पणियों ने देश को नस्ल, धर्म और जाति के आधार पर बांटने की कांग्रेस की कोशिश को उजागर किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी बोले-आज मैं गुस्से में हूं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सैम पित्रोदा की टिप्पणियों को लेकर बुधवार को विपक्षी दल पर निशाना साधा। तेलंगाना में प्रचार करते हुए मोदी ने कहा कि मैं आज गुस्से में हूं। अगर कोई मुझे गाली देता है तो मुझे गुस्सा नहीं आता। मैं बर्दाश्त कर सकता हूं। लेकिन शहजादे के दार्शनिक ने इतनी बड़ी गाली दे दी, जिससे मुझे गुस्सा आ गया है। मोदी ने पूछा, "क्या मेरे देश में त्वचा के रंग के आधार पर लोगों की क्षमता तय होगी?

## जीएसटी वसूली के लिए जबरदस्ती धमकी का तरीका न अपनाए केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

### सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार को निर्देश



- पीठ ने कहा : जीएसटी कानून के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं जो बल के इस्तेमाल का अधिकार देता हो

जीएसटी वसूली के लिए कारोबारियों को धमकाने और उनसे जोर जबरदस्ती न करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि तलाशी और जब्ती अभियानों के दौरान उन्हें स्वेच्छा से बकाया चुकाने के लिए मनाया जाए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, एम.एम. सुंदरेश और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि जीएसटी कानून के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो अधिकारियों को बकाया राशि के भुगतान के लिए बल के इस्तेमाल का अधिकार देता हो। शीर्ष अदालत की यह पीठ जीएसटी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों का परीक्षण कर रही है।

पीठ ने कहा कि जीएसटी नहीं भरने वालों को सोचने-समझने, सलाह लेने और देनदारी पूरी करने के लिए तीन-चार दिन का समय देना होगा। केंद्र की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने जीएसटी वसूली के दौरान अतीत में बल प्रयोग होने की आशंका को खारिज न करते हुए कहा कि तलाशी और जब्ती के दौरान ज्यादातर भुगतान स्वैच्छिक ही हुए हैं। उन्होंने जीएसटी अधिनियम पर चली लंबी सुनवाई में कहा कि वसूली के दोनों तरीकों की संभावना है लेकिन ज्यादातर भुगतान स्वेच्छा से या वकील से परामर्श कर कुछ दिनों के बाद किए जाते हैं। हां, अतीत में कुछ उदाहरण हो सकते हैं लेकिन यह मानक नहीं है। इस पर पीठ ने कहा कि कई याचिकाकर्ताओं ने अधिकारियों पर तलाशी और जब्ती अभियान के दौरान धमकी और जबरदस्ती करने के आरोप लगाए हैं।

जब अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि कई बार कथित अपराधी करों से बचने के लिए विभिन्न तरीके अपनाते हैं तो पीठ ने कहा उन्हें गिरफ्तार करें लेकिन यह सख्ती से कानून के तहत निर्धारित प्रक्रिया के तहत होना चाहिए। जीएसटी अधिनियम की धारा 69 के तहत गिरफ्तारी का प्रावधान है। एक याचिकाकर्ता के वकील सुजीत घोष ने कहा कि कानून के तहत प्रदान किए गए सुरक्षा उपायों को लागू नहीं किया गया है और इसके बजाय लोगों को भुगतान करने के लिए गिरफ्तारी की धमकी दी जाती है। जीएसटी अधिनियम, सीमा शुल्क अधिनियम और धनशोधन निवारण अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली 281 याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान पीठ ने राजू से कहा कि जीएसटी कानून में नियंत्रण एवं संतुलन का प्रावधान है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सुरक्षा उपाय किए गए हैं। धारा 69 (गिरफ्तार करने की शक्ति) और धारा 70 (समन करने की शक्ति) का कड़ाई से अनुपालन होना चाहिए। जब विधायिका ने सुरक्षा उपाय किए हैं तो उन्हें कड़ाई से लागू करने की जरूरत है। इस मामले में सुनवाई पूरी नहीं हो पाई है और यह गुरुवार को भी जारी रहेगी।

## ईवीएम का बटन ऐसे दबाना कि इटली में लगे झटका : शाह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा/लखीमपुर खीरी

- गठबंधन सत्ता में आया तो राम मंदिर पर लग जाएगा बाबरी ताला

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कन्नौज में भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के पक्ष में आयोजित जनसभा में इंडिया गठबंधन पर जोरदार हमला बोला। परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले राजनीतिक दलों को लेकर शाह ने कहा कि उनको परिवार के अलावा कुछ नहीं दिखता।

उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि ईवीएम का इतनी जोर से बटन दबाना कि झटका इटली में लगे। कहा कि अमेठी से हारे तो वायनाड गए और अब रायबरेली। राहुल अब रायबरेली से भी हारने वाले हैं, हारने के बाद इटली जाएं तो कांग्रेस का भला हो जाए। यह भी कहा कि राहुल हिंदुस्तान में बैठकर पाकिस्तान का काम करते हैं। तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कन्नौज से चौथी बार पार्टी से चुनाव लड़ रहे सांसद सुब्रत पाठक के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की। वहीं लखीमपुर खीरी में गृह मंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद अगर धोखे से भी इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो ये लोग राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे।

## पूर्व विधायक की बेटी से यौन उत्पीड़न, वीडियो वायरल की धमकी देकर वसूले तीन करोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 6 मई को बैंक गई पीड़िता को रिवाल्वर तानकर धमकाया
- विरोध करने पर चेहरे पर तेजाब डालने की दी धमकी

**अमृत विचार :** अमरोहा जिले के पूर्व विधायक की बेटी से पांच वर्ष तक दुष्कर्म और ब्लैकमेल कर तीन करोड़ रुपये वसूलने का मामला सामने आया है।

आरोपी ने उसे डरा-धमकाकर फ्लैट भी ले लिया और अब जमीन, पेट्रोल पंप भी अपने नाम कराने के लिए दबाव बना रहा था। इसके बाद पीड़िता एसएसपी से मिली और मंगलवार को उसने सिविल लाइंस थाने में यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया। एफआईआर में आरोपी आसिफ अली उर्फ शिबली चौधरी, उसके भाई विक्की चौधरी, भाभी फरहाना और भतीजे फहत को नामजद किया है। आरोपी आसिफ अली सपा नेता बताया जा रहा है।

पीड़िता ने बताया कि 6 मई 2024 दोपहर एक बजे वह अपनी बहन एवं ड्राइवर के साथ बैंक गई थी। बैंक से बाहर निकलने पर उसे आरोपी आसिफ अली बेटे फहत के साथ मिल गया। फहत उसके ड्राइवर पर रिवाल्वर तानकर धमका रहा था। पीड़िता ने विरोध किया तो चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी दी।

पीड़िता का आरोप है कि आसिफ अली उर्फ शिबली चौधरी, निवासी सी-131 जिगर कालोनी, मुरादाबाद उसे वर्ष 2019 से परेशान कर रहा है। आरोपी उसके बीमार पिता की देखभाल करता था। उसी दौरान उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म कर न्यूड तस्वीरें खींच ली थीं। उसी के बाद से वह उसे ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता रहा। इस बीच उसने पीड़िता से तीन करोड़ रुपये वसूल लिए और सुपर टेक में एक फ्लैट भी ले लिया। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर 10 मई को आदेश



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर 10 मई को अपना आदेश सुनाएगा। गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि हम शुक्रवार को अंतरिम जमानत पर आदेश सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर उस दिन सुनवाई भी होगी।

## हेड और अभिषेक के नाम दर्ज हुआ नया रिकॉर्ड

- महज 9.4 ओवर में हासिल किया 166 रन का लक्ष्य

हैदराबाद, एजेंसी

राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम बुधवार को रचे गए इतिहास का गवाह बना। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की जोड़ी ने वो कर डाला है, जो आईपीएल में आजतक नहीं हुआ। लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में हेड और अभिषेक ने मिलकर 166 रन के लक्ष्य को सिर्फ 9.4 ओवर में चेज कर दिया। हैदराबाद की सलामी जोड़ी ने आईपीएल की रिकॉर्ड बुक में अपना नाम जोड़ दिया।



इतिहास रचने के बाद एक-दूसरे को गले लगाते ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा।

### अब तक की सबसे बड़ी जीत

सनराइजर्स हैदराबाद ने 62 गेंद शेष रहते हुए सफलतापूर्वक लक्ष्य हासिल किया। गेंदों के लिहाज से आईपीएल इतिहास की हैदराबाद ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने साल 2022 में 57 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य को हासिल किया था।

## इस्लाम मानने वाले को लिव-इन में रहने का अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

### महत्वपूर्ण टिप्पणी

- कोर्ट ने कहा, रूढ़ियाँ व प्रथाएं भी हैं विधि का समान स्रोत

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक शादीशुदा मुस्लिम व्यक्ति व हिन्दू लड़की की लिव-इन रिलेशन में रहने के दौरान सुरक्षा की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि इस्लाम को मानले वाले को लिव-इन में रहने का अधिकार नहीं है। विशेषतः जब वह शादीशुदा हो और उसकी पत्नी या पति जीवित हो। न्यायालय ने कहा कि रूढ़ियाँ व प्रथाएं भी विधि का समान स्रोत हैं। संविधान का अनुच्छेद 21 ऐसे रिश्ते के अधिकार को मान्यता नहीं देता जो रूढ़ियों व प्रथाओं से प्रतिबंधित हो। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने लड़की को उसके माता-पिता के पास पहुंचाने का आदेश पुलिस को दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव प्रथम की खंडपीठ ने उक्त व्यक्ति व युवती की याचिका पर पारित किया। याचियों का कहना था कि वे बालिग हैं और अपनी मर्जी से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। बावजूद इसके युवती के भाई द्वारा मामले में अपहरण का आरोप लगाते हुए बहराइच के विशेश्वरगंज थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि याचिका में इस तथ्य का उल्लेख किया गया है कि याची शादाब खान पहले से शादीशुदा है व उसकी पाँच साल की एक बेटी है। लेकिन साथ ही यह भी लिखा है कि उसने छह माह पहले अपनी पहली बीवी को तीन तलाक दे दिया है। न्यायालय ने यह भी पाया कि वर्तमान याचिका के पहले भी एक याचिका इन्हीं याचियों की ओर से दाखिल की गई थी, जिसे 25 अप्रैल को एफआईआर दर्ज हो जाने के कारण वापस ले लिया गया था।

## जेपी नड्डा व मालवीय को पुलिस ने तलब किया

- सोशल मीडिया पर धमकी मामला

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में बेंगलुरु पुलिस ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोगों को डराने वाले एक विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय को समुदाय किसी विशिष्ट उम्मीदवार को वोट देने के ख़िलाफ़ मामले में तलब किया है। नड्डा और मालवीय दोनों को बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में जांच में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। समन में नोटिस प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर सुबह 11 बजे हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में नामित जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

## एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीके वापस मंगाए

नई दिल्ली/लंदन, एजेंसी



- बाजार में उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को बताया वजह
- कंपनी ने टीकों से लोगों में दुर्लभ दुष्प्रभाव की बात कही थी
- इन टीकों को भारत में कोविशील्ड के नाम से बेचा गया था

ब्रिटेन की प्रमुख औषधि निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोविड-19 रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि महामारी के बाद से उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को देखते हुए इन्हें वापस मंगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। कंपनी ने कुछ दिन पहले यह स्वीकार किया था कि उसके टीकों के कारण खून के थक्के जमने और प्लेटलेट कम होने के मामले सामने आए हैं। एस्ट्राजेनेका ने सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के साथ मिलकर भारत को कोविशील्ड टीकों की आपूर्ति की थी। एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीकों को भारत में कोविशील्ड और यूरोप में 'वैक्सजेवरिया' के नाम से बेचा था।

यूरोपीय संघ (ईयू) की औषधि नियामक यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी ने मंगलवार को एक नोटिस जारी कर पुष्टि की कि मार्च में एस्ट्राजेनेका द्वारा मंजूरी वापस लेने के बाद वैक्सजेवरिया अब ईयू के 27 सदस्य देशों में इस्तेमाल के लिए अधिकृत नहीं है। एस्ट्राजेनेका के बयान में कहा गया कि यूरोप में वैक्सजेवरिया के लिए विपणन मंजूरी को वापस लेने का निर्णय लिया है। बयान में कहा गया है कि चूंकि कई प्रकार के कोविड -19 टीके विकसित हो चुके हैं, इसलिए उपलब्ध टीकों की संख्या अधिक है। इससे 'वैक्सजेवरिया' की मांग में गिरावट आई है, जिसका उत्पादन या आपूर्ति अब नहीं की जा रही है।

### तीन अरब से अधिक टीकों की आपूर्ति की थी

स्वतंत्र अनुमान के अनुसार टीकों का इस्तेमाल शुरू होने के बाद के पहले वर्ष में 65 लाख से अधिक लोगों की जान बचाई गई और दुनियाभर में तीन अरब से अधिक खुराकों की आपूर्ति की गई। कंपनी ने कहा कि हमारे प्रयासों को दुनिया भर की सरकारों ने मान्यता दी है और इन्हें व्यापक रूप से वैश्विक महामारी को समाप्त करने का एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है।

इससे पहले, वैश्विक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन के बहुत ही दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

## एक नजर

### रक्षामंत्री आज प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी में होंगे शामिल



**अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9 मई को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री का गुरुवार शाम 4 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर आगमन होगा। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री कालिदास मार्ग स्थित आवास जाएंगे। शाम 6 बजे गोमती नगर विस्तार स्थित सिटी मांटेसरी कैंब्रिज शाखा में प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी में शामिल होंगे। शुक्रवार को सुबह 10 बजे कालीदास मार्ग स्थित आवास से एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। एयरपोर्ट से 10 :30 बजे देवघर झारखंड के लिए रवाना होंगे।

### एनडीए प्रत्याशी के लिए रालोद ने घर-घर वोट मांगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** रालोद के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में 'घर-घर गली-गली' प्रचार प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी शुरूआत बुधवार को प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल के द्वारा लखनऊ के यदुनाथ सान्याल वार्ड के कटरा मकबूल गंज क्षेत्र में हुई। एनडीए प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में घर-घर जाकर वोट मांगे और भारी वोटों से जिताने की अपील की। इस मौके पर यदुनाथ सान्याल वार्ड के भाजपा के संजू पाण्डेय एवं पार्षद दल के उप नेता सदन सुशील तिवारी पम्मी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने बुद्धिजीवियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ पूर्वी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने इंसाफ नगर में बुद्धिजीवी वर्ग के साथ बैठक की। इसके पूर्व बुधवार को प्रचार अभियान की शुरुआत विकास नगर से की। मुकेश सिंह चौहान ने मानस एनक्लेव, पेपर मिल समेत कई स्थानों पर लोगों से मुलाकात की। उनके साथ पूर्व पार्षद लेखराज सोनकर, कांग्रेस नेता अकील अख्तर, पूर्व पार्षद हेमा आदि नेता शामिल रहे।

# राम मंदिर पर सत्तापक्ष और विपक्ष में संघर्ष तेज

## योगी और अमित शाह ने राहुल-अखिलेश को हिंदू व राम मंदिर का विरोधी ठहराया | अखिलेश बोले- हम भी राम समर्थक, प्रियंका ने कहा- राहुल के खिलाफ भाजपा का दुष्प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का चौथा चरण करीब है और इस बीच राम मंदिर को लेकर राजनीतिक बयानबाजियां तीखीं होती जा रहीं हैं। प्रदेश में चुनावी जनसभाएं करने पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को सीधेतौर पर हिंदू व राम मंदिर का विरोधी ठहरा दिया। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने अपने-अपने बयानों में इस आरोप को बेबुनियाद ठहराया है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी निरंतर कांग्रेस और सपा को राम मंदिर का विरोधी बताते आ रहे हैं। बुधवार को भी उन्होंने इसी कड़ी में आगे कहा, यह सनातन सत्य है कि रामद्रोहियों का पतन हमेशा हुआ है।

दरअसल, यह मुद्दा मंगलवार को उस वक्त और गरमा गया जब सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव ने अयोध्या के राम मंदिर निर्माण को वास्तु की नजर से सही न ठहराते हुए इसे बेकार करार दे दिया। हालांकि बुधवार को मीडिया से इस संबध में उठे एक सवाल के जवाब में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि हम भगवान राम के विरोधी नहीं हैं। हम सब भगवान को मानते हैं।

वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली में पार्टी नेता राहुल गांधी के बचाव में कहा कि भाजपा की ओर से ऐसी प्रतिक्रियाएं राहुल की छवि खराब करने को लेकर है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि, भाजपा धर्म, जाति और मंदिर-मस्जिद के बारे में बात करती है लेकिन लोगों से जुड़े वास्तविक मुद्दों के बारे में बात नहीं करती।

### कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन जैसा



**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा जाना अपने आप में हास्यास्पद है। वास्तव में यह अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के प्रति, भारत की सनातन आस्था के प्रति अन्याय पत्र है। कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन के जैसा है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का प्रतिनिधित्व करता हो, इससे ज्यादा शर्मनाक दूसरा कुछ और नहीं हो सकता। बुधवार को अलग-अलग जिलों में चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, देश को जाति, भाषा, क्षेत्र के आधार पर बांटने की कुचेष्टा कांग्रेस ने की थी। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जिस प्रकार की बातों का उल्लेख किया है, यह भारत की सनातन आस्था पर प्रहार तो है ही, समाज में वर्ग संघर्ष की स्थिति को पैदा करने वाला है।

# 7वां चरण : 14 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 7वें चरण के चुनाव में बुधवार को 14 लोकसभा प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस चरण में 14 मई नामांकन की अंतिम तारीख है। एक जून को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि महराजगंज में एक, गोरखपुर में दो, कुशीनगर में एक, देवरिया में दो, घोसी में दो, सलेमपुर में एक, गाजीपुर में एक, चंदौली में एक, वाराणसी में दो व मिर्जापुर में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब तक कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। महराजगंज सीट के लिए निर्दलीय प्रत्याशी छेदी मजदूर ने नामांकन किया। गोरखपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अल-हिन्द पार्टी से श्रीराम प्रसाद व निर्दलीय प्रत्याशी में राधेश्याम सेहरा ने नामांकन किया। कुशीनगर सीट के लिए अपना दल यूनाइटेड पार्टी से अमीरूद्दीन ने नामांकन किया। देवरिया क्षेत्र के लिए जनता समता पार्टी से मुक्तिनाथ सिंह व निर्दलीय प्रत्याशी हरिकेश ने नामांकन किया। घोसी क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से बाल कृष्ण व जनराज्य पार्टी से राम नरेश यादव ने नामांकन किया। सलेमपुर क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से रवीन्द्र ने नामांकन किया। वहीं कई अन्य प्रत्याशियों ने भी पर्चा दाखिल किया।

# भाजपा ने परोसी महंगाई और बेरोजगारी

## कांग्रेस नेता गुरदीप सप्पल ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



संबोधित करते कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य गुरदीप सप्पल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के राजनीतिक सलाहकार गुरदीप सप्पल ने कहा कि पिछले 10 सालों में अच्छे दिन के बजाय भाजपा ने देश के सामने महंगाई व बेरोजगारी परोसी है। कांग्रेस शासन में हुए विकास कार्यों पर रोक लगा दी दी गई है। तीन चरणों के चुनाव में मोदी सरकार के खिलाफ जनता का गुस्सा स्पष्ट हो चुका है। सप्पल बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दस साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी अभियान में 'वन रैंक, वन पेंशन' की बात करते थे, वह अग्निवीर योजना के आ जाने के बाद 'नो रैंक, नो पेंशन' पर पहुंच गई है। दस साल पहले मोदी जिस कश्मीर नीति को पूरी दुनिया में अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि बताते नहीं थकते थे, 10 साल बाद भाजपा कश्मीर में अपने उम्मीदवार चुनाव में उतारने तक से घबरा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा दिया था, पर भाजपा सरकार में बेटियों पर अत्याचार करने वाले भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह और प्रज्वल रेवन्ना पर कार्रवाई करने की हिम्मत भाजपा नहीं कर पा रही है।

### अफजाल और नुसरत दोनों खरीदेंगे पर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में अफजाल अंसारी और उनकी बेटी नुसरत दोनों पर्चा खरीदने जा रहे हैं। सुनवाई के दौरान फैसला अफजाल के पक्ष में आने पर अफजाल स्वयं लड़ेंगे अन्यथा नुसरत को प्रत्याशी माना जाएगा। यह फैसला इंडी गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व ने भी लिया है। गौरतलब हो कि अफजाल अंसारी की सजा पर इलाहाबाद हाईकोर्ट 13 मई को सुनवाई करेगा। ऐसी स्थिति में फैसला उनके पक्ष में भी आ सकता है और विपक्ष में भी। इसी को ध्यान में रखते हुए इंडी गठबंधन ने दोनों को पर्चा खरीदने का निर्देश दिया है। अफजाल स्वयं भी इस पक्ष में थे कि उनके अलावा बेटी भी पर्चा खरीदे। उधर, नुसरत लगातार अपने पक्ष में चुनाव प्रचार भी कर रही हैं।

# प्रदेश अध्यक्ष बदला तो राष्ट्रीय अध्यक्ष क्यों नहीं

## भाजपा सांसद बृजलाल ने सपा के फैसले पर कसा तंज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने कहा कि तीन चरणों के मतदान के बाद स्पष्ट हो गया है कि देश में भाजपा और एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुनः सरकार बनाने जा रहा है। बृजलाल बुधवार को भाजपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सपा की हालत इतनी खराब है कि पार्टी ने अचानक प्रदेश अध्यक्ष बदल दिया। सपा द्वारा बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष अब अपने चुनाव में व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें क्षेत्र भेजा गया। ऐसे में राष्ट्रीय अध्यक्ष भी तो चुनाव लड़ रहे हैं।

▸▸ **कहा, सपा ने बताया था कि स्वयं के चुनाव में व्यस्त होने के कारण प्रदेश अध्यक्ष को हटाया**



राज्यसभा सदस्य बृजलाल।

वह पद पर क्यों विद्यमान हैं। कहा कि आम जनमानस में भाजपा के प्रति व्यापक जनसमर्थन है। इसलिए विपक्षी गठबंधन के नेता हताश और निराश हैं और अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। बृजलाल ने कहा कि भाजपा को समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है, इससे विपक्षी भी हताश और निराश हैं। कहा कि इंडी अलायंस के नेताओं ने पहले चुनाव को मजहबी रंग देने का काम किया। अब वे जाति और रंग के आधार पर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं।

जनता इनके मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगी। कहा कि सपा प्रमुख को दलित याद आ रहे हैं, जबकि उनके गठबंधन के नेता ओबीसी और दलितों के आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को आरक्षण देने की पैरोकारी कर रहे हैं। लालू प्रसाद यादव ने तो इसके समर्थन में बयान दिया, कांग्रेस ने कर्नाटक में क्या किया किसी से छुपा नहीं है।

# 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए : मुकेश

## कहा, राजनाथ ने 54 हजार करोड़ के विकास कार्य कराए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कश्यप समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा व अन्य भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। गरीबों के हित में सरकार ने काम किया। उक्त बात लखनऊ लोकसभा चुनाव संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने कश्यप समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम पहले मतदान फिर जलपान कार्यक्रम के दौरान कही।

एमएलसी मुकेश ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में 54 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि भगवान राम को नैय्या पार लगाने का काम भी समाज के केवट ने किया था। समाज के लोग तय कर लें कि रक्षामंत्री को भारी मतों से विजयी बनाना है। कश्यप स्वाभिमान चेतना समिति उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ब्रज मोहन कश्यप के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कश्यप समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि कश्यप समाज भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के प्रति समर्पित है। उन्होंने राजनाथ सिंह को 5 लाख से अधिक वोटों से जीत दिलवाने का संकल्प लिया। इस दौरान अंजनी श्रीवास्तव, हरिशंकर चौहान आदि मौजूद रहे।

### रक्षा राज्य मंत्री भट्ट पहुंचे लखनऊ, हुआ स्वागत



अजय भट्ट का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट बुधवार शाम लखनऊ पहुंचे। चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर पर्वतीय समाज एवं भूतपूर्व सैनिकों ने उनका स्वागत किया। भट्ट को श्रीराम नाम का फटका भेंट किया गया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री गुरुवार से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का चुनाव प्रचार करेंगे। साथ ही पर्वतीय समाज के लोगों के साथ बैठक कर संवाद करेंगे। वहीं बुधवार को अजय भट्ट ने लखनऊ पूर्व विधानसभा से उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के समर्थन में प्रचार किया। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से भारतीय जनता पार्टी को अधिक से अधिक मतों से विजय बनाने की अपील की। उनके समर्थन में पत्नी किरन श्रीवास्तव ने गोमती नगर स्थित विनय खंड में कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार अभियान में भाग लिया।

# 14 हजार किसानों को मिली क्षतिपूर्ति

## 2 व 3 मार्च को बारिश-ओलावृष्टि से बर्बाद हुई थीं फसलें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अमृत विचार में लगातार मुद्दा उठने पर प्रदेश में रबी फसलों के व्यक्तिगत दावों का बीमा कंपनियों ने भुगतान कर दिया है। करीब 14 हजार किसानों को फसल क्षतिपूर्ति के 18 करोड़ रुपये मिले हैं। जो कंपनियां बचाने में लगी थीं। इसमें ज्यादा क्लेम महोबा के किसानों को मिला है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित रबी की फसल गेहूं, आलू, सरसों, जौं, मटर, सरसों, मसूर आदि 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हो गईं थी। किसानों ने टोल-फ्री नंबर पर कॉल कर क्षतिपूर्ति के लिए व्यक्तिगत दावा किया था। बीमा कंपनियों को 15 दिन के अंदर सर्वे और मूल्यांकन कर एक माह के अंदर क्षतिपूर्ति का भुगतान करना था। लेकिन, क्लेम बचाने के चक्कर में कंपनियों ने तय पर प्रक्रिया नहीं की और भुगतान से बचती रहीं। अमृत विचार ने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। कृषि निदेशालय ने संज्ञान लेकर कंपनियों को कार्रवाई की चेतावनी दी। इस पर कंपनियों ने 14 हजार किसानों को 18 करोड़ रुपये भुगतान कर दिया है। उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी उमा शंकर सिंह ने बताया कि सभी व्यक्तिगत दावों का भुगतान कर दिया है। सबसे ज्यादा क्लेम महोबा में करीब एक हजार किसानों को 66 लाख रुपये मिला है।

**खबर का असर**



पोर्टल की खराबी में फंसे आठ हजार दावे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मार्च में बारिश से बर्बाद फसलों का नहीं हुआ आकलन

▸▸ 30 दिनों का होता समय, आकलन और क्लेम तय नहीं

अमृत विचार : मार्च में बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों की क्षतिपूर्ति का किसानों को भुगतान

14 अप्रैल, 2024 को अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

# आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले में 25 और नाम सामने आए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हैं शामिल, ट्रेस की जा रही लोकेशन, गिरफ्तारी जल्द**

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ परीक्षा और सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने वाले 25 और शातिर एसटीएफ की रडार पर हैं। तफ्तीश के दौरान पता चला है कि ये लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रश्नपत्र लीक कराने वालों के रैकेट में शामिल थे।

गौरतलब हो कि एसटीएफ और उप्र. पुलिस की टीम ने पेपर लीक कराने में शामिल 196 शातिरों को अब तक गिरफ्तार कर चुकी है। इनसे हुई पूछताछ के दौरान 25 उन शातिरों के नाम सामने आए हैं, जो इस प्रश्नपत्र लीक कांड से जुड़े हुए थे। एसटीएफ इन आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर रही है। इसके अलावा सक्रिय 29 गिरोहों का पता लगाकर कार्रवाई शुरू की है।

### ईडी भी करेगी जांच

उधर, प्रवर्तन निदेशालय भी इस प्रकरण की जांच करने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने मामला भी दर्ज कर लिया है। जल्द ही निदेशालय के अधिकारी एसटीएफ से अभिलेख प्राप्त करेंगे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, दोनों परीक्षाओं से जुड़े 16 मास्टरमाइंड पर ईडी की विशेष नजर है।

# 75 सरकारी अस्पतालों से मोबाइल फोन पर मिलने लगी खून की जांच रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 75 सरकारी अस्पतालों से मरीजों को उनके मोबाइल फोन पर खून की जांच रिपोर्ट दी जाने लगी है। जल्द ही शेष करीब 275 अस्पतालों में यह सुविधा शुरू कर दी जाएगी। अब मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर के मुताबिक राजधानी के बलरामपुर अस्पताल, लोकबंधु, सिविल अस्पताल, झलकारी बाई, रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल, ठाकुरगंज जिला अस्पताल और राम सागर मिश्रा अस्पताल में मरीजों को ऑनलाइन जांच रिपोर्ट दी जा रही है। पूर्वी उप्र. में प्रयागराज व वाराणसी के चार-चार अस्पताल, अयोध्या व बस्ती के तीन-तीन, बलरामपुर, मऊ व बाराबंकी के दो-दो, आजमगढ़, बलिया, गोण्डा, जौनपुर, कुशीनगर, भदोही, चंदौली, रायबरेली, संतकबीरनगर, श्रावस्ती और सीतापुर के एक-एक अस्पताल में भी ऑनलाइन जांच रिपोर्ट भेजने की शुरूआत हो चुकी है।

इसी तरह मध्य उप्र. में कानपुर व महोबा के दो-दो, उन्नाव, उरई व मैनपुरी के एक-एक अस्पताल में यह सुविधा काम कर रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद व रामपुर के तीन-तीन, बरेली, इटावा, आगरा, फर्रुखाबाद, हाथरस, मुजफ्फरनगर, ललितपुर, मुरादाबाद के दो-दो और सीतापुर, अमरोहा, बदायूं, बिजनौर, कन्नौज, पीलीभीत, बुलंदशहर, सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर के एक-एक अस्पताल में मोबाइल पर रिपोर्ट भेजने की सुविधा मरीजों को मिल रही है।

### ऐसे मिलेगी ऑनलाइन रिपोर्ट

जांच के लिए खून का नमूना लेने के साथ ही मरीज का नाम व मोबाइल नंबर पंजीकृत कर लिया जाएगा। पहले रिपोर्ट तैयार होने का मैसेज भेजा जाएगी और फिर रिपोर्ट का लिंक भेजा जाएगा जिससे मरीज रिपोर्ट डाउनलोड कर सकेंगे।

> सरकारी अस्पताल में लैब जांच की रिपोर्ट मोबाइल पर एसएमएस के जरिए उपलब्ध होने से मरीजों और उनके परिवारवालों को सुविधा होगी और उन्हें दोबारा सिर्फ रिपोर्ट लेने के लिए अस्पताल में आकर लाइन में नहीं लगना पड़ेगा और समय बचेगा।
>
> **-पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उप्र.**

### 2018 बैच के एमबीबीएस व बीडीएस की नियुक्ति के लिए काउंसलिंग 22 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पहली बार सरकारी कॉलेज से एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण करने वाले चिकित्सकों को सरकारी मेडिकल कालेजों में अनिवार्य सेवाबांड के तहत तैनात किया जायेगा। साल 2018 बैच के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को दो साल के लिए कॉलेजों में बतौर नॉन पीजी जूनियर रेजीडेंट, डिमांस्ट्रेटर, ट्यूटर के पद पर नियुक्त किया जायेगा। ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से होने वाली नियुक्ति के लिए पंजीकरण 22 मई से शुरू होंगे और मनपसंद कॉलेज की प्राथमिकताएं 28 मई को देनी होगी। इस दौरान अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन किया जायेगा। इसके बाद अभ्यर्थियों को तीन जून तक कॉलेजों की प्राथमिकता देनी होगी और तीन जून को परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे, आवंटन पत्र को लेकर 10 जून तक अभ्यर्थियों को संबन्धित कॉलेज में ज्वाइन करना होगा।

# प्रदेश में खाकी के दामन पर ही लग रहे रिश्वतखोरी के सबसे ज्यादा दाग

## भ्रष्टाचार निवारण संगठन के शिकंजे में हर महीने फंस रहे पुलिसकर्मी, राजस्वकर्मियों पर कार्रवाई का आंकड़ा दूसरे पायदान पर

गजेंद्र पांडेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** रिश्वतखोर पुलिसवाले खाकी के दामन को हर महीने दागदार कर रहे हैं। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की कार्रवाइयों में हर महीने कोई न कोई पुलिसवाला सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। घूसखोरी के इस खेल में दूसरे नंबर पर राजस्वकर्मी शामिल हैं। विभागीय आंकड़े के मुताबिक, आय से अधिक संपत्ति के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। एंटी करप्शन टीम के अफसरों का कहना है कि 16 महीने में 15 कार्रवाई हुई, जिसमें पांच पुलिसवाले रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए।

एंटी करप्शन की टीम ने जनवरी 2023 से अप्रैल 2024 तक यानी 16 महीने में प्रदेशभर में भ्रष्ट अफसर कर्मियों पर नकेल कसने का भरपूर प्रयास किया है। शिकायत पर एंटी करेप्शन की टीम ने पीड़ित से मिलकर आरोपियों के हाथों में केमिकल लगे नोट पकड़ा कर करीब 1.58 लाख रुपये की घूसखोरी का खुलासा किया है। टीमों ने सीतापुर में कोषागार के लेखाकार, रायबरेली में लेखपाल, हरदोई में उपनिरीक्षक, लखीमपुर में एडीओ पंचायत और लखनऊ में पुलिस कर्मियों, निगम कर्मी, कोषागार के बाबू आदि को घूस लेते पकड़ा है।

### इन विभागों के कर्मियों पर हुई कार्रवाई

पांच पुलिसकर्मी पर, कलेक्ट्रेट के कोषागार व अभिलेखागार के दो कर्मी, राजस्व विभाग के दो कर्मी, नगर निगम के दो राजस्व निरीक्षक, एक पूर्ति निरीक्षक का बाबू, एक एडीओ पंचायत, एक एलडीए का वेलदार, अभियंत्रण विभाग का एक बाबू शामिल है।

### इन पुलिसकर्मियों पर दर्ज हुए मामले

▸▸ 13 जून, 2023 : बख्शी का तालाब थाने में तैनात उप निरीक्षक प्रदीप पांडेय को 13 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ बीकेटी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

▸▸ 20 अगस्त, 2023 : सीतापुर जनपद के कलेक्ट्रेट कार्यालय कोषागार परिसर में अंबेडकर नगर निवासी लेखाकार रमेश चंद्र को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा गया। नगर कोतवाली सीतापुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

▸▸ 12 सितंबर, 2023 : रायबरेली जनपद की तहसील सदर के लेखपाल ओम प्रकाश मिश्र निवासी रायबरेली रोड, वृंदावन योजना सेक्टर 10/450 को तहसील सदर के बाहर रोड पर पीड़ित से 5 हजार रुपये घूस लेते पकड़ा गया था।

▸▸ 25 सितंबर, 2023 : हरदोई जनपद अंतर्गत हरियांवा थाने में तैनात बलिया निवासी उप निरीक्षक राम आशीष सिंह को 10 हजार रुपये घूस लेते एंटी करप्शन की टीम ने पकड़ा था। उसके खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

▸▸ 4 नवंबर, 2023 : बंथरा थाना अंतर्गत हरौनी पुलिस चौकी इंचार्ज निवासी भुजौली, जनपद देवरिया को एंटी करप्शन टीम ने पीड़ित से 10 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा था।

▸▸ 18 नवंबर, 2023 : लखनऊ नगर निगम में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात हरदोई जनपद के सुरसा थाना अंतर्गत सरैंया निवासी सुबोध कुमार वर्मा को पीड़ित से 12 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा गया था।

▸▸ 19 दिसंबर, 2023 : उन्नाव के सफीपुर तहसील स्थित पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में तैनात बाबू अमन इटावा जसवंत नगर को एंटी करप्शन टीम ने पीड़ित से 3 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा था।

▸▸ 28 दिसंबर, 2023 : लखीमपुर खीरी स्थित मोहम्मदी तहसील परिसर से कानून गो अशोक कुमार निवासी जनपद हरदोई, कस्बा बघौली और निजी मुंशी अनंगपाल सिंह को पीड़ित से 10 हजार रुपये घूस लेते एंटी करप्शन टीम ने रंगेहाथ पकड़ा था।

▸▸ 17 जनवरी, 2024 : लखनऊ नगर निगम जोन 6 की राजस्व निरीक्षक नीलम साहू निवासी शक्तिनगर थाना आलमबाग को एंटी करप्शन की टीम ने पीड़ित से 25 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा था।

▸▸ 23 फरवरी, 2024 : माल थाने में तैनात हल्का दरोगा बलकरन सिंह निवासी स्योहारा जिला बिजनौर को एंटी करप्शन टीम ने पीड़ित से 5 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा था।


> पीड़ित या अन्य व्यक्ति की तरफ से किसी भी विभाग के अफसर या कर्मी के खिलाफ मिली शिकायत के आधार पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की गई है। विभाग की तरफ से घूस मांगने वालों की शिकायत करने के लिये आमजनता को जागरूक भी किया जा रहा है। विभाग ने कंट्रोल रूम का टोल फ्री नंबर 9454402484 भी जारी किया है। इस नंबर पर पीड़ित कॉल कर घूस मांगने से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत मिलने पर पीड़ित से संपर्क कर तत्काल कार्रवाई की जायेगी। **-राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसपी, एंटी करप्शन**

### इन पर आय से अधिक संपत्ति बनाने के मामले दर्ज

▸▸ 17 जनवरी, 2024 : लखनऊ के गाजीपुर थाने के तत्कालीन प्रभारी राकेश सिंह के खिलाफ घूसखोरी व भ्रष्टाचार कर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत की गई थी। एंटी करप्शन टीम को जांच में आरोप सही मिले। इसके आधार पर एंटी करप्शन टीम ने गाजीपुर थाने में उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

▸▸ 13 जनवरी, 2024 : वृंदावन योजना अंतर्गत मुख्यालय स्थिति अभियंत्रण अनुभाग में बाबू के पद पर तैनात राजेन्द्र प्रसाद निवासी समधा, थाना औराई, जनपद संतरविदास नगर के खिलाफ घूसखोरी की शिकायत मिली थी। जांच में आय से अधिक संपत्ति मिलने पर एंटी करप्शन विभाग ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार की धाराओं में सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मामला दर्ज कराया था।

▸▸ 17 अक्टूबर, 2023 : लखनऊ विकास प्राधिकरण के वेलदार अशोक कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ एंटी करप्शन का भ्रष्टाचार व घूसखोरी की शिकायत मिली थी। जांच में मिले तथ्यों में आय से अधिक संपत्ति मिलने पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज


क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
20 वर्षों से अधिक अनुभव
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## शहर में आज



- नाट्य संस्था रंग संगम की ओर से नाटक एक बूंद का मंचन संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में सायं 7 .00 बजे।
- एएनजे चौक की ओर से लाइमलाइट डाइमंड ज्वेलरी के नये शोरूम का उद्घाटन लुलु माल में दोपहर 12 .15 बजे।

## एक नजर

### अलीगंज में आज रहेगी बिजली गुल

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज के कपूरथला चौराहे, एलडीए मार्केट, प्रगति बाजार, फत्तेपुर सहित आसपास के इलाके मे खराब कंडक्टरो और जर्जर पोल को बदलने का कार्य गुरुवार को किया जायेगा। इससे करीब पांच हजार की आबादी को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा।

### स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर का हुआ सफल ऑपरेशन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर से पीड़ित शाहजहांपुर निवासी सादिल (26) का जटिल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन दिया है। मरीज को छह महीने से चलने में समस्या हो रही थी। बलरामपुर अस्पताल के न्यूरो सर्जन डॉ. विनोद तिवारी ने मरीज को देखा सभी जांचें करने के बाद छह मई को ऑपरेशन किया। अस्पताल के निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया की इस रोग से दोनों पैरों को फालिश पड़ने का खतरा रहता है । तीन घंटे चले ऑपरेशन के दौरान मरीज को दो बार सुन्न किया गया। ट्यूमर को निकाल दिया। मरीज अस्पताल में भर्ती है। वह चल फिर रहा है। दो से तीन दिनों में उसे डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। ऑपरेशन टीम में डॉ. एमपी सिंह, डॉ. एएस चंदेल, डॉ. बीबी भट्ट, और नर्स दयावती शामिल रही।

# तेलीबाग की डिफेंस कॉलोनी में मिले डेंगू के दो मरीज

## गाय को चारा खिलाने वाली नांद में मिला लार्वा, खाली प्लाटों में साफ-सफाई और कराया गया छिड़काव

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : तापमान बढ़ने पर नगर निगम ने यह कहकर फॉगिंग बंद कर दी कि डेंगू का खतरा टल गया है। किंतु मंगलवार को तेलीबाग की डिफेंस कॉलोनी में डेंगू मरीज और बुधवार को लार्वा मिलने से नगर निगम का यह भ्रम दूर हो गया। इसके बाद नगर निगम की टीम डिफेंस कॉलोनी पहुंची और छिड़काव कराया। नगर स्वास्थ्य विभाग ने कॉलोनी की सविता कुमारी और प्रमोद कुमार को डेंगू होने की पुष्टि भी की है।

नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को दोनों मरीजों के घरों में कूलर आदि में जांच की। दोनों ही घरों में लार्वा नहीं मिला, लेकिन घरों में एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग कराई गई। इसके बाद टीम ने दोनों घरों के आसपास देखा। गाय को चारा खिलाने के लिए बनाई गई नांद में डेंगू के लार्वा मिले। टीम ने नांद, गाय बांधने के स्थान और आसपास की नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के साथ फॉगिंग की। भवन स्वामियों को नांद खाली करके सुखाने के निर्देश दिये। कालोनी में खाली पड़े कई प्लाट से कूड़ा साफ कराया गया। टीम ने कालोनी के निवासियों को डेंगू से बचाव के लिये जागरूक भी किया। बच्चों को पूरी आस्तीन के कपड़े पहनाने, घरों के आसपास सफाई रखने और घर व आसपास पानी न जमा होने देने के लिए जागरूक किया। ये भी कहा कि कूलर का पानी भी बदलते रहें।

### सिविल अस्पताल में भी डेंगू के तीन मरीज भर्ती



हजरतगंज स्थित सिविल अस्पताल में भी डेंगू के तीन मरीज भर्ती हुए हैं। अस्पताल के सीएमएस राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को सीतापुर निवासी उत्तम कुमार (56) रिंकी (28) और लखनऊ के हुसैनगंज निवासी रामपाल (45) को डेंगू होने की पुष्टि हुई है।




डिफेंस कालोनी में नांद में मिले डेंगू के लार्वा को देखते नगर निगम के स्वास्थ्य कर्मचारी और प्लाट में पड़ा कूड़ा साफ करते सफाईकर्मी। अमृत विचार

### नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के दावे की खुली पोल

डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित वैक्टिरिया जनित बीमारियों पर नियंत्रण के लिए चलाये गए एक महीने के संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की पोल खुल गयी है। एक से 30 अप्रैल तक शहर में नालियों और झाड़ियों की सफाई के साथ फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव करने का नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग का दावा फेल हो गया। अभियान खत्म होते ही डेंगू के मरीज मिलने शुरू हो गये हैं।

### लक्षण

- अचानक तेज बुखार आना।
- तेज सिरदर्द।
- जोड़ों और मांसपेशियों में तेज दर्द।
- आंखों के पीछे दर्द।
- जी मिचलाना।
- खुजली ।
- थकान। ● उल्टी करना।

### बचाव के उपाय

- घर के आसपास पानी न ठहरने दें।
- मच्छर रुके हुए पानी में पनपते हैं।
- मच्छर निरोधक से बचाव करें।
- फुल अस्तीन के कपड़े पहने, पैरों को भी ढके रहें।
- सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

## प्रीपेड मीटर को रिचार्ज करने में लापरवाही न बरतें

**अमृत विचार, लखनऊः** ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने बुधवार को कई उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रीपेड मीटर के स्टॉक को ब्योरा लिया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटर को रिचार्ज करने में लापरवाही न बरतें। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि उन्होंने कुर्सी रोड़ और बीकेटी के उपकेंद्र के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों और अधिकारियों को क्षेत्र में पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग कार्य करते रहने के लिए कहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए अधिकारियों को आदेश दिया। उपकेंद्र अधिकारियों को बकाये बिलों के समायोजन के साथ राजस्व वसूलने के लिए भी निर्देशित किया।

# लखनऊ से हज के लिए पहली उड़ान आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश से हज के लिए इस साल 18,010 लोग जायेंगे। हज की पहली उड़ान नौ मई को रवाना होगी। हज पर जाने वाली उड़ानों में 8080 हज यात्रियों को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना किया जायेगा। राज्य हज समिति के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि हज हाउस से चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक हज यात्रियों को पहुंचाने के लिए एसी बसों की व्यवस्था की गई है। बुजुर्ग हज यात्रियों के लिए लो फ्लोर बसों का इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि लखनऊ से पहली उड़ान नौ मई को और आखिरी उड़ान 24 मई को रवाना होगी।

उन्होंने बताया कि लखनऊ से रवाना होने वाले हज यात्रियों को उनके मोबाइल पर उड़ान से 48 घंटे पहले हज हाउस में रिपोर्ट करने का सन्देश भेजा जा चुका है। यात्री रोजाना सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के बीच हज हाउस पहुंचकर अपनी सीट सुनिश्चित करा सकते हैं। हज यात्री हज समिति की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in पर ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं लेकिन बुकिंग सुनिश्चित होने के बाद यात्रियों को दो दिन पहले हज हाउस आना होगा और उड़ान से एक दिन पहले अपना वीजा, पासपोर्ट और अन्य प्रपत्र राज्य हज समिति को मुहैया कराने होंगे।

# तीन दिन में दुरुस्त करा लें राजधानी की बिजली लाइनें और उपकरण

## लखनऊ को ट्रिपिंग रहित आदर्श बिजली क्षेत्र बनाना है : डॉ आशीष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शक्ति भवन में पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने की बिजली आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा
- बोले, गर्मियों में शटडाउन से बचना चाहिए

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने कहा कि राजधानी की बिजली आपूर्ति व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखी जाय। सभी अधिकारी अगले तीन दिन फीडर स्तर पर बिजली आपूर्ति की समीक्षा करें। बिजली लाइनों से लेकर सभी उपकरणों की जांच-परख कर तत्काल दुरुस्त कराएं। अध्यक्ष बुधवार को शक्ति भवन में राजधानी की बिजली आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।

डॉ आशीष ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी के पास फीडर स्तर की विस्तृत जानकारी होने चाहिए, ताकि किसी भी फाल्ट का समय से निस्तारण कराया जा सके। अध्यक्ष ने कहा कि 1912 पर प्राप्त सूचनाओं का भी तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि विद्युत सम्बन्धी कार्यों के लिये गर्मियों में 'शटडाउन' से बचना चाहिए। मीटर रीडिंग और बिलिंग शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराई जाए।

अध्यक्ष ने कहा कि लखनऊ को 'ट्रिपिंग रहित' एक आदर्श बिजली व्यवस्था वाला क्षेत्र बनाना है। इसके लिए हर अधिकारी-कर्मचारी अपने निर्धारित दायित्वों व लक्ष्यों को कठिन मेहनत और ईमानदारी के साथ पूरा करें। जो कार्मिक अच्छा काम करके परिणाम नहीं देंगे, उन्हें लखनऊ के बाहर स्थानांतरित किया जाएगा।

अध्यक्ष ने कहा कि कामर्शियल कार्य होने पर उपभोक्ताओं को कामर्शियल कनेक्शन दिया जाय। किसी भी उपभोक्ता को परेशान न किया जाय। बैठक को कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, मध्यांचल निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# लापरवाही पर बीकेटी एसडीओ और कल्याणपुर जेई निलंबित

- चार अधिशासी अभियंता व आठ अवर अभियंता को बताओ नोटिस

**अमृत विचारः** मध्यांचल वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारोत ने उपभोक्ताओं की शिकायतों की अनदेखी और निर्बाध बिजली आपूर्ति में असफल रहने पर बीकेटी विद्ययुत वितरण के उपखंड़ अधिकारी अशोक कुमार मौर्या और इंदिरा नगर कल्याणपुर उपकेंद्र के अवर अभियंता कुंवर विक्रम सिंह को निलंबित कर दिया।

चार अधिशासी अभियंता और आठ अन्य अवर अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। उपखंड अधिकारी को मुख्य अभियंता कार्यालय जानकीपुरम और अवर अभियंता को अधीक्षण अभियंता इंद्रिरा नगर कार्यालय से अटैच किया। अधिशासी अभियन्ता सेस प्रथम, डालीगंज, बक्शी का तालाब और अधिशासी अभियंता ठाकुरगंज को कारण बताओ नोटिस दिए गए हैं। इसी तरह अवर अभियंता उपकेंद्र काकोरी, न्यू एफसीआई, मामपुर बाना, उपकेन्द्र रैठा रोड़, उपकेन्द्र न्यू कैम्पस लॉ, उपकेन्द्र वृन्दावन सेक्टर-5 डी, उपकेन्द्र नूरबाडी न्यू, उपकेन्द्र इटौजा, उपकेन्द्र, बाबा अम्बेडकर यूनिर्वसिटी को कारण बताओ नोटिस थमाए गए हैं।

# मस्जिद के लिए चंदे की वसूली का मामला दर्ज

## अयोध्या में बननी है मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सोशल मीडिया पर बैंक खाते का नंबर जारी कर चंदा वसूलने का प्रयास
- इंडो इस्लामिक फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने दिया प्रार्थना-पत्र

**अमृत विचार :** अयोध्या में इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से निर्माण के लिए प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद की फोटो और बैंक अकाउंट की डिटेल सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर अवैध रूप से चंदा वसूलने की कोशिश करने के मामले में गौतमपल्ली थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

गौतमपल्ली थाना अंतर्गत माल एवेन्यू निवासी इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष अदम तहरीर ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया कि बुधवार सुबह 10:50 बजे ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने उनके व्हाटसअप नंबर पर एक फोटो भेजी। उसमें ट्रस्ट की तरफ से प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का चित्र बना था। इसके अलावा बैंक खाता संख्या- 5556317689, आईएफएससी, सीबीआईएन 0282584, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया लिखा है।

सचिव ने अदम को बताया कि उक्त फोटो अयोध्या के अरशद अफजाल खान ने भेजी है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। अदम के मुताबिक, मस्जिद के चित्र का दुरुपयोग कर चंदा एकत्रित करने की मंशा से बैंक अकाउंट खुलवाया गया है। जबकि उक्त ट्रस्ट का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में खाता नहीं है। इंस्पेक्टर गौतम पल्ली वेदप्रकाश राय के मुताबिक इस मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया है। सर्विलांस व अन्य माध्य से आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रतिनिधिमंडल आईजी से मिला, सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, अयोध्या कार्यालय :** चंदा वसूली के मामले में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रवीण कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सुन्नी सेंट्रल बोर्ड सब कमेटी अयोध्या के मो. आजम कादरी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रवीण कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। नियावां के फेडरल बैंक में खोले गए खाते के संबध में यहां रिपोर्ट दर्ज करवा जांच व कार्रवाई कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस काले धंधे में शामिल लोगों की पहचान व तत्काल संबंधित बैंक खातों को बंद कराना जरूरी है।

### इसलिये वायरल की गई पोस्ट

अदम तहरीर के मुताबिक, सर्वोच्च न्यायालय ने श्री राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद के विवाद में पारित आदेश में जनपद आयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए 5 एकड़ की जमीन उप्र सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ को आवंटित की थी। इसी भूमि पर मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद प्रस्तावित है। इसके चलते अज्ञात ने वसूली की मंशा से यह पोस्ट वायरल की।

# पुणे से लखनऊ होकर अयोध्या तक चलाई जाएंगी स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 मई से 2 जून तक ट्रेन चलाई जाएगी



**अमृत विचारः** अयोध्या में बने राम मंदिर दर्शन के लिए पुणे से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेल प्रशासन ने पुणे-अयोध्या स्पेशल ट्रेन 10 मई से 2 जून तक चलाने का निर्णय लिया है। इससे अधिक से अधिक संख्या में यात्री रामलला के दर्शन कर सकेंगे। वहीं बेलगावि-गोमतीनगर से भी एक समर स्पेशल ट्रेन 12 मई से चलायी जाएगी।

ट्रेन नम्बर-01455 पुणे अयोध्या कैंट स्पेशल 10 से 31 मई तक प्रत्येक शुक्रवार और मंगलवार को शाम 7:30 बजे रवाना होगी। जो चिनवाद, लोनावाला, पनेवल, कल्याण, इगतपुरी, मनमाड, जलगौन, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरागंना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर होते हुए लखनऊ दूसरे दिन तड़के 4:20 बजे होकर अयोध्या कैंट सुबह 8:50 बजे पहुंचेगी। वापसी में 01456 अयोध्या कैंट-पुणे स्पेशल 12 मई से 2 जून तक प्रत्येक रविवार और गुरुवार को अयोध्या कैंट से शाम 4 बजे रवाना होगी जो लखनऊ दूसरे दिन शाम 7:30 बजे पुणे तड़के 3:55 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन नम्बर- 07389 बेलगावि-गोमती नगर ग्रीष्मकालीन स्पेशल 12 मई से 30 जून तक प्रत्येक रविवार को बेलगावि से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर लोंडा जं., धारवाड़, श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं., बदामी, बागलकोट, आलमट्टि, विजयपुर, सोलापुर, दूसरे दिन कुडुर्वाडी जं., दौंड जं., अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना जं., तीसरे दिन वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., कानपुर सेंट्रल के साथ ऐशबाग सुबह 6:55 बजे छूटकर गोमती नगर 7:35 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 07390 गोमती नगर-बेलगावि ग्रीष्मकालीन स्पेशल 14 मई से 02 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को गोमती नगर से शाम 7:45 बजे प्रस्थान कर ऐशबाग रात्रि 8:30 बजे, तीसरे दिन बेलगावि दोपहर 3:15 बजे पहुँचेगी।



मेहंदी घाट पर पीपा पुल के लीकेज को पन्नी से बांधकर बंद किया गया है। अमृत विचार

### जुगाड़ः लीकेज वाले पीपे में पॉलीथिन बांधी, जोखिम में डाली राहगीरों की जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नदी पर मेहंदी घाट पर पीपे का पुल बना है। करीब दो दिन पहले पुल के एक पीपे में लीकेज होने से पानी भरने लगा था। इससे पुल टूटने की आशंका बन गई थी। जिम्मेदारों को जानकारी हुई तो लीकेज का पुख्ता बंदोबस्त करने की बजाय, जिस पीपे में लीकेज है, उस पर काली पन्नी बांध अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। जबकि इस पुल से सुबह से देर रात तक बड़ी संख्या में पैदल व वाहन चालक आवाजाही करते हैं। ऐसे में लीकेज पीपे में बंधी पॉलीथिन से लोगों की जान जोखिम में पड़ने की हर समय आशंका है।

जागरूकता की कमी | एसजीपीजीआई में अंगदान के लिए आगे नहीं आ रहे ब्रेन स्टेम डेथ मरीज के परिजन

# अपनों को तो खो रहे, दूसरों को दे दें नई जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अंगदान करने वाले मरीज के इलाज का पूरा खर्च किया जाएगा माफ
- मरीज का अंग किसी को नई जिंदगी देकर उसके शरीर में जीवित रहेगा
- गुर्दा, लिवर और हार्ट प्रत्यारोपण के लिए बड़ी संख्या में लाइन में हैं मरीज

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई में गुर्दा, लिवर और हार्ट प्रत्यारोपण कराने के लिए कई मरीज इंतजार में हैं। इसके लिए संस्थान की अपनी ओर से पूरी तैयारी है। किंतु इसके लिए ब्रेन स्टेम डेथ मरीज के अंगदान की जरूरत है। ऐसे मरीजों के परिजन अंगदान के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। इस कारण जिंदगी के लिए जंग लड़ रहे मरीजों के लिवर और हार्ट का प्रत्यारोपण नहीं हो पा रहा है। ब्रेन स्टेम डेथ घोषित होने के बाद मरीज के बचने की उम्मीद शून्य हो जाती है। अगर ऐसे मरीज के अंगदान के लिए परिजन तैयार हो जाएं तो किसी दूसरे मरीज को नई जिंदगी मिल सकती है।

ब्रेन स्टेम डेथ मरीज के अंगदान के लिए उसके परिजन को प्रेरित करने के लिए 10 महीने पहले एसजीपीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर ने अच्छी पहल शुरू की है। इसमें ब्रेन स्टेम डेथ मरीज का अंगदान करने पर उसके इलाज पर आने वाला पूरा खर्च माफ कर दिया जाएगा। एपेक्स ट्रामा सेंटर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश हर्षवर्धन स्टेट आर्गन एंड टीशू ट्रांसप्लांटेशन आर्गेनाइजेशन (सोटो) के संयुक्त निदेशक भी हैं। डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि अंगदान करने पर इलाज का खर्च माफ करने का प्रस्ताव संस्थान की शासी निकाय की बैठक पारित किया गया था। इस प्रस्ताव को 14 अगस्त को शासन ने मंजूरी दे दी थी। 17 अक्टूबर को इस संस्थान में लागू कर दिया गया।

डॉ. हर्षवर्धन ने कहा इलाज का सारा खर्च माफ होने के बावजूद ब्रेन स्टेम डेथ मरीज के परिजन अंगदान के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। अंगदान से इलाज का खर्च माफ होने से महत्वपूर्ण उनके जरिये किसी को नई जिंदगी मिलने की बात है। पीजीआई चंडीगढ़ में यह व्यवस्था पहले से लागू है।

### लोगों में जागरूकता की कमी

डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि ब्रेन स्टेम डेथ मरीज के अंगदान करने में जागरुकता की कमी है। लोगों को इस दिशा में जागरूक होना होगा। संस्थान की ओर से जागरूक करने के लिए एक टीम भी गठित की गई है। ये टीम ब्रेन स्टेम डेथ मरीज के परिजन को जागरूक करने का प्रयास करती है। चिकित्सा विज्ञान और अन्य जानकारों को भी इस दिशा में लोगों को जागरूक करना चाहिए। लोग जितने जागरूक होंगे अंगों की खराबी से जिंदगी की जंग लग रहे उतने लोगों को नया जीवन मिल सकेगा।



डॉ. हर्षवर्धन

### ब्रेन स्टेम डेथ के बाद नहीं बचती जिंदगी

डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि हादसे में मस्तिष्क पर गंभीर चोट लगने, गंभीर स्ट्रोक या कुछ ऐसी शारीरिक स्थितियां होने पर मस्तिष्क गंभीर रूप से प्रभावित होता है। ये स्थितियां ब्रेन डेथ का कारण बन सकती हैं। जब मरीज का मस्तिष्क काम करना बंद कर देता है तभी डॉक्टर उसे ब्रेन डेड घोषित करते हैं। ब्रेन डेड मरीज को वेंटिलेटर पर कृत्रिम तरीके से सांस देकर उसके हृदय, किडनी, लिवर आदि अंगों को कुछ समय तक जीवित रखा जा सकता है। इसी अवधि में परिजन मरीज के अंगदान के लिए सहमति दे सकते हैं।

### आज खुले रहेंगे सर्राफा बाजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अक्षय तृतीया के दिन कारोबार को बढ़ावा देने के लिए शहर के सभी प्रमुख सर्राफा बाजार गुरुवार को खुले रहेंगे। 10 मई को अक्षय तृतीया की शुभ घड़ी में सोने-चांदी की खरीद के लिए लोग एक दिन पहले डिजाइन पसंद कर बुकिंग कराते हैं और उनकी डिलीवरी अक्षय तृतीया के दिन लेते हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं के लिए बंदी वाले प्रमुख बाजार चौक, सर्राफा, अमीनाबाद, नजीराबाद, फतेहगंज, गणेशगंज, आलमबाग, नटखेड़ा रोड, कृष्णानगर, नक्खास, राजाजीपुरम खुले रहेंगे। शेष अन्य सर्राफा शोरूम भी रोज की तरह ही खुलेंगे। सभी शोरूम और ब्रांडेड-नॉनब्रांडेड कंपनियों ने ग्राहकों को लुभाने के लिए तमाम तरह के गिफ्ट ऑफर कर रहे हैं। लखनऊ सर्राफा के संगठन मंत्री आदीश जैन ने बताया कि हल्की ज्वेलरी हो या फिर भारी सभी के लिए व्यवस्था बनाई गई है। इसमें ग्राहक को डिजाइन पसंद आने पर करीब 50 फीसद अग्रिम भुगतान कर अपनी ज्वेलरी की बुकिंग करानी होगी। हल्की ज्वेलरी के खरीदार ज्यादा हैं। आलमबाग परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष मनीष अरोड़ा बताते हैं कि नटखेड़ा रोड सर्राफा बाजार भी खुलेगा।

## एक नजर

### एबीवीपी ने किया मतदान के लिए जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा चलायें जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नेशन फर्स्ट वोटिंग मस्ट की तख्तियां लेकर अधिकतम मतदान करने की अपील की गई।अ भियान के जिला संयोजक अमन सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी को अपनी सहभागिता दर्ज करानी चाहिए। इस दौरान विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष हर्षिता विश्वकर्मा, अर्पित वर्मा प्रो. रवि शर्मा, निखिल राय, ईशान सिंह,प्रिंस तिवारी समेत दर्जनों छात्र मौजूद रहे।

# शैक्षिक सत्र में 80 प्रतिशत पूरा करना होगा निपुण लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में इस शैक्षिक सत्र 2024-25 में 80% तक का निपुण लक्ष्य पूरा करना होगा। तभी शैक्षिक सत्र 2025-26 में ये 100% तक पूरा हो सकेगा।

इस उद्देश्य के साथ शिक्षा महानिदेशक की ओर से सभी जिलों के लिए आदेश किया गया है। इसके लिए विद्यालयों में बच्चों की औसत उपस्थिति



> निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को समय से पूरा करने का प्रयास किया गया है। इसमें इस सत्र में 80% पूरा करने की कार्य योजना तैयार की गई है, जिसमें शिक्षकों भूमिका सबसे अहम होगी।
>
> –कंचन वर्मा, शिक्षा महानिदेशक

75 प्रतिशत से अधिक अनिवार्य की गई है। वहीं पाठ्यपुस्तकों में मासिक विभाजन के अनुसार, कक्षावार व विषयवार पाठ्यक्रम प्रत्येक माह पूरे करने होंगे। नहीं पूरा होने पर प्रधानाध्यापक की जवाब देही तय की गई है।

### इस तरह निपुण घोषित होंगे विद्यालय

निपुण लक्ष्य को पूरा करने के लिए वर्तमान शैक्षिक सत्र में डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम से विद्यालयों अक्टूबर, दिसम्बर, फरवरी, 2025 में आकलन कराया जायेगा। माह अक्टूबर, 2024 एवं दिसम्बर, 2024 का आकलन नामांकन आधारित होगा और माह फरवरी 2025 में शेष विद्यालयों का आकलन कराया जायेगा, जिसके लिए माह सितम्बर, 2024 एवं नवम्बर, 2024 में जनपदों की ओर से नामांकन किया जायेगा। आकलन में किसी विद्यालय में 80% से अधिक बच्चों के निपुण पाये जाने पर विद्यालय को "निपुण विद्यालय" घोषित किया जायेगा। इसी प्रकार किसी विकासखंड के 80% विद्यालयों द्वारा निपुण विद्यालय का लक्ष्य हासिल किये जाने की दशा में 'निपुण विकासखण्ड' घोषित किया जायेगा।

**अभिभावकों से संपर्क अनिवार्य :** शिक्षकों को प्रभावी फीडबैक प्रदान करने के लिए शिक्षक संकुल की एजेंडा आधारित मासिक बैठकें करते हुए अभिभावकों से सपंर्क बनाये रखना होगा। वहीं डिजिटल शैक्षणिक कन्टेंट के बारे में भी जागरूक किया जायेगा।

**लाइब्रेरी बुक्स से पढ़ाई पर ध्यान :** बच्चों में पढ़ने के प्रति रूचि विकसित करने के उद्देश्य से एनसीईआरटी के माध्यम से विद्यालयों में उपलब्ध करायी गयी लाइब्रेरी बुक्स के प्रयोग करते हुए पुस्तकालय का सक्रिय संचालन सुनिश्चित कराना होगा।

# आकलन टेस्ट से जानेंगे बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता

## 193 सरकारी विद्यालयों में 15 हजार बच्चों ने दिया टेस्ट

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए राजधानी के सरकारी विद्यालयों से अनोखी पहल शुरू हुई है। निपुण लक्ष्य से एक कदम और आगे चलकर अब बच्चों का मासिक आकलन टेस्ट शुरू किया गया है। पहली बार शुरू हुई इस तरह की व्यवस्था से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के बारे में पता चल सकेगा कि उनकी हर दिन की क्या प्रगति है।

सरोजनीनगर ब्लॉक से शुरू हुए इस मासिक टेस्ट में बुधवार को 15 हजार बच्चे एक साथ शामिल हुए। ये टेस्ट शैक्षिक सत्र 2024-25 के क्रम में 1 से 30 अप्रैल तक पढ़ाये गये पाठ्यक्रम से लिया गया। इस टेस्ट के बाद जो परिणाम आयेगा उसके आधार पर आगे की पढ़ाई शुरू कराई जायेगी। जिन बच्चों का परिणाम कमजोर होगा उन पर शिक्षकों को और मेहनत करने के निर्देश दिए जाएंगे। ये प्रक्रिया अब हर माह चलती रहेगी।



आकलन टेस्ट में शामिल सरोजनीनगर ब्लॉक के विद्यालय के बच्चे। अमृत विचार

### विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का लक्ष्य

सरोजनीनगर ब्लॉक में 193 सरकारी विद्यालयों का संचालन किया जाता है। इसमें पढ़ने वाले हजारों बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता बेहतर करने के लिए ये नया प्रयोग किया गया है। ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी आरपी यादव की ओर से हुई इस पहल को शिक्षकों ने भी एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

> प्रत्येक माह बच्चों का टेस्ट लेने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सभी शिक्षकों और एआरपी व एसआरजी को भी निर्देश दिए थे। बुधवार को पहली बार विद्यालयों में मासिक टेस्ट का आयोजन किया गया है। हमारा लक्ष्य है कि ब्लॉक के सभी विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हो।
>
> –आरपी यादव, खंड शिक्षा अधिकारी, सरोजनीनगर

## विश्वविद्यालयों ने लॉक किया फीस का डाटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्वविद्यालयों और एफिलियेटिंग एजेंसी की ओर से लॉक किए गए डाटा का मिलान हो गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारियों ने डाटा मिलान कर अग्रसारित कर दिया है। अगले सप्ताह तक भुगतान होने की उम्मीद है।

बता दें कि अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की कक्षा 10 से ऊपर की कक्षाओं और पाठ्यक्रमों की छात्रवृत्ति योजना के तहत शिक्षण संस्थान फीस का डाटा लॉक नहीं कर पाए थे। डाटा लॉक न होने के कारण प्रदेश के 13 हजार 500 छात्र-छात्राओं की फीस फंस गई थी। समाज कल्याण विभाग ने विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी को डाटा लॉक करने के लिए दोबारा मौका देते हुए 30 अप्रैल से 3 मई तक के लिए पोर्टल खोला था। 4 से 7 मई के बीच जिला समाज कल्याण अधिकारियों ने डाटा मिलान कर अग्रसारित कर दिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 हजार से अधिक छात्रों का ही डाटा लॉक किया गया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि एनआईसी की ओर से भुगतान की प्रक्रिया करने के साथ फीस खातों में चली जाएगी। साथ ही कितने छात्रों का डाटा लॉक किया गया था इसकी जानकारी मिल जाएगी।

# एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार पूरा हो पाठ्यक्रम

## पुनर्वास विवि के कुलपति ने सभी डीन और विभागाध्यक्षों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ शंकुतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के सभी विभागों में शैक्षिक कैलेंडर तैयार करते हुए शोध और नवाचार पर फोकस करना होगा। विभागों में एक रोड मैप तैयार किया जायेगा ताकि शैक्षिक गुणवत्ता बेहतर की जा सके। इस संबंध में पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने बुधवार को सभी संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों के साथ बुधवार को बैठक की।

कुलपति ने विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय एवं उनके अंतर्गत संचालित विभाग में शैक्षणिक एवं अनुसंधान संबंधी एक वर्षीय, त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय कार्ययोजना बनाने के लिए कहा है। साथ ही एकेडमिक कैलेंडर का पुनरावलोकन करते हुए समयबद्ध तरीके से पाठ्यक्रम पूर्ण करने, परीक्षा कराने, मूल्यांकन करने एवं परिणाम जारी करने के निर्देश दिए है।

**एनआईआरएफ की रैंकिंग के लिए करें तैयारी :** पुनर्वास विश्वविद्यालय एनआईआरएफ की रैंकिंग में शामिल हो सके इसके लिए भी कार्य योजना तैयार होगी। कुलपति ने इस पर जोर देते हुए कहा किसी भी संस्थान की रैंकिंग होना बहुत ही अनिवार्य होता है। इसके लिए सभी शिक्षकों और विभागाध्यक्षकों को ध्यान देना होगा।


**वर्तमान स्थित को देखते हुए शुरू होंगे नए डिप्लोमा कोर्स :** विश्वविद्यालय के सभी विभागों में आज के समय, समाज, बाजार एवं विभाग की आवश्यकतानुसार नए डिप्लोमा, पीजी. डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स की शुरूआत की जायेगी। ये जिम्मेदारी सभी विभागों को दी गई है।



पुनर्वास विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्षों के साथ बैठक करते कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ।

### हर शिक्षक को तैयार करना होगा एक-एक प्रोजेक्ट

विभागीय स्तर पर शोध एवं विकास के लिए विश्वविद्यालय के प्रत्येक शिक्षक को एक-एक प्रोजेक्ट तैयार करने एवं फंडिंग एजेंसी को भेजना होगा। विभागीय स्तर पर मूल्यांकन के पश्चात उत्तर पुस्तिकाओं को छात्र-छात्राओं को दिखाए जाने की व्यवस्था भी शुरू होगी। प्रत्येक विभाग को पाठ्यक्रम की योजनानुसार कोर्स फोल्डर तैयार करना होगा।



बीबीएयू में कुलपति से मुलाकात करते अंबेडकर यूनिवर्सिटी दलित स्टूडेंट्स यूनियन के सदस्य। अमृत विचार

# वीसी सर शैक्षिक और लोकतांत्रिक व्यवस्था को संभालिए

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के कुलपति प्रोफेसर एनएमपी वर्मा से अंबेडकर यूनिवर्सिटी दलित स्टूडेंट्स यूनियन के सदस्यों ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कुलपति से विवि में शैक्षणिक वातावरण और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाये रखने की अपील की। अंबेडकर यूनिवर्सिटी दलित स्टूडेंट्स यूनियन के धीरज कनौजिया ने कहा विश्वविद्यालय में छात्रहित सर्वोपरि होना चाहिए। विश्वविद्यालय में लोकतांत्रिक व्यवस्था हमेशा बनी रहे। छात्र नेता बसंत कुमार कनौजिया ने बताया कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद कुलपति से यही उम्मीद है कि विवि में शैक्षणिक वातावरण स्थापित होगा और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार होगी। गौरव प्रताप सिंह ने बताया कि कुलपति से मुलाकात की गयी, उन्होंने विवि में व्याप्त समस्याओं को जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। मूलचंद्र कन्नौजिया ने बताया कि लाइब्रेरी में सीट विस्तार को लेकर कुलपति को अवगत कराया है। विश्वविद्यालय में पानी की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की भी बात की गई है। वहीं छात्रों ने दीर्घकालिक झेल रहे निलंबन तथा फर्जी एफआईआर से परेशान छात्रों के समस्याओं को लेकर भी बातचीत की। बीटेक के छात्र संदीप कुमार ने बताया कि विभाग में कम्प्यूटर लैब न होने की वजह से छात्रों को अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर विभिन्न विभागों के सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

### 10वीं के मेधावी



- नाम : हुलसिका पाण्डेय
- क्लास : 10
- बोर्ड : आईसीएसई
- स्कूल : सीएमएस, कानपुर रोड
- प्रतिशत : 90%



- नाम : आर्यन चौधरी
- क्लास : 10
- बोर्ड : आईसीएसई
- स्कूल : सीएमएस, महानगर
- प्रतिशत : 98.6%


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मै **सुशीला पत्नी हरिशंकर, निवासी– बाल गोविंदपुरवा, ठाकुरपुर, जनपद–गोण्डा,** मेरे पति हरिशंकर गोस्वामी की पॉलिसी में पॉलिसी धारक का नाम शांति देवी गलती से लिखा हुआ है जबकि अधार और बैंक पास बुक मे सुशीला अंकित है जिसका पालसी संख्या 276568200 है। सुशीला एवं शांति देवी उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं हैं। अत: अब मुझे मेरे दस्तावेजों के आधार पर जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **सुशीला पत्नी हरिशंकर, निवासी– बाल गोविंदपुरवा, ठाकुरपुर, जनपद–गोण्डा,** मेरे पति हरिशंकर गोस्वामी की पॉलिसी संख्या 276569197 में मेरा नाम शांति देवी अंकित हैं जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा बैंक पासबुक में मेरा नाम सुशीला पत्नी हरिशंकर अंकित है। सुशीला एवं शांति देवी उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं हैं। अत: अब मुझे मेरे दस्तावेजों के आधार पर जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मै बिन्दादीन उर्फ बिन्दा प्रसाद पुत्र श्रीकृष्ण, निवासी–ग्राम खेशुआ पाटन, उन्नाव, मेरे डाकघर के किसान विकास पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश बिन्दा प्रसाद पुत्र केशन अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बिन्दादीन पुत्र श्रीकृष्ण अंकित है। बिन्दादीन और बिन्दा प्रसाद दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं खुशनाज उर्फ खूशबू बिना किसी जोर दबाव के अपना धर्म इस्लाम को त्याग कर हिंदू धर्म स्वीकार करती हूं। मैं सुखदेव के साथ बतौर पत्नी रह रही हूं। – **खुशनाज उर्फ खुशबू, निवासी– बभनी सिद्धार्थनगर, हालपता– मंगराकोहल बलदेवनगर, बलरामपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **अलीशा गौतम पुत्री राम जीवन गौतम, निवासिनी– सेक्टर एम–1,–210 एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ,** 226012, मेरी हाईस्कूल की मूल मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कमलेश पुत्र सुंदरलाल निवासी ग्राम शेखनपुर उर्फ मखदूमपुर परगना तहसील व कोतवाली डलमऊ जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा पुत्र बृजेश कुमार मेरे कहने में नहीं है और आए दिन झगड़ा करता है। मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से अपने पुत्र बृजेश कुमार को बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किसी भी प्रकार के किए गए कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सरोकार नहीं है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे श्वसुर रामप्रकाश तिवारी (85) पुत्र राम कुमार तिवारी, निवासी–ग्राम–आदिलपुर, मिल्कीपुर, अयोध्या की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती है। वो काफी वृद्ध हो चुके हैं, उनकी सोचने समझने की क्षमता क्षीण हो चुकी है। ऐसी स्थिति में यदि उनसे कोई लेन–देन, बैनामा, वसीयतनामा, गोदनामा या अन्य लेख के माध्यम से कोई आराजी या संपत्ति क्रय–विक्रय की जाती है तो वह अमान्य व निराधार माना जाये। – **रेनू पत्नी स्वर्गीय बृजकिशोर तिवारी, निवासी–ग्राम आदिलपुर, थाना इनायत नगर, मिल्कीपुर, अयोध्या।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राजू पुत्र स्व0 पप्पू निवासी – गणेशपुर चिनहट लखनऊ** का हूँ। मेरे पिता के पैसों से एक भूखण्ड खसरा सं0 140 स्थित ग्राम गणेशपुर रहमानपुरी चिनहट में क्रय किया गया था जिसमें मेरे व मेरे 2 छोटे भाई–बहन भी साथ रहते है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित मूल वाद सं0 – 1656/2 सिविल जज सी0डि0 में विचाराधीन है। अत: उक्त सम्पत्ति क्रय विक्रय की जाएगी तो नियम विरुद्ध होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे जमीन का पुराना बैनामा जिसका मौजा नकहा नं0–1, आराजी नं0– 368 और खाता नं0– 1699 जो दिनांक 19/12/1997 को बही संख्या 1, जिल्द संख्या 3627, पृष्ठ संख्या 200 से 202 तक दस्तावेज क्रमांक 5041 पर उपनिबंधक कार्यालय सदर गोरखपुर के यहां रजिस्ट्री हुआ था, जो वास्तव में दिनांक 30/04/2024 को कहीं खो गया है। **–बादामी देवी पत्नी रामसरन सिंह, निवासी–ग्राम गोधवल, पोस्ट– पिपरपाती, थाना –श्यामदेउरवा, जिला– महराजगंज**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री के स्कूल अभिलेखों में उसका नाम आराध्या श्रीवास्तव दर्ज है। मैंने अब अपनी पुत्री का नाम बदलकर तन्वी श्रीवास्तव रख लिया है। अत: मेरी पुत्री के स्कूल अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम आराध्या श्रीवास्तव से बदलकर उसका नया नाम तन्वी श्रीवास्तव दर्ज किया जाये। **सुदीप श्रीवास्तव पुत्र स्व0 राम प्रकाश श्रीवास्तव निवासी– N 1/367, सेक्टर N, अलीगंज, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित करता हूँ कि पूर्व में मेरा नाम विनीत कुमार विमल था। जो मैंने बदलकर सही नाम विनीत कुमार रख लिया है जो कि मेरे आधार कार्ड पर भी अंकित है। भविष्य में मुझे विनीत कुमार विमल के स्थान पर सही नाम विनीत कुमार के नाम से जाना–पहचाना जाये। **विनीत कुमार (Vineet Kumar) पुत्र सुरेश कुमार निवासी– म0नं0– 566/81, जय प्रकाश नगर, आलमबाग, जिला लखनऊ।**



प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा

MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –

7080239313

7570060266

**आलमबाग**

पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी

परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**

पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस

परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,

9839163047 / 9956384848

## एक नजर

### उद्योग की सफलता कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर निर्भर: राहुल

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के बहुउद्देशीय हाल में बुधवार को रेलवे पर्यवेक्षकों के लिए टाइम एण्ड स्ट्रैस मैनेजमेंट विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। इसका संयोजन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल यादव ने किया। कार्यशाला के पहले दिन राहुल ने कहा कि भारतीय रेलवे देश का बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का उद्योग है। उद्योग की सफलता मुख्य रूप से उसके कर्मचारियों पर निर्भर करती है, लेकिन कार्यक्षेत्र में कार्य के दौरान उन्हें कई समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। इसके साथ ही रेलवे कर्मचारियों के व्यवसायिक तनाव का अध्ययन करना भी आवश्यक है। तनाव को कम करने और इसे नियंत्रित करने के लिए ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन होना जरूरी है। अकाम के तनाव से पारिवारिक समस्याएं, स्वास्थ्य समस्याएं, शारीरिक स्वास्थ्य, सामाजिक समस्याएं हो सकती हैं। कर्मचारी का स्वास्थ्य हमेशा काम से ही प्रभावित होता है और उसका सीधा प्रभाव स्वास्थ्य पर होता है। कर्मचारी हमेशा कार्य और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने के लिए संघर्ष करता है। कार्यशाला में सभी विभागों के सुपरवाइजर और पर्यवेक्षकों को गगन कुमार, चेंज मैनेजमेंट और ट्रांसफॉर्मेशन विशेषज्ञ की ओर से टाइम एण्ड स्ट्रैस मैनेजमेंट से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली विकसित करना, योजना एवं प्राथमिकता का निर्धारण, संवाद के विभिन्न माध्यमों से की उद्देश्य की प्राप्ति के साथ प्रभाव स्थापित करना बताने के साथ अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।

### केजीएमयू में गर्भवतियों की हुई मुफ्त जांच

**अमृत विचार, लखनऊ:** केजीएमयू के पैथोलॉजी विभाग में थैलेसीमिया दिवस मनाया गया। केजीएमयू कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि क्वीन मैरी में थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया की पहचान के लिए गर्भवती महिलाओं की मुफ्त जांच की सुविधा शुरू की। सिर्फ पहली तिमाही की महिलाओं की जांच होगी। जिन महिलाओं में बीमारी की पुष्टि होगी। उनके पति की स्क्रीनिंग और जरूरी सलाह दी जाएगी। परामर्श दिया जाएगा। पैथोलॉजी विभाग की डॉ. रश्मी कुशवाहा और क्वीन मैरी अस्पताल की डॉ. अमिता पांडे की निगरानी में जांच होगी।

# कुंडली से पहले करें रक्त का मिलान तभी मिलेगी स्वस्थ संतान

## माता-पिता को थैलेसीमिया से होने वाले बच्चे को भी रहता है खतरा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** थैलेसीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है जो पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ सकती है। डॉक्टरों का सुझाव है कि शादी से पहले लड़का, लड़की खून की जांच कराकर आरए फैक्टर चेक करने के बाद दंपती जीवन की शुरूआत करें तो पैदा होने वाली संतानें इसके खतरे से बच सकती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक आरए बीई (पॉजिटिव) युवक की आरए-बीई (निगेटिव) युवती से शादी के बाद पैदा होने वाले बच्चों मे थैलेसीमिया का खतरा बना रहता है। थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों में हीमोग्लोबीन बनने की प्रक्रिया बहुत धीमी होती है। यह जानकारी विश्व थैलेसीमिया दिवस पर बुधवार को एसजीपीजीआई में आयोजित हुए कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी।

पीजीआई के हिमेटोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजेश कश्यप ने बताया कि थैलेसीमिया अनुवांशिक बीमारी है। इसकी पहचान बच्चे में 3 महीने बाद ही हो पाती है। इस बीमारी में बच्चों के शरीर में खून की कमी होने लगती है। सही वक्त पर उपचार न मिलने पर जानलेवा हो सकती है। पीड़ित बच्चों के शरीर में खून बनने की प्रक्रिया बंद हो जाती है। किसी भी सामान्य व्यक्ति के शरीर में लाल रक्त कणों की उम्र करीब 120 दिनों की होती है, लेकिन थैलेसीमिया से पीड़ित के शरीर में लाल रक्त कणों की उम्र घटकर मात्र 20 दिन ही रह जाती है।



एसजीपीजीआई में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक। अमृत विचार

### थैलेसीमिया पीड़ितों ने साझा किया संघर्ष

पीजीआई के जेनेटिक्स विभाग में 10 वर्ष से अधिक समय से इलाज करा रहे। यहां करीब 200 मरीज पंजीकृत हैं। थैलेसीमिया पीड़ित युवाओं ने बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में संघर्ष की कहानी साझा की। इनमें कई युवा बीमारी के साथ ही पढ़ाई कर रहे हैं। कई युवा संगीत व नौकरी भी कर रहे हैं। जेनेटिक्स विभाग की प्रमुख डॉ. शुभा फड़के ने पीड़ित बच्चों के जज्बे का सलाम किया। समारोह में रोगियों ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

### छह हजार में तीन फीसदी थैलेसीमिया ग्रसित

पीजीआई में आयोजित निशुल्क शिविर में रोगियों की स्क्रीनिंग और जांच की गई। पीजीआई के हेमेटोलॉजी विभाग की डॉ. रुचि गुप्ता ने ओपीडी में रोगियों और तीमादारों को बताया कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों में छह महीने की उम्र से शरीर में खून की कमी होने लगती है। इन्हें खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। इसका सटीक उपचार बोन मैरी प्रत्यारोपण है। विभाग में एनएचएम की मदद से रोगियों का स्क्रीनिंग कार्यक्रम चल रहा है। बाराबंकी और रायबरेली में 6000 मरीजों की जांच में करीब तीन फीसदी में थैलेसीमिया मिला है। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कश्यप, डॉ. संजीव, डॉ. मोना व डॉ. दिनेश चन्द्र समेत अन्य मौजूद रहे।

# लोहिया संस्थान में शुरू होगा बोन मैरो प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोहिया संस्थान में जल्द ही थैलेसीमिया मरीजों का बोन मैरो प्रत्यारोपण शुरू होगा। अभी प्रदेश में सिर्फ पीजीआई में प्रत्यारोपण हो रहा है। सरकार थैलेसीमिया को असाध्य रोगों की श्रेणी में शामिल करने का प्रयास कर रही है। ऐसा होने से रोगियों के इलाज के लिए सरकार बजट देगी। इससे इन मरीजों को इलाज में आर्थिक दिक्कतें नहीं आएंगी।

यह जानकारी बुधवार को चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने लोहिया संस्थान के थैलेसीमिया डे केयर सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में दी। विश्व थैलेसीमिया दिवस पर बुधवार को लोहिया संस्थान, केजीएमयू और लोहिया संस्थान में कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्रमुख सचिव ने बताया कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के परिजनों को भरोसा दिलाया कि बीमारी से घबराएं नहीं। इसका इलाज संभव है। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए पोस्टर एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता हुई। बच्चों को प्रमुख सचिव ने उपहार दिए।



थैलेसीमिया ग्रसित बच्चे को उपहार देते हुए प्रमुख सचिव, साथ में निदेशक।

### प्रमुख सचिव ने किया रक्तदान



रक्तदान करते प्रमुख सचिव

इस मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख सचिव समेत अन्य ने रक्तदान किया। लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि संस्थान में एनएचएम की मदद से थैलेसीमिया डे केयर जुलाई 2023 से संचालित किया जा रहा है। डे केयर के प्रभारी डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि 169 थैलेसीमिया पीड़ित रोगी पंजीकृत हैं। इन्हें 1242 यूनिट खून बिना डोनर मुहैया कराया गया। इस मौके पर सीएमएस डॉ. एके सिंह, एमएस प्रो. विक्रम सिंह व डे केयर के प्रभारी डॉ. वीके शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 8 माह में 4 ऑपरेशन, फिर भी पैर खराब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हादसे में पैर में फैक्चर होने पर बीकेटी के निजी अस्पताल में कराया इलाज
- ऑपरेशन के एवज में 3.50 लाख रुपये से अधिक वसूले गए
- बीकेटी थाने में एसीपी को दिया शिकायती पत्र, जांच शुरू

**अमृत विचार:** बीकेटी क्षेत्र के एक निजी अस्पताल के डॉक्टरों पर दुर्घटना में घायल युवक के पैर का चार महीने में आठ बार ऑपरेशन किया। इसके एवज में साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक लिए गए, इसके बावजूद पैर खराब हो गया। अब डॉक्टरों ने इलाज करने से भी मना कर दिया है। युवक ने बुधवार को बीकेटी थाने में एसीपी से शिकायत की है। गुरुवार को वह सीएमओ से शिकायत कर अस्पताल और डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग करेगा।

बीकेटी थाना क्षेत्र के कमालपुर सिरसा गांव निवासी शिवा सिंह (32) ने एसीपी को शिकायती पत्र दिया है। इसमें बताया कि 27 जुलाई को हादसे में पैर में फैक्चर हो गया था। बेहड़ा चक्की के पास स्थित एक निजी अस्पताल में दिखाया, वहां डॉक्टरों ने पैर का ऑपरेशन किया। कुछ दिन बाद पैर में इंफेक्शन शुरू हो गया। इसके बाद डॉक्टर ने तीन और ऑपरेशन किए। आठ महीने में कुल चार ऑपरेशन किए गए। इसके एवज में साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक अस्पताल ने लिए।



पीड़ित शिवा सिंह।

इसके बावजूद पैर खराब हो गया। अब पैर काटने की नौबत आ गई है। शिवा का आरोप है कि ऑपरेशन में लापरवाही बरती गई। लापरवाही का विरोध करने पर अस्पताल संचालक की ओर से धमकाया जा रहा है। शिवा के शिकायतीपत्र के आधार पर बीकेटी थाने की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। डिप्टी सीएमओ डॉ. एपी सिंह का कहना है कि पीड़ित शिकायत करेगा तो अस्पताल से ऑपरेशन से संबंधित जानकारी जुटाई जाएगी। लापरवाही की पुष्टि होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# ओवरी कैंसर का जल्द पता चलने से इलाज संभव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में ओवरी कैंसर सर्वाइवर का हुआ सम्मान

**अमृत विचार:** ओवरी कैंसर का शुरूआत में पता चलने पर इलाज संभव है। जागरूकता की कमी के कारण ज्यादातर महिलाएं कैंसर के तीसरे व चौथे चरण में उपचार के लिए आती हैं। इससे स्थिति गंभीर हो जाती है। यह बातें बुधवार को केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने जागरुकता कार्यक्रम में कही।

ओवरी कैंसर दिवस पर संस्थान के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की जननांग कैंसर नियंत्रण इकाई की ओर बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डॉ. सोनिया ने कहा कि कहा ओवरी कैंसर की जल्द पहचान के ट्यूमर मार्कर खोजने और शोध पर काम करने की जरूरत है। इस मौके पर कुलपति ने कैंसर सर्वाइवर को सम्मानित किया। जीसीसीयू की प्रभारी डॉ. निशा सिंह ने बताया कि ओवेरियन कैंसर एक जानलेवा बीमारी है। महिलाओं में होने वाला तीसरा सबसे आम कैंसर है। इसके उपचार में देरी से जानलेवा हो सकती है। उन्होंने कैंसर की पहचान से लेकर इलाज पूरा होने तक के अपने अनुभव साझा किये। सर्वाइवर ने संघर्षों को साझा किया और बताया कि कैसे उनकी उपचार यात्रा के दौरान उनकी मदद की गई।

## सार-संक्षेप



फीता काटकर फॉर्मेसी का उद्घाटन करते हुए संस्थान के निदेशक। अमृत विचार

### लोहिया संस्थान में एक और फॉर्मेसी की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में बुधवार को ओटी फॉर्मेसी की शुरुआत की गई। संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने फीता काट कर इसका उद्घाटन किया। ओटी फॉर्मेसी की शुरुआत से अब संस्थान में कुल 12 फॉर्मेसी संचालित हो गई हैं। अस्पताल ब्लॉक में तीन, सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में तीन, ऑनकोलॉजी भवन में एक, न्यू रजिस्ट्रेशन हाल में एक और शहीद पथ स्थित राम प्रकाश गुप्ता मात्र एवम शिशु रेफरल चिकित्सालय में तीन फार्मेसी संचालित है। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक, प्रो. विक्रम सिंह, एचआरएफ, अध्यक्ष, प्रो. ममता हरजाई, प्रो. स्मिता चौहान, प्रो. विनीत कुमार, प्रो. पीके दास और अन्य कर्मचारी मौजूद रहें।



ग्रीन लीफ प्लेटिनम पुरस्कार लेते हवाई अड्डे के अधिकारी। अमृत विचार

### पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के लिए हवाई अड्डे ने जीता प्लेटिनम पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ:** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने विमानन क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के लिए ग्रीन लीफ प्लेटिनम अवार्ड जीता है। एयरपोर्ट को यह पुरस्कार एपेक्स इंडिया फाउंडेशन की ओर से आयोजित आठवें एपेक्स इंडिया सम्मेलन और पुरस्कार 2023 में मिला। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने वर्ष 2023-24 में किए गए पानी के संरक्षण, पारंपरिक वाहनों को ईवी में बदलने, सेंसर-आधारित पानी के नल लगाना, आर 22 रेफ्रिजरेंट्स को ग्लोबल वार्मिंग कम करनेवाले आर 32 रेफ्रिजरेंट्स में परिवर्तित करने, ड्रिप सिंचाई तकनीक को अपनाना, सौर ऊर्जा का उपयोग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति यात्री जागरूकता कार्यक्रम जैसी विभिन्न पहल के लिए दिया गया है। उन्होंने कहा कि लखनऊ हवाई अड्डा वर्ष 2030 तक केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित नेट जीरो ग्रीन-हाउस गैस उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की ओर प्रतिबद्ध है और उस दिशा में निरंतर काम कर रहा है। लखनऊ हवाई अड्डे को यह पुरस्कार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) पीके सहगल और डॉ. अवनीश सिंह पूर्व महानिदेशक फैक्टरी सलाह सेवा और श्रम संस्थान महानिदेशालय श्रम और रोजगार मंत्रालय की ओर से दिया गया।

### नहीं दूर हो सकी टीबी की दवाओं की किल्लत

**अमृत विचार, लखनऊ:** शहर के अधिक तर डॉट केंद्रों पर अभी भी टीबी की दवाओं की किल्लत है। जबकि, जिला टीबी ऑफिसर एके सिंघल ने गत शनिवार से सभी केंद्रों पर दवा की आपूर्ति होने का दावा किया था। दावों के उलट बुधवार को भी कई मरीजों को बिना दवा के वापस लौटाया गया। इससे मरीजों की दवा का चक्र बीच मे ही टूट रहा है। सिविल अस्पताल के डॉट सेंटर कर्मचारी ने बताया कि कुछ मरीज बाहर से दवा लेकर खा रहे हैं, उन्हें कहा गया है जब दवा की सप्लाई हो जाएगी तो उन्हें बुलाकर दवा दे दी जाएगी। वहीं बलरामपुर अस्पताल के डॉट सेंटर में भी करीब 20 दिनों से दवा की अपूर्ति पूरी तरह से ठप है इसलिए मरीजों को बिना दवा के लौटना पड़ रहा है। इसके अलावा मरीजों का कोर्स भी टूट रहा है। महानगर के भाऊराव देवरस संयुक्त अस्पताल के भी डॉट सेंटर पर दवाओं का टोटा है। जिला टीबी ऑफिसर एके सिंघल ने बताया कि दवाओं की खरीद हो चुकी है। सभी जगह आपूर्ति कराई जा रही है।





आलमबाग में सीवर की सफाई में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण देते अधिकारी। अमृत विचार

# अच्छा कूड़ा छांटकर बेचने का चल रहा कारोबार

## संस्था ने की अपील स्वच्छता मित्र को दें घरों व प्रतिष्ठान का कूड़ा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- टोल फ्री नंबर 1800-1234-999 पर दे सकते हैं सुझाव
- संस्था ने लगाए अपशिष्ट संग्रहण व परिवहन के लिए पोर्टेबल काम्पेक्टर

**अमृत विचार:** नगर निगम के सभी जोन में अच्छा कूड़ा छांटकर बेचने का कारोबार चल रहा है। नगर निगम के डंपिंग यार्डों पर बेकार कूड़ा डाला जा रहा है। ऐसे सभी अवैध स्थलों को चिन्हित करके नगर निगम कार्रवाई करेगा। इसके लिए सभी जोन के जोनल अधिकारी और जोनल सेनेटरी ऑफिसर को निर्देश दिये गए हैं।





नगर निगम के जोन चार और एक में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हैदराबाद की कंपनी लखनऊ स्वच्छता अभियान (रामकी) देख रही है। संस्था ने घरों से कूड़ा पहुंचाने के लिए कैलाश कुंज, निशातगंज, पेपर मिल तथा लखनऊ क्लब) पर अपशिष्ट संग्रहण और परिवहन के लिए पोर्टेबल काम्पेक्टर लगाए हैं। इसके बावजूद कई लोग प्राइवेट लोगों को घरों का कूड़ा दे रहे हैं। कूड़ा ले जाने वाले लोग अच्छा कूड़ा छांटकर इधर-उधर कूड़ा डाल रहे हैं। इसलिए लोगों से प्राइवेट लोगों को कूड़ा न देकर संस्था के स्वच्छता मित्र को कूड़ा देने की अपील की है। कूड़ा संबंधित शिकायत व सुझाव के लिए टोल फ्री नंबर 1800-1234-999 जारी किया है।

# जीवन रक्षक उपकरणों का दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- सीवर सफाई कर्मियों व अभियंताओं को दिलाई शपथ

**अमृत विचार:** एक मई को रेजीडेंसी के पास बिना सुरक्षा सीवर सफाई के लिये उतरे पिता-पुत्र की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद जल निगम एवं जलकल विभाग द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गए हैं। इसी क्रम में सीवर सफाई के कार्य में लगे कर्मचारियों, इंजीनियर और सुपरवाइजर आदि स्टाफ को वन सिटी वन ऑपरेटर ने आलमबाग स्थित 40 एमएलडी के सीवेज पम्पिंग स्टेशन में प्रशिक्षित किया। अधिशासी अभियंता ने सुरक्षा के प्रति कर्मचारियों को शपथ दिलाई। सुएज इंडिया के सेफ्टी मैनेजर नवीन सिंह ने सीवर कार्यों एवं सीवर लाइन की सफाई में जीवन रक्षक उपकरणों को प्रदर्शित करते हुए उनके उपयोग की जानकारी दी। सीवर लाइन क्लीनिंग का कार्य प्रारंभ करने से पूर्व मैनहोल का ढक्कन खोलकर जहरीली गैस की जांच करने के उपकरण के बारे में बताया।

शिविर में सुएज इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजेश मठपाल, अश्विनी डोगरा परियोजना प्रबंधक, संजीव सिंह, शोभित कुमार, अक्षत सक्सेना सहित तमाम लोग मौजूद रहे। शिविर का आयोजन जल निगम (नगरीय) के अधिशासी अभियंता महेश कुमार गौतम ने किया।

# प्रिया मलिक की कविताओं ने मोह लिया मन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फिक्की फ्लो के लखनऊ चैप्टर ने आयोजित किया चाय व कविताएं कार्यक्रम

**अमृत विचार:** फिक्की फ्लो के लखनऊ चैप्टर ने बुधवार को गोमतीनगर स्थित एक होटल में चाय और कविताएं कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें अभिनेत्री, कहानीकार और लेखिका प्रिया मलिक मुख्य आकर्षण रहीं। प्रिया हिन्दी, अंग्रेजी और उर्दू में समान भाव से लिखती हैं। अपनी भाषा, बोली और भावपूर्ण कविताओं से उन्होंने लोगों को मुग्ध कर दिया।

प्रिया मलिक की रचनाएं 90 के दशक में प्रेम, रिश्तों और भारतीय महिलाओं से जुड़ी कहानियां सभी के लिए एक अलौकिक यात्रा जैसी थी। आयोजन की शुरुआत फिक्की फ्लो के सदस्यों के लिए ओपन माइक से हुई। जिसमें सिमू घई, पारुल भुगरा, नेहा जैन और पायल मित्तल ने अपनी कविताओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। इनमें उनकी अपनी प्रतिभा भी नजर आई और कविता के प्रति उनका प्रेम भी दिखा। बाद में प्रिया मलिक की प्रस्तुतियों ने तो समां बांध दिया। वनिता यादव के संचालन में हुए इस यादगार कार्यक्रम में प्रिया मलिक के साथ गिटार और गायन में अभिनन्दन जोशी ने शानदार संगत की। अपनी पहली कविता घर का पाठ करते हुए प्रिया मलिक ने कहा कि जब आपकी जड़ें मजबूत होती हैं, तभी ताकत वास्तव में बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि देहरादून मेरा जन्मस्थान है। मैं वहीं पली बढ़ी लेकिन मैंने भी अपने जन्मस्थान को अनदेखा किया, लेकिन 10 वर्ष ऑस्ट्रेलिया में बिताये तो मुझे इसकी असली कीमत समझ में आई। इस भूमि से जुड़ी मेरी जड़ें ही मेरे लचीलेपन का सार हैं। इसके बाद उन्होंने अपनी मां के प्रति प्रेम पर एक कविता सुनाई, जिससे दर्शक भावविभोर हो गए। भावनाओं से बुनी प्रिया मलिक की काव्य प्रस्तुति ने साहित्य, बोले गए शब्द और प्रदर्शन कलाओं के सहज मिश्रण को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में फिक्की फ्लो लखनऊ की चेयरपर्सन विभा अग्रवाल, वंदिता अग्रवाल, स्वाति वर्मा, सीमू घई, आरुषि टंडन, ज्योत्सना हबीबुल्ला, स्मृति गर्ग, स्वाति मोहन, सवनित गुरनानी और सिमरन साहनी समेत 150 सदस्यों ने हिस्सा लिया।





गोमतीनगर में कविता प्रस्तुत करतीं प्रिया मलिक। अमृत विचार

## एक नजर

### पार्लर से निकली किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा इलाके से सोमवार को पार्लर से निकली किशोरी लापता हो गई। पीड़ित पिता ने बताया उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से दोपहर 12 :30 बजे रोज की तरह ही पार्लर पर काम सीखने गई थी। बेटी घर से कागजात, कपड़े, पैसे और अपनी मां का मोबाइल भी ले गई है। पिता ने अज्ञात पर बेटी को बहला-फुसला कर ले जाने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर ने बताया अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मोहनलालगंज क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने बताया उसकी बेटी को शनि निवासी सधारीखेड़ा थाना असोहा जनपद उन्नाव चार दिन पहले कार से अपने साथियों के साथ बहला-फुसला कर ले गया। इसमें सियादुलारी नामक महिला ने भी सहयोग किया। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया प्रार्थना-पत्र पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।।

### शिक्षिका के बैग से मोबाइल चुरा ले गया आरोपी

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा में सवारी का इंतजार कर रही शिक्षिका का मोबाइल फोन चुराने का मामला सामने आया है। फरीदीपुर शुभम मार्केट के पास रहने वाली शिक्षिका रेनू चौधरी के मुताबिक 18 अप्रैल को वह स्कूल जा रहीं थी। रास्ते में छंदोइया मोड़ के पास ऑटो का इंतजार कर रहीं थी। इसी दौरान पीछे से एक युवक उससे टकराया और माफी मांगने के बाद चला गया। कुछ देर बाद पीठ से बैग उतारी तो चेन खुली मिली और मोबाइल चोरी हो चुका था। उच्चाधिकारियों से संपर्क करने पर मंगलवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

### जिला बदर को गिरफ्तार कर जेल भेजा

अमृत विचार, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज पुलिस ने बुधवार को जिला बदर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया भावाखेड़ा के प्रधान अवधेश रावत के पुत्र मुकेश कुमार को पुलिस ने जिला बदर किया था। इसके बाद भी उसके गांव में होने की पुलिस को सूचना मिली थी। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी पर छेड़छाड़, बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है।

### क्रेन की चपेट में आने से मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : क्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत होने के मामले में 19 दिन बाद मंगलवार को अज्ञात क्रेन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। रिपोर्ट चिनहट कोतवाली अंतर्गत मटियारी पुलिस चौकी के उप निरीक्षक संजीव कुमार चौधरी ने दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को दयाल रेजीडेन्सी के सामने फैजाबाद रोड पर हादसे की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो एक युवक घायल अवस्था में मिला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया वह क्रेन की चपेट में आ गया था।

# कॉलेज से लौटती दो छात्राओं के साथ छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोसाईंगंज कोतवाली क्षेत्र में बीटेक की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि युवक पहले भी कई बार गलत हरकत कर चुका था। उधर, कैंट क्षेत्र में भी छात्रा से ई-रिक्शा चालक ने छेड़छाड़ की, विरोध करने पर आरोपी जान माल की धमकी देते हुये भाग निकला। पीड़ितों की शिकायत पर संबंधित पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

मूलतः वाराणसी निवासी छात्रा ने गोसाईंगंज कोतवाली में प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि क्षेत्र में किराये पर कमरा लेकर रहती है। वह एक इंस्टीट्यूट में बीटेक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। छात्रा के मुताबिक सुमित यादव नामक युवक पिछले काफी दिनों से उसे परेशान कर रहा है। उसका नंबर हासिल कर मैसेज व कॉल कर जबरन दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। विरोध करने पर कई बार उसके कालेज के बाहर आकर व रास्ते में रोक कर छेड़छाड़ कर रहा था। छात्रा के चुप रहने पर उसका हौसला बढ़ा था। परेशान पीड़िता ने पुलिस की शरण ली है।

उधर, कैंट निवासी छात्रा के मुताबिक वह कमाण्ड अस्पताल से ई-रिक्शे में बैठ कर घर लौट रही थी। रेसकोर्स के पास पहुंचने पर ड्राइवर ने रिक्शा रोकते हुए आगे जाने से मना कर दिया। पूछने पर बताया कि बैट्री कम रह गई है, इसलिए आगे नहीं जा सकता। छात्रा ई-रिक्शा से उतर पर्स से रुपये निकाल कर देने लगी। इसी दौरान ड्राइवर छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर लोगों को आता देख आरोपी धमकी देते हुये भाग निकला।

एसओ कैंट गुरप्रीत कौर ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज खंगाल कर आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### घर में घुसकर महिला से छेड़खानी, विरोध पर पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कोतवाली क्षेत्र में नशे में धुत आरोपी ने छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला को पीट दिया। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़िता के डीसीपी से शिकायत करने पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पुलिस को दिये प्रार्थना- पत्र में बताया 5 मई की देर शाम घर पर अकेली थी। इसी दौरान नशे में धुत छत्रपाल घर में घुस छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी लात घूसों से पीटने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोग आये तो जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकला। पीड़िता का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने लिखित शिकायत के बाद भी आरोपी पर कार्रवाई नहीं की। उसने डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह से मिलकर आपबीती सुनाई। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया आरोपी पर छेड़छाड़, मारपीट, जान से मारने की धमकी आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### विवाद में महिला के कपड़े फाड़े, छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई क्षेत्र में नाली को लेकर हुये विवाद में महिला के कपड़े फाड़ कर अभद्रता करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पति ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया 6 मई की रात करीब 8 बजे फौजी कॉलोनी निवासी राहुल पाठक नाली के विवाद को लेकर गाली गलौज कर रहा था। पत्नी ने विरोध किया तो राहुल, उसके बेटे व अन्य ने पत्नी को लात घूसों से पीटकर उसके कपड़े फाड़ कर अभद्रता की। इसके साथ ही घर से निकलने पर जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबबिक आरोपी को छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में नामजद किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# हादसे में मौत के एक वर्ष बाद एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीच रोड पर कार चालक ने अचानक कार का गेट खोल दिया। पीछे से आ रहा बाइक सवार युवक उससे टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के एक साल बाद उसके बेटे ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गुड़म्बा थाना अंतर्गत फूलबाग कॉलोनी निवासी अनुराग कुमार के मुताबिक, पिछले साल 20 जून को उसके पिता सुरेश कुमार बाइक से शंकर नगर से घर लौट रहे थे। रास्ते में डॉ. गर्ग नेत्र क्लीनिक के सामने एक कार के चालक ने अचानक कार का गेट खोल दिया। इससे बाइक सवार पिता गेट से टकरा कर गंभीर घायल हो गए। आरोपी चालक कार समेत भाग निकला। सूचना पर पहुंचे अनुराग ने पिता को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। अनुराग ने बताया कि उसे एक परिचित से घटना का सीसीटीवी फुटेज मिला। उसने कार चालक की लापरवाही को पिता की मौत का जिम्मेदार बताया है।इंस्पेक्टर हसनगंज ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्क्रैप कारोबारी से 98.5 लाख रुपये की ठगी

## सहकर्मी को मुख्यमंत्री का ओएसडी बता लिया था झांसे में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** संतकरीबर नगर के ठग ने फर्जी कंपनी बनाकर मेरठ के स्क्रैप कारोबारी को बभनान चीनी मिल का स्क्रैप दिलाने का झांसा देकर 98 लाख 50 हजार रुपये ठग लिए। जालसाल ने अपनी सहयोगी को मुख्यमंत्री का ओएसडी बताकर कारोबारी को झांसे में लिया था।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक, मेरठ के जानीकला निवासी बाबर अली दो भतीजों मो. मुश्ताक व मो. उमर के साथ स्क्रैप का कारोबार करते हैं। उन्होंने दो फर्मों का रजिस्ट्रेशन करा रखा है। शिकायतीपत्र में बाबर अली ने बताया अगस्त 2023 को उनकी मुलाकात हजरतगंज स्थित जी. मल्टी ट्रेडिंग एंड सर्विसेज कंपनी के कमरुद्दीन खान से हुई थी।

संतकबीरनगर जिला निवासी कमरुद्दीन ने चीनी मिल का स्क्रैप दिलाने की बात कही थी। इस पर बाबर लखनऊ आकर कमरुद्दीन, उनकी पत्नी और कर्मचारी नीतेश मिले कमरुद्दीन ने नितेश को मुख्यमंत्री का ओएसडी बताकर बाबर से मिलवाया था। आठ अगस्त 2023 को जाली दस्तावेज बनाकर बाबर और कमरुद्दीन की फर्मों के बीच चीनी मिल का स्क्रैप खरीदने का एग्रीमेंट किया गया। इसके बाद बाबर ने कमरुद्दीन के खाते में ऑनलाइन 38.50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद दीपावली पर कमरुद्दीन ने बाबर से कहा कि मुख्यमंत्री के ओएसडी नितेश सिंह को खुश करो, उसी की वजह से ठेका मिला है। बाबर ने 25 लाख रुपए नितेश को दे दिए। इसके बाद कमरुद्दीन ने फिर 35 लाख रुपये लिए। 98 लाख 50 हजार रुपये लेने के बाद भी कमरुद्दीन ने बबर को स्क्रैप नहीं दिया। हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि जांच में आरोप सही मिलने पर कमरुद्दीन और नितेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**कई थानों में मामले दर्ज**

कमरुद्दीन और उसकी पत्नी रोमा के खिलाफ यूपी के गाजियाबाद, कौशांबी, बस्ती और हजरतगंज कोतवाली में छह से अधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से वर्ष 2024 में ही गाजियाबाद, कौशांबी और लखनऊ में चार मामले दर्ज हुए हैं।

### व्यापारी समेत दो लोगों से 25 लाख हड़पे

**अमृत विचार , लखनऊ :** मोहनलालगंज कोतवाली में रियल एस्टेट फर्म संचालकों के खिलाफ जमीन बेचने का झांसा दे साढ़े पांच लाख की धोखाधड़ी और ठाकुरगंज कोतवाली में व्यापारी ने 20 लाख की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।आशियाना सेक्टर-एम निवासी संजय सिंह के मुताबिक, चांसलर क्लब के पास दिशादीप इंफ्रा का दफ्तर धरम सिंह चंद्रा ने खोला था। वर्ष 2016 में संजय ने प्लॉट खरीदने के लिए रियल एस्टेट फर्म में बात की थी। इस दौरान नीरज सिंह और राकेश पाण्डेय भी मौजूद थे। उन्होंने 3200 वर्ग फीट का प्लॉट 850 वर्ग फीट की दर से देने की बात कही। सौदा तय होने पर संजय ने किस्तों में करीब पांच लाख 50 हजार रुपये दिए थे। जब रजिस्ट्री होनी थी तो आरोपी दफ्तर बंद कर भाग गए। संजय सिंह ने कम्पनी निदेशक नीरज से सम्पर्क किया तो धमका कर भगा दिया। उधर, सआदतगंज के वजीरबाग निवासी मो. अल्ताफ के मुताबिक बरौरा हुसैनबाड़ी निवासी शहंशाह खान एक प्लाट का 20 लाख में सौदा तय हुआ था। अल्ताफ ने पांच लाख रुपये नकद और 15 लाख शहंशाह के खाते में जमा किए थे। बैनामा नहीं करने पर पीड़ित ने दबाव बनाया तो आरोपी ने गाली गलौज करने लगा। पुलिस ने आरोपी को नामजद कर जांच शुरू की है।

### तीन लोगों के खाते से 6.13 लाख पार किये

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाका थाना अंतर्गत तालाब गगनी शुक्ल मॉडल हाउस निवासी इमरान खान को सामान भेजने के नाम पर साइबर अपराधियों ने 82 हजार रुपये ठग लिये। उधर, चिनहट कोतवाली अंतर्गत असरा सोसाइटी निवासी दीपेश शुक्ला से ऐप डाउनलोड कराकर उसके बैंक खाते से 1.49 लाख रुपये पार कर दिए गए।बैंक का मैसेज आने पर पीड़ित को ठगी का पता चला। इधर, गोमतीनगर थाना अंतर्गत विनीत खंड निवासी रोमी सिंह पुत्री अरुण सिंह से साइबर अपराधियों ने टेलीग्राम के माध्यम से घर बैठे नौकरी का झांसा देकर ऐप डाउनलोड कराकर खाते से 4.82 लाख रुपये पार कर दिये। पुलिस ने अज्ञात पर आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है।

# किशोरी से पांच युवकों ने ही किया था दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दर्ज किए गए पीड़िता के बयान, बीते दिन बड़ी बहन ने सात युवकों पर लगाया था आरोप

**अमृत विचारः** कुरगंज कोतवाली क्षेत्र के सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के बुधवार को बयान दर्ज कराये गये। पीड़िता ने दुष्कर्म में पांच लोगों के शामिल होने की बात कही है।

ठाकुरगंज कोतवाली क्षेत्र में प्रेमी ने किशोरी को शादी का झांसा देकर बुलाया था। इसके बाद कपड़े खरीदारी कराने के बहाने दोस्तों के साथ अगवा कर एक गैराज में ले गया था। जहां बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। मंगलवार पुलिस ने किशोरी की बड़ी बहन ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया था। इसमें प्रेमी समेत सात लोगों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने मंगलवार को ही प्रेमी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही पीड़िता को मेडिकल के लिये भेजा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता ने मंगलवार को भी पांच आरोपियों का ही नाम लिया था। उसकी बहन ने घटना में सात लोगों के शामिल होने की बात कही थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बुधवार को पीड़िता के बयान दर्ज किये गये। इसमें उसने पांच लोगों के ही घटना में शामिल होने की बात दोहराई है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय का कहना है कि जांच चल रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# महिला से दुष्कर्म, पीटकर तीस हजार रुपये छीने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पारा पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर हिरासत में लिया

**अमृत विचारः** पारा कोतवाली में महिला ने युवक पर दुष्कर्म और विरोध करने पर मारपीट और 30 हजार रुपये लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हुसैनगंज निवासी महिला ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। उसके मुताबिक पति की मौत आठ साल पहले हो गई थी। कुछ माह पहले महिला की मुलाकात उन्नाव के भगवंतनगर निवासी शुभम सैनी से हुई थी। उसने दोस्ती कर महिला का यौन शोषण शुरू कर दिया। आरोपी ने महिला को ई-रिक्शा खरीद कर चलवाने की सलाह दे करीब चार लाख 75 हजार में पांच ई- रिक्शे खरीदवाए। आरोपी ने मौका देख उसके ई-रिक्शा बेच रुपये हड़प लिये। पीड़िता ने विरोध किया तो मारपीट कर तीस हजार रुपये और मोबाइल फोन छीन लिया था।

# पैसे और मोबाइल छीन युवक को किया मरणासन्न

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मेला देखने गए युवक से विवाद होने पर युवक को पीटकर मरणासन्न कर आरोपी मोबाइल व पैसे छीनकर फरार हो गए। परिजन ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने आईजीआरएस पर शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना अंतर्गत भीलमपुर गांव निवासी मुकेश कुमार के मुताबिक भांजा राजकुमार 26 अप्रैल की रात धनुवासांड में मेला देखने गया था। जहां विवाद के बाद कृष्णपाल गौतम निवासी धनुवासांड ने भाई दुर्गेश गौतम व अन्य के साथ उसे पीट मरणासन्न कर मोबाइल व 20 हजार रुपये छीन लिया। आरोपी उसके भांजे को गांव के बाहर एक खदान में फेंक भाग निकले।

# महिलाओं को लूटने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सआदतगंज पुलिस ने महिलाओं से लूट करने वाले हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार किया है। आरोपी अकेले ही स्कूटी से वारदात कर लूट का सामान मुथूट फाइनेंस में गिरवी रख देता था। इसकी रसीद भी पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद की है।

इंस्पेक्टर सआदतगंज बृजेश सिंह ने बताया 26 अप्रैल की रात करीब 10 बजे सीमा मौर्या बेटी के साथ टहल रहीं थी। इसी दौरान आरोपी उनकी चेन लूटकर फरार हो गया था। पीड़िता के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस टीमों ने 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर आरोपी भवानीगंज, बाजारखाला निवासी दिवेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने 6 अप्रैल को बाराबंकी के हैदरगढ़ में भी महिला से लूट की वारदात कबूली है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लूट से पहले वह सुबह शाम मोहल्लों की रेकी करता था। इसके बाद पार्क या घर के बाहर टहलने वाली महिलाओं को से अकेले ही स्कूटी से हेलमेट लगा लूट कर फरार हो जाता था। अकेला होने से कोई संदेह नहीं करता था। आरोपी कैमरे से बचने के लिए मेन रोड का इस्तेमाल नहीं करता था। आरोपी बाजारखाला का हिस्ट्रीशीटर है। उस पर कई थानों में 25 मामले दर्ज हैं। इसमें 22 लूट, 2 गैंगस्टर और एक एक्सीडेंट का है। 26 अप्रैल की रात लूटी चेन भी मुथूट फाइनेंस में गिरवी रखी थी।

- लूट का सामान मुथूट फाइनेंस में रखता था गिरवीं
- सआदतगंज पुलिस को मिली सफलता, लूट का खुलासा

### गाड़ी के नंबर प्लेट से देता था चकमा

आरोपी जिस स्कूटी से लूट करता उसको ट्रेस करने पर पांच अंक ही दिखाई देते थे। इसी के चलते अब तक पुलिस को चकमा देता रहा। सीसीटीवी देखने पर जब खेला समझ में आया तो आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी के पास से मुथूट फाइनेंस की रसीद भी बरामद की गई है। इसी आधार पर लूट के सामान की रिकवरी की जा रही है। कितना जेवर बैंक में रखा है। कितना लोन ले चुका है। यह भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# सात दुकानों का ताला तोड़कर सामान किया पार

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** महिंगवा थाना क्षेत्र में चोरों ने मंगलवार रात सात दुकानों को निशाना बनाते हुये लाखों का सामान पार कर दिया। दुकानदारों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच की। दुकानदार प्रदीप, हीरालाल, अरुण सिंह, श्यामू सिंह, सुभाष यादव, श्रीपाल प्रजापति और आनंद प्रजापति की दुकानों का चोरों ने शटर तोड़ दिया। आनंद प्रजापति की दुकान से लगभग 2000 रुपये नकद व अन्य दुकानों से भी हजारों की नकदी मोबाइल आदि पार कर दिया। इंस्पेक्टर शिवमंगल सिंह ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- हालत बिगड़ने पर देवर ने महिला को पहुंचाया अस्पताल
- अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**अमृत विचार :** दंपति में मामूली कहासुनी के बाद पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर देवर ने अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

थाना अंतर्गत मामपुर बाना गांव निवासी राम सुमिरन मौर्य पेंटिग का काम करते हैं। बुधवार सुबह पत्नी उपासना मौर्य (35) से किसी बात पर विवाद हो गया। इसके बाद वह काम पर चले गए। राम सुमिरन के मुताबिक कुछ देर बाद छोटे भाई ने फोन कर पत्नी के जहरीला पदार्थ खाने से हालत गंभीर होने की जानकारी दी। इसके बाद भाई ने उसे शाढ़ामऊ स्थित सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उपासना की मौत हो गई। उपासना के पिता कमलेश कुमार निवासी कौड़िया थाना अतरौली जनपद हरदोई ने बताया कि वर्ष 2004 में बेटी की शादी की थी। उसके तीन लड़के आंशिक (16) वैभव (12) और अंश (8) हैं। पिता ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है। बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन ने आरोप नहीं लगाया है और न ही तहरीर दी है।

### पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, मोहनलालगंज : रविवार को रायभान खेड़ा गांव में साड़ी के सहारे पेड़ से लटका महिला के शव के मामले में में पुलिस ने मृतका के परिजनों की तहरीर पर आरोपी पति पर दहेज प्रथा व हत्या समेत डीपी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया था ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया मृतका की पीएम रिपोट में नार्मल हैगिंग की पुष्टि होने के बाद दर्ज मुकदमें की धाराओ को आत्महत्या के उकसाने की धारा में तरमीम कर आरोपी पति हेमराज को बुद्धवार को रायभानखेड़ा गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# चौकीदार को धमका कर दीवार तोड़ी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौकीदार को धमका कर दीवार तोड़ने के मामले में 5 दिन बाद संयुक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि के आदेश पर बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई ।

थाना अंतर्गत भैसोरा निवासी विनोद अग्रवाल के अनुसार 19 मार्च को दीपक यादव व अन्य लोगों ने उसके प्लाट की दीवार तोड़ दी थी। मामला पुलिस तक पहुंचा तो उसने दीवार बनवाई। देखभाल के लिए चौकीदार भी रखा। लेकिन, आरोपी ने 3 मई की रात चौकीदार को धमका कर दोबारा दीवार तोड़ दी।

# बाइकों की भिड़ंत में छात्र की मौत, किसान गंभीर

**अमृत विचार, लखनऊः** बंथरा क्षेत्र में बुधवार सुबह बनी-मोहन रोड पर सातवीं के छात्र की बाइक सामने से आये किसान की बाइक में टकरा गई। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि किसान गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे केजीएमयू ट्रामा सेंटर भेजा है।

थाना अंतर्गत ग्राम रामदासपुर निवासी दिनेश रावत पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। बुधवार सुबह दिनेश का बेटा अरुण कुमार (17) बाइक से घर से निकला था। नारायनपुर पेट्रोल पम्प के पास सामने से दूसरी बाइक से आये सैदपुर पुरही निवासी किसान मुकेश लोधी (35) से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। सिर में गंभीर चोट लगने से अरुण की मौके पर मौत हो गई। जबकि गम्भीर रूप से घायल किसान को ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है।

उधर, मलिहाबाद क्षेत्र में हरदोई जनपद के थाना अतरौली के ग्राम गंगापुर निवासी राजीव प्रसाद यादव (50) अपनी पुत्री कोमल यादव (15) के साथ बाइक से लखनऊ जा रहे थे। मलिहाबाद-माल रोड पर ग्राम अमानीगंज स्थित रेलवे फाटक के पास बाइक सवार पिता-पुत्री को ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्री सड़क पर गिर कर गंभीर घायल हो गये।

# वाहन की टक्कर से ट्रक चालक की मौत


**अमृत विचार, बीकेटी :** बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत लखनऊ सीतापुर हाईवे पर नन्दना गांव के पास मंगलवार देर रात शराब के नशे में धुत पैदल हाईवे पार कर रहे युवक की अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे शाढ़ामऊ स्थित सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाशी में मिले कागजात से ट्रक चालक की पहचान अखिलेश कुमार बैरागी (39) निवासी मध्यप्रदेश, जिला जबलपुर अंतर्गत थाना मदनमहल के रूप में की। पुलिस ने परिजन को सूचना देकर बुधवार को शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

**निर्णय** बांदा में महिला की मौत पर बजाज आलियांज ने निरस्त किया था दावा

# बीमा कंपनी की अपील निरस्त, देगी 3 .45 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्य उपभोक्ता आयोग ने सेवा में कमी बताकर सुनाया फैसला



**अमृत विचार :** बांदा में एक महिला की मौत पर निरस्त दावे का बजाज आलियांज लाइफ इन्श्योरेंस कंपनी 3.45 लाख रुपये ब्याज समेत अदा करेगी। साथ ही मानसिक व वाद व्यय भी देगी। कंपनी की तरफ से बचाव में की गई अपील राज्य उपभोक्ता आयोग ने निरस्त कर दी है।

बांदा के तहसील बबेरू अंतर्गत थाना मर्का ग्राम कैमइहा डेरा मजरा निवासी दक्ष कुमार ने पत्नी मंजू देवी का बीमा बजाज आलियांज लाइफ इन्श्योरेंस कंपनी से 3,45,500 रुपये का बीमा कराया था। 19 अक्टूबर 2016 को पहली किस्त 23,970 रुपये जमा की। 4 जनवरी 2017 को पत्नी के पेट में दर्द हुआ और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। इस पर 14 जून 2017 को कंपनी को क्लेम किया तो पॉलिसी के विपरीत बताकर निरस्त कर दिया। इस पर जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। लेकिन, सुनवाई में कंपनी की तरफ से कोई नहीं पहुंचा। इस पर आयोग ने एक पक्षीय सुनवाई कर 3,45,500 बीमित राशि घटना के दिन से सात प्रतिशत ब्याज के साथ, मानसिक क्षतिपूर्ति के पांच हजार रुपये व वाद व्यय दो हजार रुपये अदा करने का आदेश दिया। इस एक पक्षीय आदेश के विरोध में कंपनी ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील की। इसकी सुनवाई न्यायमूर्ति व अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। कहा, कि कंपनी द्वारा पॉलिसी में छोटे अंग्रेजी भाषा में शर्तें लिखी जाती हैं, जो ग्रामीण व अन्य लोग पढ़ व समझ नहीं पाते हैं। एजेंट भी फायदे के लिए पूरी बात नहीं बताते हैं। सेवा में कमी होने पर आयोग ने अपील निरस्त कर दी। और जिला उपभोक्ता आयोग का आदेश बरकरार रखा है।

# गोदाम से केबल चोरी, दोस्तों पर जताया संदेह

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर कोतवाली में ठेकेदार ने गोदाम से केबल चोरी का मामला दर्ज कराया है। सीतापुर रेउसा निवासी प्रतीक मिश्रा ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया वे बिजली विभाग से ठेका लेते हैं। वर्तमान में बिजनौर के न्यू गुड़ौरा में एलटी लाइन बिछाने का काम चल रहा है। बिजनौर में त्रिलोकी चक्की के पास गोदाम में प्रतीक के दोस्त कार्तिक, सत्यम और कुनाल का भी आना जाना था। ठेकेदार के मुताबिक उनकी गैर मौजूदगी में आरोपी गोदाम में रखा दो ड्रम केबल उठा ले गए थे। प्रतीक ने केबल लौटाने को कहा पर आरोपी तैयार नहीं हुए।

# अपार्टमेंट की चौथी मंजिल के फ्लैट में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अपार्टमेंट में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी । अमृत विचार

**अमृत विचार :** बाजार खाला थाना क्षेत्र में बुधवार को सिल्वर हाइट्स अपार्टमेंट की चौथी मंजिल के फ्लैट में आग लग गई। इससे हड़कंप मच गया। अपार्टमेंट में मौजूद लोगों ने बाहर निकल कर जान बचाई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आनन-फानन आग पर काबू पाया। जनहानि की सूचना नहीं है। आग लगने का कारण अज्ञात है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार के मुताबिक, बाजारखाला में हैदरगंज तिराहे के पास टाइल्स विहार कॉलोनी में सिल्वर हाइट्स अपार्टमेंट है। बुधवार सुबह अपार्टमेंट की चौथी मंजिल के फ्लैट नंबर 403 में आग लगी। यह फ्लैट जुनैद अहमद का है। कुछ ही देर में आग ने अपार्टमेंट को चपेट में ले लिया। इससे अपार्टमेंट की अन्य मंजिल के फ्लैट्स में रहने वाले परिवारों में हड़कंप मच गया। लोगों ने परिजन के साथ बाहर भाग कर खुद को सुरक्षित किया। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस व दमकल कर्मी पहुंचे। दमकलकर्मियों ने पंपिंग कर आग को कंट्रोल किया गया। फ्लैट मालिक ने बताया कि आग लगने से मामूली नुकसान हुआ है। वहीं, फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगना प्रतीत हो रहा है।

उधर, सुबह करीब पौने नौ बजे टेढ़ी पुलिया के पास भारत पेट्रोल पंप के बगल वाली बिल्डिंग में आग लगने की सूचना पर दमकल की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। राहत की बात यह रही कि बगल में पेट्रोल पंप तक आग नहीं पहुंची। समय रहते दमकल की गाड़ी पहुंचने से आग पर काबू पा पाया गया। इधर, ठाकुरगंज में खाली प्लॉड की झाड़ियों में आग लग गयी, दमकल की गाड़ी ने आनन-फानन आग पर काबू पाया।

## एक नजर

### पुनर्वास विवि में 45 विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के 45 विद्यार्थियों का कैम्पस प्लेसमेंट हुआ। डायरेक्टर प्लेसमेंट बिराग दीक्षित ने बताया कि एसबीए, एमसीए, एसएससी आईटी, बीकॉम, बीटेक (ईईईसी, सीएस) के 45 विद्यार्थियों का एडू- स्टेशन, बंगलोर में बिज़नेस डेवलोपमेन्ट एसोसिएट के पद पर 3.60 लाख के वार्षिक पैकेज पर कैंपस प्लेसमेंट हुआ है।

### सभी जनपदों से किताबों का ब्योरा तलब

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी स्कूलों में नये शैक्षिक सत्र 1 से 30 अप्रैल तक कितने बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित की गई है इस बारे में सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों से जानकारी निदेशालय ने मांगी है। जिन विद्यालयों में किताबे नहीं पहुंची हैं वहां खंड शिक्षा अधिकारियों से भी स्पष्टीकरण लेने के लिए बीएसए को निर्देश दिए गये हैं। बता दें कि निदेशालय को जानकारी मिली है कि काफी संख्या में ऐसे विद्यालय हैं जहां किताबें नहीं पहुंचाई गई हैं, जबकि जिले स्तर पर किताबों की कमी नहीं है। इसमें खंड शिक्षा अधिकारियों की लापरवाही सामने आ रही है।

### जेम पर भारत निर्मित वस्तुओं को देंगे वरीयता

**अमृत विचार, लखनऊ :** जेम पोर्टल से विभागीय खरीद में भारत निर्मित वस्तुओं को वरीयता दी जाएगी। इंदिरा नगर स्थित वित्तीय प्रबंध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान में जेम पोर्टल पर हुई कार्यशाला में वित्त एवं लेखा सेवा के अधिकारियों को इसकी जानकारी देते हुए पोर्टल से खरीदारी के तौर-तरीके बताए गए। प्रशिक्षण की शुरुआत मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग दीपक कुमार ने की। संस्थान के निदेशक पीडी उपाध्याय ने जेम पोर्टल पर टेंडर और सामान की खरीद करने के नियम व तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने क्रेता-विक्रेता के बीच तकनीकी समस्याओं का समाधान भी किया। प्रमुख सचिव वित्त पंधारी यादव व सचिव वित्त एसएमए रिजवी ने पोर्टल पर उपलब्ध उत्पादों की श्रेणियों पर चर्चा की। कार्यशाला में संस्थान के संयुक्त निदेशक कुलदीप सरोज भी मौजूद रहे।

# कार्यशाला में सिखाए लू व आग से बचाव के उपाय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ बालिका विद्यालय में 50 छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** मोतीनगर स्थित बालिका विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज में बुधवार को लू से बचाव और अग्निशमन कार्यशाला का आयोजन किया गया। नागरिक सुरक्षा कोर ने बालिका विद्यालय में पांच दिवसीय हीट वेव (लू) और अग्निशमन कार्यशाला का आयोजन किया।

बालिका विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. लीना मिश्रा ने बताया कि सिविल डिफेन्स लखनऊ के वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक मनोज कुमार वर्मा, सुमित मौर्या और सेक्टर वार्डन ज्योति कहरे ने पूनम यादव और मंजुला यादव के सहयोग से इस कार्यशाला का संचालन किया।

इस कार्यशाला में लगभग 50 छात्राओं को अचानक से आग लगने पर स्वयं और दूसरों के बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें यह भी सिखाया गया कि छोटी आग को बड़ी आग बनने से उसे कैसे बचाया जाए। इस कार्यशाला में ज्योति खरे ने छात्राओं को बताया कि गर्मी में लू सबसे ज्वलंत समस्या है। इसे कैसे पहचाना जाए और कैसे इससे अपना और दूसरों का बचाव किया जाए, यह सिखाया गया। लू लग जाने पर क्या उपाय किया जाए यह जानकारी भी छात्राओं के साथ साझा की गई।

# संगीत के साथ भाषा, साहित्य व पर्यावरण की भी शिक्षा देने की तैयारी

**भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय** कुलपति मांडवी सिंह ने कहा, विवि में स्मार्ट क्लास व साउंडप्रूफ कक्षाएं भी शुरू

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भातखंडे भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय (भासंविवि) अब संगीत के साथ-साथ भाषा, साहित्य, पर्यावरण, दर्शन, कौशल विकास व लोक कलाओं की शिक्षा भी देगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस का नया पाठ्यक्रम भी तैयार हो गया है।

भासंविवि की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के मद्देनजर यह व्यवस्था की गई है कि वे अंतर्संबंधी विषय पढ़ सकें। विश्वविद्यालय में चार स्मार्ट क्लास बनाए गए हैं, आठ कक्षाओं को साउंड प्रूफ किया गया है। ऐसा इसलिए कि एक कक्षा से दूसरी


भासंविवि की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह।

कक्षा में आवाज न पहुंचे। स्मार्ट क्लास में स्मार्ट बोर्ड, टेलीविजन और प्रोजेक्टर का इंतजाम किया गया है।

भासंविवि में शिक्षकों के 40 पद स्वीकृत हैं। लेकिन मौजूदा समय में यहां नियमित तौर पर सिर्फ सात शिक्षक हैं। अतिथि शिक्षकों के माध्यम से कमी पूरी की जा रही है।

#### ▶▶ दिव्यांगों को भी संगीत सिखाने की तैयारी

मांडवी सिंह ने बताया कि भासंविवि में दिव्यांग विद्यार्थी भी संगीत की शिक्षा लेते नजर आएंगे। इसके अलावा जो बच्चे आटिज्म के शिकार हैं उन पर भी संगीत का प्रयोग करके देखा जाएगा। विश्वविद्यालय के बगीचे में भी संगीत की व्यवस्था की गई है। इसका पेड़-पौधों पर असर देखा जा रहा है। विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी को पूरी तरह से डिजिटल कर दिया गया है। विद्यार्थी वहां बैठकर पढ़ सकते हैं। जरूरत पड़ने पर वह किताबें अपने साथ भी ले जा सकते हैं।

#### ▶▶ जीर्णोद्धार के लिए 22 करोड़ मंजूर

भासंविवि परिसर में जहां लोक कला संग्रहालय था उसे भी विश्वविद्यालय का हिस्सा बना दिया गया है। शासन ने इसके जीर्णोद्धार के लिए 22 करोड़ रुपये भी मंजूर कर दिए हैं। काम होने के बाद वहां भी कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। कह सकते हैं, भासंविवि अब एक नए कलेवर में दिखने लगा है।

पूर्णकालिक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए तेजी से काम चल रहा है। छात्राओं का हॉस्टल शुरू हो गया है। छात्रों के लिए भी इस सत्र से हॉस्टल शुरू हो जाएगा।

भासंविवि में संगीत के अलावा दूसरे विषय पढ़ाए जाने से एकरूपता प्रभावित होने के सवाल पर कुलपति मांडवी सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए उन्हें दूसरे विषय पढ़ाए जाने बहुत जरूरी हैं। अब तक यह सिर्फ संगीत विश्वविद्यालय था, लेकिन अब संस्कृति विश्वविद्यालय है। अब लोक कला, संगीत तो एक संकाय होगा ही, दृश्य कला संकाय भी शुरू किया जाएगा। कला संकाय में भाषा व साहित्य भी पढ़ाया जाएगा। विद्यार्थियों को पर्यावरण विषय भी पढ़ना होगा।

**विवि के आईसीसीआर से जुड़ने की तैयारी :** संगीत की अंतरराष्ट्रीय संस्था स्पिक मैके का चैप्टर भासंविवि में खोला गया है। आगामी 11 मई को शाम चार बजे स्पिक मैके के संस्थापक डॉ. किरण सेठ यहां पहुंचकर विद्यार्थियों से मुलाक़ात करेंगे। इसी के साथ ही भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद (आईसीसीआर) के साथ भी विश्वविद्यालय को जोड़ने की कोशिश चल रही है।

# बूथ वार ईवीएम का किया गया आवंटन

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम और वीवीपैट का किया गया रेंडमाइजेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव को लेकर ईवीएम और वीवीपैट का विधानसभावार दूसरा रेंडमाइजेशन कराया गया। साथ ही बूथवार ईवीएम का आवंटन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बुधवार को एनआईसी में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का दूसरा रेंडमाइजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कराया।

रेंडमाइज की गई ईवीएम का बूथ आवंटन भी किया गया। आवंटन के साथ ही तय हो गया कि कौन सी मशीन किस बूथ पर पहुंचाई जाएगी। रेंडमाइजेशन मलिहाबाद, बक्शी का तालाब, सरोजनीनगर, लखनऊ पश्चिम, लखनऊ पूर्व, लखनऊ उत्तर, लखनऊ मध्य, लखनऊ कैंट, मोहनलालगंज और विधानसभा लखनऊ पूर्व (उपचुनाव) के लिए कराया गया। रेंडमाइजेशन


कलेक्ट्रेट में रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के बारे में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार


मतदेय स्थलों का निरीक्षण करते प्रेक्षक, साथ में एसडीएम सरोजनीनगर फाल्गुनी सिंह।

▶▶ कौन सी मशीन किस बूथ पर भेजी जाएगी ये भी हुआ तय

प्रक्रिया के दौरान लखनऊ लोक सभा के सामान्य प्रेक्षक ओम प्रकाश कसेरा, मोहनलालगंज लोक सभा के सामान्य प्रेक्षक एन वसंत कुमार, सीडीओ अजय जैन, एडीएम भू अ प्रथम धर्मेंद्र सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन शुभी सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ, एनआईसी सूचना विज्ञान अधिकारी कृष्ण मोहन, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर आदि मौजूद रहे।

### प्रेक्षकों ने मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को मोहनलालगंज संसदीय सीट के लिए सामान्य प्रेक्षक एन वसंत कुमार और पुलिस प्रेक्षक एएम मुनिया ने मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। प्रेक्षकों ने सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के तहत मतदान केंद्र महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय में स्थित मतदेय स्थल संख्या 351 से 368 तक, मतदान केंद्र लखनऊ पब्लिक स्कूल वृंदावन योजना से 9 में स्थित मतदेय स्थल संख्या 416 से 426 तक और मतदान केंद्र पायनियर गर्ल्स डिग्री कॉलेज रुचि खंड शारदा नगर में स्थित मतदेय स्थल संख्या 331 से 342 तक का निरीक्षण किया। निरीक्षण में मतदान केंद्र में स्थित मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं मिलीं। इस दौरान एसडीएम सरोजनीनगर फाल्गुनी सिंह भी मौजूद रहीं।

# किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है सरकार : गोविंद नारायण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किसानों में वह सामार्थ्य है कि मिट्टी से सोना निकाल सकते हैं। भाजपा सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उक्त बात अन्नदाता किसान सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने कही। उन्होंने कहा कि 2014 से भाजपा की प्रतिबद्धता रही है कि गांव गरीब और किसान, झुग्गी झोपड़ी का इंसान, बेरोजगार नौजवान और देश की माता-बहनों को सम्मान के साथ आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ बनाना है। जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनगिनत योजनाएं चलाई गईं।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अव्वल रही है। अब तक विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों, नौजवानों, गरीबों, महिलाओं समेत अन्य लाभार्थियों को लाभ पहुंचा है। उन्होंने कहा


अन्नदाता किसान सम्मेलन को संबोधित करते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

▶▶ जनता तय कर चुकी है कि तीसरी बार भी मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगी : आनंद

कि जनता ने ठान लिया है कि तीसरी बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की बागडोर सौपेंगी। पूर्वी विधानसभा भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान भाइयों के लिए काम हो रहा है।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा लखनऊ महानगर अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने की। किसान मोर्चा अवध क्षेत्र के अध्यक्ष अरुण सिंह गप्पू, अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)


अर्चिता को सम्मानित करते आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के अधिकारी।

### 12वीं पास कर चुकी अर्चिता को मिला सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** 12वीं आईएससी बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत के साथ पास हुई अर्चिता को आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) की ओर से सम्मानित किया गया है। डायरेक्टर डॉ. एचआर राव ने सम्मानित करते हुए बधाई दी है। इसके अलावा, अर्चिता ने दो विषयों में 100 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त किए हैं. आईएससी बोर्ड ने हाल ही में परिणामों की घोषणा की है। अर्चिता सिंह ने अंग्रेजी और कंप्यूटर विज्ञान में 100, गणित में 99, रसायन विज्ञान में 97 और भौतिक विज्ञान में 96 अंकों के साथ कुल 400 अंको में 399 अपने नाम किए हैं। इसके अलावा उन्होंने शारीरिक शिक्षा में 100 मार्क्स हासिल किये है।

# मॉक पोल से ईवीएम सील होने तक होगी वीडियोग्राफी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बूथों पर तैनात कैमरामैन पोलिंग पार्टियों के साथ जाएंगे। मॉक पोल से लेकर सील करने तक की वीडियोग्राफी करेंगे। यह बातें बुधवार को इंदिरा नगर स्थित विकास भवन सभागार में लोकसभा चुनाव में लगे कैमरामैन को प्रशिक्षण के दौरान बताई गईं।

जिले में लोकसभा चुनाव के लिए गैंगमैन, स्वीपर, चेनमैन, बेलदार समेत 350 कर्मी को कैमरामैन की जिम्मेदारी दी गई है। जिन्हें बुधवार को चार पालियों में प्रभारी व उपायुक्त श्रम व रोजगार सुशील कुमार सिंह ने प्रशिक्षित किया। पहले मतदान संबंधित जानकारी और चुनाव आयोग की गाइडलाइन बताई। कहा, जिनकी ड्यूटी मतदान के दिन बूथों पर रहेगी वह कलेक्ट्रेट में 17 से 19 मई तक अपना मतदान


इंदिरा नगर स्थित विकास भवन सभागार में कैमरामैन को प्रशिक्षण देते उपायुक्त रोजगार व श्रम सुशील कुमार सिंह। अमृत विचार

▶▶ ड्यूटी से पहले कर्मी 17 से 19 तक कलेक्ट्रेट में करेंगे मतदान

▶▶ सभी पोलिंग पार्टी के साथ जाएंगे कैमरामैन, दिया गया प्रशिक्षण

करेंगे। इसके लिए 12 व 12 क फार्म दिए। बताया कि 20 मई को मतदान है। जो कराने के लिए 19 मई को स्मृति उपवन से पोलिंग पार्टियों के साथ रवाना होंगे।

बूथों पर माक पोल से लेकर ईवीएम सील करने तक की वीडियोग्राफी करेंगे। हर बड़ी-छोटी घटनाओं के साथ अधिकारी व प्रेक्षक के आने की भी वीडियोग्राफी करेंगे। लेकिन, मतदान करते समय की वीडियोग्राफी नहीं की जाएगी। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार व राज कुमार ने कैमरे में टाइम सेट करना, वीडियोग्राफी करना आदि तकनीकी जानकारी दी। इन्हें दूसरे प्रशिक्षण में ड्यूटी आदेश दिए जाएंगे।

### बूथों पर बने रैंप, दुरुस्त हुए शौचालय

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रामीण इलाकों में परिषदीय विद्यालय, पंचायत भवन आदि मतदेय स्थल बनाए गए हैं। जहां पंचायती राज विभाग कमियों को दूर कर रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने बताया कि 42 मतदेय स्थल में शौचालयों की मरम्मत कराई है। 74 मतदेय स्थल पर रैंप बनवाएं हैं। इससे दिव्यांगों और बुजुर्गों को मतदान में परेशानी नहीं होगी। कुछ बूथों पर प्रकाश व्यवस्था व फर्नीचर की समस्या है। इन पर भी काम चल रहा है। जल्द फर्नीचर व लाइटें लग जाएंगी। इससे मतदान में किसी तरह की समस्या नहीं आएगी। कुछ जगह सड़क खराब थी वह भी ठीक करा दी हैं।


नवयुग पब्लिक स्कूल के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रीमद्भागवत गीता के दूसरे अध्याय का मंचन करते बाल कलाकार।

# नाट्य मंचन के जरिये समझाया गीता का सार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने दीं रंगारंग प्रस्तुतियां

**अमृत विचार :** श्रीमद्भागवत गीता क्लासेज के विद्यार्थियों ने सोमवार को गीता के दूसरे अध्याय का नाट्य मंचन किया। नवयुग पब्लिक स्कूल के प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरूआत हरे कृष्ण हरे राम भजन से हुई।

इन प्रस्तुतियों में होवे सच्चा प्यार, अर्जुन कृष्ण संवाद, श्लोक गायन और भरतनाट्यम नृत्य आदि ने प्रभावित किया। कार्यक्रम का आयोजन संगीता देवीदासी और कृष्ण करुण दास के निर्देशन में किया गया।

उल्लेखनीय है कि योगानन्द इंटर कॉलेज की अध्यापिका संगीता द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर राजाजीपुरम में प्रत्येक रविवार को श्रीमद्भागवत कक्षाएं संचालित की जाती हैं। रिद्धि, रिद्धिमा, जतिन, रौनक, पार्थ, अक्षत, आर्यन, यशी, आरोही, वान्या, कुशाग्र और खुशी समेत दो दर्जन से ज्यादा बच्चों ने गीता का सार आसानी से समझाया।

मुख्य अतिथि के रूप में राधाबिहारी मंदिर के संस्थापक हरि मोहन और विशिष्ट अतिथि के रूप में नवयुग पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील गुप्ता मौजूद रहे।

# नाटक संजोग ने खूब हंसाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संगीत नाटक अकदमी नई दिल्ली के सहयोग से चित्रण कला मंच समिति ने बुधवार को संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में हास्य नाटक संजोग का मंचन किया। सतीश डे द्वारा लिखित व विपिन कुमार द्वारा निर्देशित इस नाटक में किराये के मकान की समस्या से उपजा हास्य दर्शकों को खूब हंसाता है।

नाटक में सेठ बद्री प्रसाद की इकलौती बेटी 16 साल पहले गायब हो गई थी। सेठ उसकी तलाश में नौकरों के सहारे घर छोड़कर इधर-उधर भटक रहे थे। नौकर प्रीतम और बालम सेठ के एक ही कमरे को दो किरायेदारों को किराए पर दे देता है। दोनों किरायेदारों को इसकी भनक भी नहीं लगती क्योंकि एक किरायेदार दिन की नौकरी करता है और दूसरा किरायेदार रात की नौकरी करता है।

किरायेदार मंजू बाला दिन में नौकरी करती है और रात में कमरे में रहती है जबकि दूसरा किरायेदार नरेश रात में नौकरी करता है और दिन में कमरे में आता है। एक दिन नरेश के सर में दर्द होता है और वह नौकरी पर नहीं जाता जबकि मंजू बाला अपनी नौकरी पूरी करके घर लौट आती है। इस घटना से नौकरों का भेद खुल जाता है लेकिन सुखद यह होता है कि किरायेदारों से बातचीत में यह जानकारी होती है कि मंजू बाला ही सेठ बद्री प्रसाद की खोई हुई बेटी है।

नाटक में राम नरेश मौर्य, चारू शुक्ला, ओमकार पुष्कर, युआंग गुप्ता, अक्षत ऋषि समेत अन्य ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।


नाटक का मंचन करते कलाकार।



पराग के दही पर दी गई वोट देने की सूचना।

### सेहत के साथ मतदान का संकल्प करा रहा पराग

**अमृत विचार, लखनऊ :** पराग प्रबंधन ने मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नई तरकीब निकाली है। प्रबंधन की ओर से सेहत के उत्पादों के साथ वोट देने की एक अपील की गई है। इनमें पराग दूध के विभिन्न उत्पादों की सभी पैकिंग पर आगामी 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर वोट करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई है। पैकिंग पर कीमत की तरह ही एक इबारत वोट देने के लिए लिखी गई है।

लखनऊ दुग्ध संघ मंडल की अध्यक्ष शिखा सिंह तोमर ने बताया कि इसके पीछे पराग प्रबंधन की मंशा लोगों को जागरूक करने की है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# मवैया झील में होगी बोटिंग, किनारे पर महकेंगे फूल

## अमृत योजना से 20 करोड़ खर्च कर नगर निगम करा रहा झील का सौंदर्यीकरण

गोपाल सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** रायबरेली रोड के हैबतमऊ मवैया झील से अतिक्रमण हट चुका है। अमृत योजना से नगर निगम झील का सौंदर्यीकरण करा रहा है। झील में नौकाविहार (बोटिंग) कराया जाएगा और किनारों पर फूलों की क्यारियां लगाकर सुगंध बिखेरी जाएगी। पर्यटकों के टहलने के लिए पाथवे और बैठने के लिए बेंच भी लगाई जाएंगी।

हैवतमऊ मवइया स्थित झील को पाटकर लोगों ने मकान और चहारदीवारी बनाकर अतिक्रमण कर लिया था। झील का बचा हिस्सा गंदगी से पटा था। इससे उठने वाले दुर्गंध से लोग परेशान थे।क्षेत्रीय लोगों ने अतिक्रमण और गंदगी की शिकायत मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब से की। मंडलायुक्त के निर्देश पर जिला प्रशासन और नगर निगम ने झील से अतिक्रमण हटाया। नगर निगम ने अमृत योजना से झील का सौंदर्यीकरण करा रहा है। इस पर करीब 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

- झील के चारों ओर टहलने के लिए बनाए जाएंगे पाथ-वे
- पार्क बनाकर बच्चों के खेलने के लिए लगेंगे झूले

हैवतमऊ मवइया झील एक बेहतरीन पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित होने जा रही है। कमिश्नर के निर्देश पर अमृत योजना के अंतर्गत 20 करोड़ रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण का काम शुरू हो गया है। झील में वोटिंग, टहलना, सैर-सपाटे और बच्चों के लिए तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। लगभग दो महीने में मुख्य कार्य पूरे करा लिया जाएंगे। सबकुछ ठीक रहा तो जुलाई तक लोगों के लिए इसे खोल दिया जाएगा।

–महेश वर्मा, मुख्य अभियंता लखनऊ नगर निगम



हबतमऊ मवैया में झील की बन रही बाउंड्री वाल का काम करते मजदूर। अमृत विचार

पांच हेक्टेयर में झील का निर्माण कर पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जा रहा है। झील के चारों पर्यटकों को टहलने के लिए पाथवे और बैठने के लिए बेंच लगाई जाएंगी। चारों ओर बगीचे और फुलों की फुलवारी बनेंगी। बच्चों के खेलने के लिए पार्क बनाकर झूले लगाए जाएंगे। अत्याधुनिक प्रकाश व्यवस्था की जाएगी, ताकि शाम को भी लोग झील के किनारे घूम सकें। झील के सौंदर्यीकरण से लखनऊ-रायबरेली हाईवे के आसपास रहने वाली पांच लाख की आबादी को मिलेगा। शहर के अन्य लोग भी वहां जाकर घूम सकेंगे। झील के पास पार्किंग के अलावा शौचालय भी बनाए जाएंगे।

### एसटीपी बनने से मिलेगी जलभराव से निजात

झील में अतिक्रमण के कारण जलभराव की समस्या भी थी। बारिश में हैवतमऊ मवैइया सहित आस-पास घुटनों तक गंदा पानी भर जाता था। इससे निजात के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भी बनाया जा रहा है। घरों के सीवेज और नालियों का पानी नाले के सहारे एसटीपी तक पहुंचाया जाएगा। गंदे पानी का शोधन कर इसका इस्तेमाल पार्क और झील किनारे लगे पेड़ पौधों की सिंचाई में किया जाएगा।

## एक नजर

### इस्कॉन भारत के प्रमुख गोपाल कृष्ण गोस्वामी को पुष्पांजलि



**अमृत विचार, लखनऊ :** इस्कॉन मन्दिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने लखनऊ और आस-पास के भक्तों के साथ इस्कॉन भारत के प्रमुख गोपाल कृष्ण गोस्वामी को पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि अर्पित की। गोपाल कृष्ण गोस्वामी का इसी पांच मई को देहरादून में हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। अपरिमेय श्याम दास ने बताया कि हमें गुरु से मिली शिक्षाओं को अपने आचरण में उतारकर समाज में कृष्ण भावनामृत का प्रचार करना चाहिए और गुरु को प्रसन्न करने के लिए श्रील प्रभुपाद द्वारा रचित साहित्यिक ग्रंथों एवं श्रीमद्भागवत गीता का वितरण करने में बढ़-चढ़ हिस्सा लेना चाहिए। यही उन्हें वास्तविक श्रद्धांजलि होगी। मन्दिर एवं शहर भर से आये भक्तों ने गुरु के गुणगान में दो शब्द श्रद्धांजलि के रूप में अर्पित किये।

### पियक्कड़ पति से तंग पत्नी ने की आत्महत्या

**अमृत विचार, हरदोई :** पियक्कड़ पति से तंग हो चुकी पत्नी ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की दोपहर को बेहटा गोकुल थाने के झरसा आलमपुर की रेलवे क्रासिंग पर एक 54 वर्षीय महिला ने ट्रेन के आगे छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। पता होने पर एसआई शहूर खां वहां पहुंचे और महिला की जामा तलाशी में उसके पास से जो आधार कार्ड बरामद किया, उसके मुताबिक महिला सुशीला पत्नी रामरतन निवासी ऐलिमपुर थाना मझिला की रहने वाली थी। पुलिस की छानबीन में पता चला कि वह अपने पियक्कड़ पति से तंग आ चुकी थी।बात-बात पर मारपीट करने वाले रामरतन को समझाने के लिए नाते-रिश्तेदारों की पंचायत जोड़ी गई। काफी समझाने के बाद भी रामरतन का रवैया नहीं बदला।

# एलडीए ने सील की तीन मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



- 5,000 वर्गफीट के भूखंड पर मानचित्र के विपरीत हो रहा था निर्माण कार्य
- कानपुर रोड योजना में दो भूखंडों को जोड़कर बना रहे थे मकान

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को आशियाना और पीजीआई क्षेत्र में मानक विपरीत बनाए गए व्यावसायिक व आवासीय निर्माण सील कर दिये।

जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन दो देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अमर पाल सिंह राठौर व अन्य द्वारा पीजीआई थानाक्षेत्र के साउथ सिटी, रत्नाकर खण्ड में भूखण्ड संख्या ए-45 पर लगभग 5,000 वर्ग फीट क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सेटबैक को कवर करते हुए तीन मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। एमपी तिवारी व अन्य द्वारा कानपुर रोड योजना के सेक्टर आई में आवंटन की शर्तों का उल्लंघन करके भूखण्ड संख्या-ई/242 व ई/243 जोड़कर भूतल व प्रथम तल तक आवासीय भवन का निर्माण कराया गया था। तेलीबाग में शनि मंदिर चौराहे के पास कुमार कॉम्प्लेक्स के बगल में गोरख नाथ यादव द्वारा 1,200 वर्ग फिट क्षेत्रफल के भूखंड पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लोवर व अपर ग्राउंड फ्लोर का निर्माण कराके शोरूम का संचालन किया जा रहा था। विहित प्राधिकारी न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता ऋतुपाल, सुशील कुमार सिंह व विपिन बिहारी राय ने प्राधिकरण व स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से उक्त निर्माण सील कर दिये।

# घर में घुसकर मारपीट, चार लोग घायल

- बीकेटी थाना क्षेत्र के रामपुर देवरई का मामला

**अमृत विचार, बीकेटी :** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट में चार लोग घायल हो गये। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर घायलों का मेडिकल नहीं कराने का आरोप लगाया है।

थाना अंतर्गत रामपुर देवरई गांव निवासी विजय कुमार यादव के मुताबिक, मंगलवार शाम उनके पुत्र सुभाष व विपक्षी के पुत्र अर्जुन के बीच कहासुनी हुई थी। आरोप है कि रात 11 बजे आरोपी की पुत्री ने बात करने को कहकर उसके घर का गेट खुलवाया। इसी दौरान करीब 10 से 12 लोगों ने लाठी डंडों से लैस होकर घर में घुस हमला कर दिया। इसमें विजय कुमार की पत्नी सुमन यादव, सुभाष, पत्नी नीशू गंभीर घायल हो गए। शोर सुन पड़ोसी पहुंचे तो आरोपी भाग निकले। पीड़ित का कहना है कि पुत्री को निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। आरोप निराधार हैं। रंजिश में दोनों पक्षों में मारपीट होने की जानकारी मिली है।


### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल हिलटॉप ट्रेडर्स प्रा. लिमिटेड की सम्पत्ति खसरा नं. 518क, 514 ग्राम बहरौली, पर0 कुर्सी, तहसील फ़तेहपुर, बाराबंकी से सम्बन्धित दस्ता. मूल विक्रय विलेख जिसका क्रमांक संख्या 8094, दिनांक 19/08/2015 एवं क्रमांक संख्या 1772 दिनांक 26/04/2011 क्रमशः उपनिबंधक फ़तेहपुर, बाराबंकी में पंजीकृत है। जो कि दिनांक 05.05.2024 को मेरे मुव्वकिल से गायब/गिर गये हैं एवं खसरा नं. 511, 512, 515/1 स्थित ग्राम बहरौली के संबंध में यह भी सूचित किया जाता है कि पूर्व में राम औतार पुत्र रतन ने एक इकरारनामा मो. इश्तियाक पुत्र मो. साबिर के पक्ष में क्रमांक संख्या 3252, दिनांक 15/05/2013 के माध्यम से पंजीकृत किया था, जिसके संबंध में यदि कोई व्यक्ति, वित्तीय संस्था या मो. इश्तियाक को इस पर कोई आपत्ति /क्लेम है तो अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। बी0एन0 त्रिपाठी एड0, पता सी –15, नेहरू विहार, कल्यानपुर, लखनऊ। मो0 9336127853

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मुवक्किल विवेक उपाध्याय पुत्र राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय, निवासी– खसरा संख्या– 955 पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर, अहमामऊ चौकी अर्जुन गंज लखनऊ का है। मेरे मुवक्किल के द्वार एक पंजीकृत बैनामा जो दिनांक 24.4 2015 जो यूपी निबन्धक द्वितीय लखनऊ में बही सांख्य 1 जिला संख्या 16711 पृष्ठ संख्या 35/74 क्रामांक 2956 पर रजिस्ट्रीकृत है वह कहीं खो गया है। यह बैनामा संपत्ति भूखड़ संख्या 3 पर निर्मित भवन खसरा संख्या– 955 स्थिति सरसावा सरोजनी नगर जिला लखनऊ का है। जो पूर्ण रूप से मेरे मुवक्किल के स्वामित्व और अधिकार में है तथा उक्त संपत्ति पर किसी का भी हक, दावा, बंधन, लेन–देन, या बकाया हो तो आज से 7 दिन की अवधि के अंदर सीके लीगल एसोसिएट लखनऊ से 0522–4077776 पर या आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पर संपर्क कर सूचित करे अन्यथा भविष्य में किसी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 169/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 08.05.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुधारानी पत्नी कमल सिंह | श्री शिवकुमार सोनी पुत्र रामनारायण सोनी | दीवानपुरा–2 | 03 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

### कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 174/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 08.05.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती दयारानी पत्नी भूपति सिंह | श्री शिवकुमार सोनी पुत्र रामनारायण सोनी | दीवानपुरा–2 | 03 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर


# कम से कम हो ब्रेकडाउन उपभोक्ता परिषद ने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




**अमृत विचार:** बिजली की उपलब्धता होने के बाद भी शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण इलाके में घंटों ब्रेकडाउन हो रहा है। उप्र राज्य उपभोक्ता परिषद ने बुधवार को बिजली कंपनियों से कम से कम ब्रेकडाउन करके उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की है। इसके साथ ही फीडर, सब स्टेशन और ब्रेकडाउन के कारणों को चिन्हित करके और योजना बनाकर कार्य करने से इस भीषण गर्मी से उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचाया जा सकता है।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि वर्तमान में उप्र में भीषण गर्मी जारी है।जिसके चलते 6 मई को अधिकतम डिमांड 26309 मेगावाट तक गई है। सिस्टम पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे किये जा रहें हैं। ग्रामीण अंचलों सहित और शहरी क्षेत्र में भी अत्यधिक ब्रेकडाउन किया जा रहा है। जिसके चलते सभी उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही। उन्होंने आगे बताया कि उपभोक्ताओं को अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर, तक बिजली की ज्यादा आवश्यकता होती है। गर्मी से निजात पाने के लिए उपभोक्ता सबसे ज्यादा बिजली का उपयोग करते है।

ऐसे में बिजली कंपनियों को मिनिमम ब्रेकडाउन योजना बनाकर काम करना चाहिए। बिजली कंपनियां आसानी से क्षेत्र के सब स्टेशन पर किस फीडर पर लगातार एक ही टाइप के समस्या के चलते ब्रेक डाउन को कारणों का पता लगा सकते है। चाहे केबल फॉल्ट का मामला हो या तार टूटने, या ट्रांसफार्मर के खराब होने, बार-बार जंफर उड़ने का हो, बिजली कंपनियां यह आसानी से चिन्हित करके समस्या को दूर कर सकते है। इससे विभाग के राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होगी।

## गांवों को निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करें

**अमृत विचार, लखनऊ :** गर्मी व लू के प्रकोप को देखते हुए ग्रामीण इलाकों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक अधिकारी 24 घंटे अलर्ट रहें और खराब होने से हैंडपंप, नलकूप, पानी की टंकियों की दिक्कत तुरंत ठीक कराएं। किसी भी दशा में पेयजल की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने सभी जिलाधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को लेकर अलर्ट किया है। निर्देश दिए किए कहीं भी पेयजल आपूर्ति प्रभावित न रहे। गांवों में जो भी संसाधन हैं उनसे निर्बाध पेयजल आपूर्ति की जाए। प्रशासनिक अधिकारी 24 घंटे अलर्ट रहें। हैंडपंप, पानी की टंकी, नलकूप खराब होने पर जल्द से जल्द मरम्मत कराएं। जहां, जलस्तर कम होने से पानी की समस्या है, वहां टैंकर लगाकर आपूर्ति कराएं। तालाब आदि भी भरवाए जाएं। इससे पशु-पक्षियों को लाभ मिलेगा। सिंचाई के संसाधन पर भी नजर रखें। तहसील, थाना, अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र समेत सरकारी परिसर व सावर्जनिक स्थलों पर घड़े रखवाने के साथ लोगों को पानी बचाने के प्रति जागरूक भी करें।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार :** मंगलवार को देर रात बांदा-बहराइच मुख्य मार्ग पर रौला गांव के निकट बसहा नाले के पास एक अज्ञात ट्रक चालक ने बाइक सवार युवक की बाइक में जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया। ट्रक सहित घटनास्थल से भाग गया। परिजन घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे तो डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

लालगंज क्षेत्र के गांव उदवामऊ निवासी रमेश कुमार पुत्र धनऊ ने आरोप लगाया है कि उसका बड़ा भाई बृजेश कुमार (22) ग्रामीण पेयजल मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन डालने की कम्पनी में बावर्ची का काम करता था। वह इस समय बछरावां में काम कर रहा था। मंगलवार को रात घर वापस लौट रहा था। बृजेश जैसे ही बांदा-बहराइच मुख्य मार्ग पर स्थित रौला गांव के निकट बसहा नाले के पास पहुंचा तभी एक अज्ञात ट्रक चालक तेजी व लापरवाही से ट्रक चलाता हुआ बृजेश की बाइक में जोरदार टक्कर मारकर घटनास्थल से भाग गया। बृजेश गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन जब उसे लेकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे तो डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पोस्टमार्टम कराकर बुधवार की शाम को शव परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के भाई के शिकायती पत्र के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# लटकता मिला युवक का शव

**सेमरी, रायबरेली, अमृत विचार।** खीरों थाना क्षेत्र के घूरी खेड़ा मजरे गहिरी गांव में बुधवार शाम गांव के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। गांव निवासिनी विंदादेई पत्नी राज बहादुर का 35 वर्षीय पुत्र लिलई कई दिनों से गुमसुद रहने लगा था। जिसके चलते बुधवार को गांव के बाहर आम के पेड़ से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।इस संबंध में खीरों थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया है कि मां की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# बाइक चोरी की पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मोहनलालगंज के बैरीसालपुर गांव में युवक के दरवाजे पर खड़ी बाइक व जनरेटर का बैट्रा चार दिन पहले बैखोफ चोर चुरा ले गये थे, पीड़ित ने घटना वाले ही दिन कनकहा चौकी पुलिस से पूरे मामले की लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की तो पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही की बात कहते हुये पीड़ित को चलता कर दिया।लेकिन घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी अज्ञात चोरो पर मुकदमा नही दर्ज किया।जिससे नाराज पीड़ित युवक ने पुलिस के उच्चाधिकारियो से शिकायत की बात कही है।मोहनलालगंज के बैरीसालपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार का स्टेशन मोड़ मार्ग पर मकान है, प्रदीप ने बताया 5अप्रैल की सुबह उसके घर के बाहर दरवाजे पर खड़ी उसकी बजाज डिस्कवर बाइक व जनरेटर का बैट्रा अज्ञात बैखोफ चोर चुरा ले गयें।सुबह सोकर उठने पर उसने बाइक व जनरेटर का बैट्रा गायब देखा तो कनकहा चौकी पुलिस पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग तो पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही किये जाने की बात कहकर चलता कर दिया। पीड़ित ने बताया घटना के चार दिन बीत जाने ने बाद भी पुलिस ने अज्ञात चोरो पर मुकदमा नही दर्ज किया वो पूरे मामले की पुलिस के उच्चाधिकारियो से शिकायत कर कार्यवाही की मांग करेगा।


### उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई.– निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 01/ डब्ल्यू0/ बीडब्ल्यूएस/ सीबी/ एल0कें0ओ/ 2024–25 | लखनऊ मंडल के अन्तर्गत एक्स.ई.एन ब्रिज लाइन लखनऊ के अधिकार क्षेत्र के अर्न्तगत पुल सं0 320(4x30.5m), 391(1x18.3m), 416(6x18.3m), 429A(3x18.3m) & 484(1x12.2m), Br No. 15UP & DN(2x12.2m), 16DN(1x12.2m), 22A(3x12.2m), 23DN (1x12.2m+1x9.15m), 32UP & DN(2x6x18.3m), 205(12x18.3m) and 206(1x18.3m के कोरोडेड/छिद्रित ब्रेसिंग, गसेट प्लेट, क्रॉस फ्रेम, टॉप फ्लैंज एंगल और अन्य सदस्यो का लूज रिवेट सहित बदलाव और पुल सं0 24 (एन.ई.आर)/डाउन लाइन के प्रोटेक्शन शीट का बदलाव, और विभिन्न प्रकार के पुल के मरम्मत कार्य सहित स्टील ब्रिज गर्डर और अन्य स्टील संरचना के पेन्टिंग का कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | रू0 98054782.64 |
| 3 | बोली सुरक्षा राशि | रू0 640300.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 13.05.2024 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 27.05.2024 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तें: |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम होय जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | मौजुदा स्टील गर्डर पुलों पर साइड पाथवे & ट्राली रिफ्यूजस का फ्रेब्रीकेशन एवं इरेक्शन या रेलवे स्टील गर्डर पुल का फ्रेब्रीकेशन/रिपेयर। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

नोट :- 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी। निविदा सू0सं0–01/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0कें0ओ/2024–25
दिनांक 01.05.2024 1388/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

### बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024–25

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा – डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा – डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड–243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# पहले सीधा लग रहा मुकाबला अब हुआ टेढ़ा

## बाहुबली नेता धनंजय सिंह की पत्नी का टिकट काटकर बसपा के मौजूदा सांसद को उतारने से बदले समीकरण

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** जौनपुर लोकसभा सीट इस बार लगातार चर्चा में है। यहां 25 मई को वोट डाले जाने हैं। भाजपा ने कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है। जौनपुर में जन्मे कृपा शंकर सिंह महाराष्ट्र में राजनीति करते रहे हैं और वहां सरकार में मंत्री रह चुके हैं। ठाकुर समाज के नेता हैं। जौनपुर सीट भी ठाकुर बाहुल्य गिनी जाती है। बसपा ने यहां पूर्व सांसद बाहुबली नेता धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को टिकट दिया था। वह जमकर प्रचार भी कर रही थीं, लेकिन नामांकन से पहले बसपा सुप्रीमो ने उनका टिकट काटकर अपने मौजूदा सांसद श्यामलाल यादव को मैदान में उतार दिया है। माना जा रहा है बसपा के इस खेल का सीधा फायदा भाजपा के कृपा शंकर को मिल सकता है। सपा-कांग्रेस गठबंधन से इस सीट पर बाबू सिंह कुशवाहा सपा के उम्मीदवार हैं। बसपा सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह 2012 के एनआरएचएम घोटाले के आरोपी हैं।

जौनपुर में बसपा से बगावत कर पहले कांग्रेस फिर सपा से टिकट के लिए रात दिन एक करने वाले श्याम सिंह यादव के फिर से हाथी का महावत बनने से सपा का गणित उलझ गया है। पार्टी को यादव मतों में बिखराव का डर सता रहा है। हालांकि सपा की कोशिश है कि टिकट कटने के कारण बसपा से नाराज पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके समर्थकों को साध लिया जाए।




**50%** मत मिले थे बसपा के श्याम सिंह यादव को लोस चुनाव 2019 में

**42.30%** मत मिले थे भाजपा के कृष्ण प्रताप सिंह को लोस चुनाव 2019 में

**4.25%** मत मिले थे कांग्रेस के देव व्रत मिश्र को लोस चुनाव 2019 में

### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | मत मिले |
|---|---|---|
| बसपा | श्याम सिंह यादव | 5,00,543 |
| भाजपा | कृष्ण प्रताप सिंह | 4,40,192 |
| कांग्रेस | देव व्रत मिश्र | 27,185 |

- श्याम सिंह यादव के मैदान में आने से सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री बाबू सिंह यादव के सामने बढ़ गई मुश्किलें

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट मिले | मत% |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कृष्ण प्रताप (केपी) | 3,67,149 | 36.45 |
| बसपा | सुभाष पांडे | 2,20,839 | 21.93 |
| सपा | पारसनाथ यादव | 1,80,003 | 17.87 |
| निर्दलीय | धनंजय सिंह | 64,137 | 6.37 |
| आप | डॉ. केपी यादव | 43,471 | 4.32 |
| कांग्रेस | रवि किशन | 42,759 | 4.25 |

| जातीय गणित अनुमानित | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2.50 लाख ब्राह्मण | 02 लाख क्षत्रिय | 2.30 मुस्लिम | 2.35 यादव | 2.40 दलित |

### ये प्रत्याशी मैदान में


कृपा शंकर सिंह।


श्यामलाल यादव।


बाबू सिंह कुशवाहा।

### धनंजय सिंह के अगले कदम पर टिकी है सभी की निगाह

- पूर्व सांसद धनंजय सिंह के दिन इस समय अच्छे नहीं चल रहे हैं। अपहरण, जबरन वसूली और आपराधिक साजिश के चार साल पुराने के एक मामले में पहले उन्हें सजा सुनाई गई, फिर बसपा ने उनकी पत्नी श्रीकला का टिकट काट दिया। क्षत्रिय मतदाता नाराज न हों इसलिए बसपा प्रचारित कर रही है कि श्रीकला रेड्डी ने टिकट वापस कर दिया है। इसके जवाब में धनंजय सिंह ने साफ कहा है कि टिकट काटा गया है। इससे उनकी पत्नी आहत महसूस कर रही हैं। मुझे अपमानित करने की साजिश की गई है। हम लोग जिसे चाहेंगे, उसे सांसद बनाकर भेजेंगे। पुराने सहयोगियों के साथ बैठकर आगे की रणनीति तय करेंगे। जानकार कह रहे हैं कि धनंजय किसी उम्मीदवार को अपना समर्थन दे सकते हैं। ऐसे में हर किसी की निगाह धनंजय सिंह पर टिकी हुई है। इस चुनाव में वे सपा का समर्थन करते हैं या भाजपा का। फिलहाल बसपा प्रत्याशी श्यामलाल यादव अब यहां भाजपा के कृपाशंकर सिंह और सपा के बाबू सिंह कुशवाहा को बाहरी प्रत्याशी बताकर अपना माहौल बनाने में जुट गए हैं।


धनंजय सिंह।

### राष्ट्रीय मुद्दों से ज्यादा जातीय समीकरण यहां तय करते हैं हार और जीत

- मूली–मक्का और इमरती मिठाई के लिए जौनपुर पूरे देश में पहचाना जाता है। जौनपुर संसदीय सीट का राजनीतिक मिजाज और लोकसभा क्षेत्रों से अलग दिखता है। यहां जातीय मुद्दा राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय मुद्दों पर हावी रहता है। यही वजह है कि इस सीट पर टिकट देते समय राजनीतिक दल हर समीकरण को समझते हैं। बसपा ने 2019 में जब सपा से गठबंधन किया तो श्याम सिंह यादव को उम्मीदवार बनाया। श्याम सिंह यादव ने दलित, मुस्लिम, यादव वोटों के सहारे इस सीट को जीत लिया। बाद में उनकी नजदीकी कांग्रेस और सपा नेताओं से ज्यादा हो गई। श्याम सिंह को उम्मीद थी कि सपा उन्हें इस चुनाव में टिकट देगी पर ऐसा नहीं हुआ। बाबू सिंह कुशवाहा को साइकिल की सवारी मिली तो उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर हमला किया। बसपा से उन्हें टिकट मिलने की उम्मीद बिलकुल नहीं थी। बसपा ने बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को टिकट दे दिया था लेकिन उनका टिकट अचानक कटने और फिर से श्याम सिंह यादव को मिल जाने से जहां भाजपाई राहत की सांस ले रहे हैं, वहीं सपा में बेचैनी देखी जा रही है।

### स्वामी चिन्मयानंद बने थे गृह राज्य मंत्री

- इस सीट पर अब तक 18 बार चुनाव हुआ है, लेकिन एक सांसद को ही केंद्र में मंत्री बनने का मौका मिला वो हैं स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती। 1999 में भाजपा के टिकट पर जीते स्वामी चिन्मयानंद को प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री बनाया गया था।

### इस सीट पर छह बार जीती कांग्रेस

- कांग्रेस को इस सीट पर छह बार जीत मिली है। पार्टी इस सीट पर 1952,57, 63,67 और 1971 व 1984 में जीती। 1962 में भारतीय जनसंघ यहां जीती थी तो 1977 और 1980 में जनता पार्टी को यहां जीत मिली। राम लहर के दौरान 1989 में भाजपा को पहली बार जीत मिली थी। इसके बाद पार्टी यहां 1996, 99 और 2014 में जीत दर्ज करने में कामयाब हुई। 1998 और 2004 में सपा के पारसनाथ यादव जीते तो 2009 में बसपा से धनंजय सिंह और 2019 में श्याम सिंह यादव ने जीत दर्ज की थी।

# मिश्रिख सीटः त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे रावत

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** तीन जिलों कानपुर, हरदोई और सीतापुर में फैली मिश्रिख लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। यह सीट 2014 से भारतीय जनता पार्टी के कब्जे में है। लेकिन इस बार यहां मुकाबला जीजा और सलहज के आमने-सामने होने के कारण काफी दिलचस्प है। भाजपा ने जहां अपने मौजूदा सांसद डॉ. अशोक कुमार रावत पर भरोसा जताया है, वहीं इंडिया गठबंधन से इस सीट पर सपा की संगीता राजवंशी उन्हें चुनौती दे रही हैं। संगीता रिश्ते में भाजपा प्रत्याशी की सलहज लगती हैं। बसपा ने राज्य सरकार के पूर्व अधिकारी और बामसेफ से जुड़े रहे डॉ. बीआर अहिरवार पर दांव लगाया है। भाजपा सांसद डॉ. अशोक रावत इस सीट पर 2004 और 2009 में भी चुनाव जीत चुके हैं, लेकिन तब वह बसपा के टिकट पर मैदान में उतरे थे।

मिश्रिख में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या करीब 33 फीसदी है। इनमें पासी जाती के मतदाताओं की संख्या अधिक है। इसी समीकरण को ध्यान में रखते हुए भाजपा और सपा ने इसी जाति के उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। 2019 का लोकसभा चुनाव सपा-बसपा ने मिलकर लड़ा था। तब गठबंधन में यह सीट बसपा के खाते में थी। बसपा उम्मीदवार डॉ. नीलू सत्यार्थी ने 4,33,757 वोट पाए थे। चुनाव जीते भाजपा के डॉ. अशोक कुमार रावत को 5,34,429 वोट मिले थे। कांग्रेस की मंजरी राही ने 26,505 वोट हासिल किए थे। 2014 के चुनाव में डॉ. अशोक रावत बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन भाजपा प्रत्याशी अंजूबाला से हार गए थे। अंजू बाला को 4,12,468 वोट, जबकि रावत को 3,25,212 वोट मिले थे। सपा के जयप्रकाश ने 1,94,759 वोट पाए थे।

### सभी विधान सभा सीटों पर खिला था कमल

- मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में सीतापुर की मिश्रिख, कानपुर की बिल्हौर, हरदोई जिले का बालामऊ, संडीला और मल्लावां विधानसभा सीट आती हैं। साल 2022 के विधान सभा चुनाव में इन सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था।

### सपा ने चार बार बदला प्रत्याशी, पहले ससुर फिर साला अब मैदान में सलहज

ऐसा लगता है कि सपा ने मिश्रिख सीट पर रावत को चुनौती देने के लिए उनके ही किसी रिश्तेदार को उतारने का मन बना रखा था। यही वजह रही कि पार्टी ने पहले पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी को उम्मीदवार बनाया। वह रिश्ते में डॉ. अशोक रावत के ससुर लगते हैं। इसके चलते राजवंशी ने दामाद के खिलाफ चुनाव लड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसके बाद सपा ने रामपाल राजवंशी के बेटे मनोज राजवंशी पर दांव लगाया। वह अपने जीजा के खिलाफ चुनाव लड़ने की रणनीति बना ही रहे थे कि सपा ने पूर्व सांसद रामशंकर भार्गव को उम्मीदवार बनाने की घोषणा कर दी। इसके अगले ही दिन सपा ने एक बार फिर यहां से अपना उम्मीदवार बदलते हुए भार्गव की जगह रामपाल राजवंशी की बहू संगीता राजवंशी को मैदान में उतारने की घोषणा कर दी। संगीता भाजपा उम्मीदवार डॉ. अशोक रावत की सलहज यानी साले की पत्नी हैं।

# रेलवे ऑफिसर्स ने जीता क्रिकेट मैच

नई दिल्ली

**अमृत विचार।** उत्तर रेलवे क्रिकेट खेल का आयोजन किया गया। आशीष कुमार ने शानदार अर्धशतक व विनम्र मिश्रा की दमदार गेंदबाजी 12 रन पर पांच विकेट की बदौलत रेलवे अधिकारी एकादश ने ब्रिटिश हाई कमिशन को आसानी से परास्त कर दिया।

यहां करनैल सिंह रेलवे स्टेडियम में आयोजनकिया गया । महत्वपूर्ण लीग मैच में ब्रिटिश हाई कमिशन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित 20 ओवर में ऑल आउट देकर 109 रन बनाए। जिसमें मार्श विलियम ने 20, राहुल वर्मा ने 18 व अतुल कुमार ने 16 रनों का योगदान दिया विनम्र मिश्रा ने 9 रन देकर 5 विकेट चटकाए जवाब में रेलवे अधिकारी एकादश ने केवल 15.4 ओवर्स में 112 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें आशीष कुमार ने 55 नाबाद रनों की तेज तर्रार पारी खेली राहुल कपूर ने 27 रनों का योगदान दिया मार्क विलियम ने दो विकेट 15 रन देकर व टोनी माइकल ने दो विकेट 20 रन देकर लिए, डीसीए स्टेट पैनल अंपायर नीरज शर्मा व दीपक कुमार ने मैच अंपायर की भूमिका निभाई।




# श्रीप्रकाश जायसवाल के भाई भाजपा में शामिल

संवाददाता, कानपुर

- प्रमोद आर्य नगर सीट से कांग्रेस के टिकट पर लड़ चुके हैं विधानसभा चुनाव

**अमृत विचार :** कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के भाई प्रमोद जायसवाल ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। योगी आदित्यनाथ की जनसभा के मंच पर प्रमोद को राकेश सचान, ग्रामीण जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा ने भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। प्रमोद जायसवाल ने कहा कि गुजारिश करता हूं कि भारी से भारी संख्या में वोट देकर देवेंद्र सिंह भोले को जिताइये। प्रमोद जायसवाल इससे पहले आर्य नगर सीट से कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं।


प्रमोद जायसवाल।

# रामलला की सफेद संगमरमर की मूर्ति वायरल

अयोध्या कार्यालय

- जयपुर के मूर्तिकार सत्यनारायण पांडेय ने मूर्ति को तैयार किया

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के लिए राजस्थान के सफेद संगमरमर से बनाई गई रामलला की मूर्ति सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मूर्ति को आकर्षक रंगों से सजाया गया है। जयपुर के मूर्तिकार सत्यनारायण पांडेय ने मूर्ति को तैयार किया है।

22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए मूर्तिकारों के ने तीन मूर्ति बनाई थीं। कर्नाटक के अरुण योगीराज की कृष्ण शिला पर बनाई गई मूर्ति ही प्राण प्रतिष्ठा के लिए चयनित की गई थी। अन्य दो मूर्तियां रामसेवकपुरम में रखी हुई हैं। जिसमे एक मूर्ति राजस्थान के सफेद संगमरमर पत्थर से बनी थी। मूर्तिकार सत्य नारायण पांडेय ने बताया कि 40 वर्ष पहले इस पत्थर को निकाला गया। जिसे राम मंदिर में लगाने के लिए निःशुल्क समर्पित किया गया। इस पर आठ माह तक कार्य कर पत्थर को स्वरूप दिया गया है।


रामसेवकपुरम में रखी रामलला की मूर्ति।

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यवसायी की मौत

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कस्बा निवासी एक 38 वर्षीय बीज भंडार व्यवसायी की मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

कस्बा के कोठी वार्ड में पड़ने वाले यादव टोला के निवासी त्रिभुवन की सुबेहा तिराहे पर बीज भंडार की दुकान है। मंगलवार को भी वह घर से दुकान आये थे। परंतु देर रात तक वापस न आने पर पत्नी कंचन द्वारा फोन किया गया। फोन न उठने पर किसी अनहोनी की आशंका के चलते कंचन ने इसकी सूचना पड़ोस में ही रहने वाले अपने जेठ किशन कश्यप को दी। परिवार के लोग व्यवसायी की तलाश कर ही रहे थे कि तभी किशन के मोबाइल फोन पर कॉल आयी कि तुम्हारा भाई त्रिभुवन लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर तुम्हारे पालेसर के बाहर पड़ा तड़प रहा है। सूचना पाकर आनन फानन में मौके पर पहुंचे परिजनों ने त्रिभुवन को सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया।

# रेलवे ने पुरस्कारों के लिए मांगीं प्रविष्टियां

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** रेल कर्मचारियों की साहित्यिक प्रतिभा एवं अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय की हिन्दी में कहानी, उपन्यास, नाटक एवं अन्य गद्य साहित्य के लिये 'प्रेमचंद पुरस्कार' तथा काव्य-गजल संग्रह के लिये 'मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार' योजनायें संचालित की जाती हैं। आधार वर्ष-2023 के लिये प्रविष्टियाँ आमंत्रित हैं।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत केवल सेवारत रेल अधिकारी/कर्मचारी ही भाग लेने के पात्र हैं। पुस्तक लेखक अथवा कवि की मौलिक कृति होनी चाहिये। पुस्तक सामान्यतः 100 पृष्ठों से कम नहीं होनी चाहिये। आधार वर्ष 2023 के अन्तर्गत पुस्तक का लेखन अथवा प्रकाशन कार्य 01 जनवरी, 2020 से 31 दिसम्बर, 2022 तक पूरा होना चाहिये। निर्धारित प्रपत्र पर राजभाषा विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के पास प्रविष्टियाँ भेजने की अंतिम तिथि 22 जुलाई, 2024 है। किसी अन्य जानकारी के लिये राजभाषा विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर से सम्पर्क किया जा सकता है। रेलवे बोर्ड द्वारा चयनित सर्वोत्तम पुस्तकों के लिये कथा/कहानी, उपन्यास, नाटक एवं अन्य गद्य साहित्य के लिये 'प्रेमचंद पुरस्कार' और काव्य-गजल संग्रह के लिये 'मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार' हेतु दोनों विधाओं में अलग-अलग प्रथम पुरस्कार रू. बीस हजार द्वितीय पुरस्कार रू.. दस हजार एवं तृतीय पुरस्कार रू. सात हजार तथा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

# द ग्रेट खली आज मांगेंगे भाजपा के लिए वोट

**कानपुर।** डब्लूडब्लूई रेसलर द ग्रेट खली गुरुवार को किदवई नगर विधानसभा में रोड शो कर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के लिए वोट मांगेंगे। भाजपा दक्षिण एवं शहर संसदीय क्षेत्र के मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने यह जानकारी दी कि द ग्रेट खली का रोड शो शाम पांच बजे सीटीआई चौराहा से शुरू होगा जो चावला मार्केट, परम पुरवा, जूही डिपो, बारादेवी चौराहा, साइड नंबर वन, किदवई नगर चौराहा, 40 दुकान, बाबूपुरवा, चाररास चौराहा से होते हुए बाकरगंज चौराहे पर समाप्त होगा।

## सार-संक्षेप

### इंटरसिटी एक्सप्रेस के पहिए के पास लगी आग

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में बुधवार को ब्रेक बाइंडिंग के चलते नीचे पहिया के पास आग लग गई। आनन–फानन में ट्रेन को चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर रोका गया। करीब एक घंटा तक चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी रही। लोको पायलट और गार्ड द्वारा आग बुझायी गयी। इसके बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हो सकी। बुधवार को गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एल्गिन ब्रिज के निकट पहुंची तो गाड़ी में नीचे से धुआं उठने की जानकारी हुई। इस बात की जानकारी मिलते ही गार्ड और लोको पायलटों ने उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका। इसके बाद नीचे पहिया के पास लगी हुई आग को अग्निशमन यंत्र से बुझाया। इसके बाद इंटरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ रवााना की गई।


ट्रेन के पहिए की आग बुझाता कर्मी।

### लंबित विवेचना पर कोर्ट सख्त, रिपोर्ट तलब

**कानपुर, अमृत विचार :** लखनऊ क्राइम ब्रांच के आठ जवानों के खिलाफ पिछले ढाई साल से लटकी विवेचना व थाने से सबूत गायब होने के मामले में कोर्ट ने नाराजगी जताई। सीएमएम कोर्ट ने एक माह के भीतर विवेचना व सबूत गायब करने वाले पुलिस अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने के पुलिस कमिश्नर को आदेश दिए। शास्त्री नगर निवासी मयंक सिंह ने कोर्ट के आदेश पर लखनऊ क्राइम ब्रांच में तैनात आठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ काकादेव थाने में नवंबर 2021 में डकैती की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मयंक ने आरोप लगाया था कि क्राइम ब्रांच के जवानों ने उसे पकड़ कर जबरन बंधक बनाया और 40 लाख रुपये लूट लिए। मामले में ढाई साल से विवेचना लंबित होने के बाद मयंक ने सीएमएम कोर्ट में याचिका दाखिल की। मयंक ने बताया कि पुलिस ढाई साल से विवेचना लंबित रखे है, साथ की कहा कि कोर्ट में पेश किए गए सबूत जो विवेचना में शामिल करने के लिए थाने के पैरोकार को दिए गए थे वो भी गायब हो गए हैं। जिसके बाद कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को निर्देश जारी करते हुए कहा कि मामले की जल्द से जल्द विवेचना पूरी कराएं। सबूत गायब करने वाले पुलिसकर्मियों की जांच करा कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए और मामले की पूरी रिपोर्ट एक माह में पेश करने के आदेश जारी किए।

### विदेश भेजने के नाम पर 98 हजार ठगे

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक शख्स ने एक व्यक्ति से 98 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने देवा कोतवाली में शिकायत की है। रामनगर कस्बा निवासी मोहम्मद अरमान ने देवा कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कोडरी मजरे जोलिया बनारसपुर निवासी मोहम्मद जुबेर ने उससे सऊदी अरब में नौकरी दिलाने व वीजा बनवाने के नाम पर 98 हजार रुपये ले लिए और वीजा भी नहीं बनवाया। जब पीड़ित ने उसे पैसे की मांग की तो वह आनाकानी करने लगा और फोन पर धमकी देने लगा। जिसकी शिकायत मोहम्मद अरमान ने देवा कोतवाली में की है। प्रभारी निरीक्षक देवा अनिल कुमार पांडे ने बताया कि तहरीर मिली है।

# नृत्य गोपाल दास ने देखा मंदिर निर्माण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** वैशाख अमावस्या पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने रामलला का दर्शन पूजन किया। मंदिर के दूसरे तल व अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन भी किया। रामनवमी के बाद बुधवार को ट्रस्ट अध्यक्ष मंदिर परिसर पहुंचे थे।

ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने कहा कि धाम में रामलला के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या में लगातार वृद्धि प्रभु की कृपा का परिणाम है। बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ट्रस्ट कृतसंकल्पित है। दूसरे मंजिल के साथ परकोटे के निर्माण का कार्य अपनी गति से चल रहा है। निर्माण समिति की देखरेख में कार्यदायी संस्थाएं बेहतर कार्य कर रही हैं। विश्व के सुंदरतम मंदिर का निर्माण ट्रस्ट की प्रथमिकता में है।


रामलला के दर्शन के बाद मौजूद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास।

### सपा नेता के बयान को बताया मूर्खतापूर्ण

महंत नृत्य गोपाल दास ने सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव द्वारा मंदिर को लेकर दिए बयान को मूर्खता पूर्ण बताया और कहा रामलला ऐसे लोगों को सद्बुद्धि प्रदान करें। रामलला का मंदिर शास्त्रसम्मत और विद्वानों के कुशल मार्ग दर्शन में निर्मित हुआ है। इस दौरान विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, संत जानकी दास, जगन्नाथ दास, श्रेषकर, रामशंकर आदि उपस्थित रहे।

# देश में महंगाई हुई दोगुनी : टिकैत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले के किसान नेता मुकेश सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत बुधवार को बंधौली गांव स्थित उनकी समाधि स्थल पर पहुंचे। श्रद्धांजलि देने के बाद राकेश टिकैत ने पत्रकारों से बातचीत में केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज किसानों की आय तो दोगुनी नहीं हुई, लेकिन महंगाई जरूर दोगुनी हो गई है। उन्होंने अग्निवीर योजना की आलोचना करते हुए कहा कि आज अग्निवीर चार साल और नेतावीर के लिए 80 साल की योजना है। यह सरकार भाजपा की नहीं, बल्कि पूंजीपतियों की है। वहीं कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसानों के कर्ज माफ करने के वादे को लेकर कहा कि सभी दलों ने किसानों के मुद्दे को घोषणा पत्र में शामिल किया है।

# शिक्षा विभाग ने पुलिस को सौंपे जांच के दस्तावेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शिक्षा विभाग में फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच ने तेजी पकड़ ली है। विभाग की ओर से पुलिस की जांच टीम को दस्तावेज सौंप दिए हैं। इनमें अब तक नौ लोगों के बयानों को भी शामिल किया गया है।

शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि ऐसे कर्मचारी जो इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल रहे हैं उनके लिखित बयानों को भी पुलिस जांच टीम को सौंपा गया है। पूरे मामले की विभागीय जांच भी चल रही है। दोनों स्कूलों ने अभी अपनी जांच रिपोर्ट नहीं दी है। पुराने रजिस्टर और जांच से जुड़े दस्तावेजों में छेड़छाड़ की जांच भी की जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पुलिस के साथ विभाग पूरा सहयोग कर रहा है। विभागीय जांच भी चल रही है।

### छह जिलों में भेजी जाएगी पुलिस

फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में पैनल में जिन फर्जी शिक्षकों के नाम कूटरचित चयन सूची में शामिल हैं. वे सभी सीतापुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर और वाराणसी से जुड़े हुए हैं। पुलिस के पास इनके पते हैं। पुलिस ने दोनों रिटायर डीआईओएस प्रथम व द्वितीय के पते भी ले लिए हैं। इसके बारे में उनसे भी बयान लिए जाएंगे। पुलिस ने उस कंप्यूटर का स्क्रीन शॉट भी लिया है। इसमें वह मेल दिख रही है जिस नाम से फर्जी मेल आई है।

एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम्।
अविधेया इवादान्ता हया: पथि कुसारथिम्॥

जैसे बेकाबू और अप्रशिक्षित घोड़े मूर्ख सारथी को मार्ग में ही गिराकर मार डालते हैं। वैसे ही यदि इंद्रियों को वश में न किया जाए तो ये मनुष्य की दुश्मन बन जाती हैं।

## संपादकीय

# गंभीर समस्या

उत्तराखंड के जंगलों में आग प्रमुख आपदाओं में से एक है। जंगलों में आग लगने का संकट इस बार ज्यादा गंभीर नजर आ रहा है। राज्य का 40 प्रतिशत हिस्सा जल रहा है। हर वर्ष उत्तराखंड में जंगल की आग से वन पारिस्थितिकी तंत्र, वनस्पतियों, जीवों की विविधता और आर्थिक संपदा को भारी नुकसान होता है। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका पर सुनवाई के दौरान बुधवार को पीठ ने कहा कि 'क्लाउड सीडिंग' (कृत्रिम बारिश) या 'इंद्र देवता पर निर्भर रहना' इस मुद्दे का समाधान नहीं है। राज्य को निवारक उपाय करने होंगे। न्यायमूर्ति बीआर गवई और संदीप मेहता की पीठ को राज्य सरकार ने बताया कि पिछले साल नवंबर से उत्तराखंड में जंगल में आग लगने की 398 घटनाएं हुईं और ऐसी घटनाओं में पांच लोग मारे गए। राज्य के उप महाधिवक्ता ने बताया कि सभी आग मानव निर्मित थीं। एक अधिवक्ता ने पीठ को बताया कि राज्य एक 'गुलाबी तस्वीर' पेश कर रहा है, लेकिन मीडिया रिपोर्टों का दावा है कि जंगल की आग से निपटने में शामिल पूरी मशीनरी चुनाव-संबंधी काम में व्यस्त है। उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार पहाड़ों में लग रही आग को आपदा मानते हुए इस पर काबू पाने को जमीनी प्रयास कर रही है। प्रशासन जनसहभागिता से आग बुझाने के काम में लगा है। कुछ मामलों में वन विभाग की लापरवाही भी सामने आई है जिसके बाद 17 वन कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है। जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरुल (चीड़ के पत्तों) को एकत्र करने के लिए पिरुल लाओ-पैसे पाओ मिशन की शुरूआत की गई है।

इस काम के लिए 50 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। वास्तव में जंगल की आग एक गंभीर समस्या है। पिछले कुछ वर्षों में आग की घटनाओं में वृद्धि हुई है और इन घटनाओं से पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान होता है। जंगल पहाड़ी इलाकों में लोगों के साथ सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जुड़े हुए हैं और क्षेत्र के आर्थिक कल्याण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही वन और वन्यजीव महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन हैं और मानव जीवन व पर्यावरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्थिति दयनीय है। जो लोग आग बुझाने जाते हैं उनके पास उचित उपकरण तक नहीं हैं। दरअसल सरकारों की प्राथमिकता में पर्यावरण व वन संरक्षण शामिल ही नहीं हो पाया है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते वातावरण में तापमान बढ़ने से भी आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। हमें बढ़ते तापमान के साथ प्रकृति संरक्षण के उपायों को बढ़ावा देना होगा। निस्संदेह जंगलों की आग पर ग्रामीणों के सहयोग के बिना काबू नहीं पाया सकता।

# धर्म और कम्युनिकेशन के अंतस्संबंध की समस्याएं



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भारत में भगवान का सम्मान करने के लिए कानून को हाथ में लेने की जरुरत नहीं है। कानून के भय से आम जनता में ईश्वर के प्रति सम्मान भावना पैदा नहीं की जा सकती। कानून का काम सामाजिक नियमन का है। ईश्वर के प्रति आस्था पैदा करना कानून का लक्ष्य नहीं है।

अनेक विचारक सलाह दे रहे हैं कि अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा होनी चाहिए। वरना अराजकता फैल जाएगी। इस तरह के लोगों के विचारों को सुनकर एक पल के लिए यही लगता है, अभिव्यक्ति की आजादी का दायरा खींचने की जरूरत है। सच यह है अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं तय करना संभव नहीं है। अभिव्यक्ति का लक्ष्य मात्र अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि उसका परम लक्ष्य तो अभिव्यक्ति की सीमाओं का विस्तार करना और तोड़ना है। हर दौर में लेखकों-कलाकारों ने यह काम किया है, वे यह काम आज भी कर रहे हैं।

सामान्य कम्युनिकेशन भी सीमाएं नहीं मानता। एक जमाना था औरतें पर्दे की आड़ लेकर, घूंघट में से बोलती थीं, लेकिन बोलते-बोलते वे आज जहां तक चली आई हैं उसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। बोलना या अभिव्यक्ति तो परिवर्तन की प्रक्रिया में, सीमा तोड़ने की प्रक्रिया में शामिल होना है। इसीलिए हिंदी में कहावत भी है "बोला और मरा''। अभिव्यक्ति की प्रक्रिया में मनुष्य जब भी दाखिल होगा वह देर-सबेर अभिव्यक्ति की सीमाएं तोड़ेगा। एक जमाना था कोई लड़की किसी लड़के से बात करती हुई देख ली जाती थी तो हंगामा हो जाता था, लेकिन आज स्थिति यह है कि सामान्य तौर पर शिक्षित लड़कियों के पास अपने मित्र लड़कों के मोबाइल में नंबर रहते हैं और वे घर में ही आराम से बातें करती रहती हैं। अभिव्यक्ति की विशेषता है कि वह सीमा नहीं मानती। चाहे जितने कानून बनाओ, चाहे जितने आदेश लागू करो।

अभिव्यक्ति और धर्म के अंतस्संबंध में एक बात साझा है वह है, धर्म भी नियम सीमा नहीं मानता और अभिव्यक्ति भी नियम सीमा नहीं मानती। धर्म को यदि प्राचीन नियमों के अनुसार ही चलाया जाए तो धर्म अनाकर्षक होगा। उसकी कोई अपील नहीं होगी। दूसरी बात यह कि प्राचीन काल में तो धर्म ही कम्युनिकेशन था। कालांतर में अन्य कम्युनिकेशन के रूप आए हैं। धर्म की भूमिका मूलतः कम्युनिकेशन की ही रही है। कम्युनिकेशन में ज्योंही एक-दूसरे के बीच संवाद आरंभ होगा, कम्युनिकेटर और समाज के बीच में संवाद आरंभ होगा, अभिव्यक्ति की सीमाएं क्रमशः टूटने लगेंगी। यह अभिव्यक्ति का अंतर्निहित नियम है। हिंदू धर्म में भगवान से बड़ा भक्त है, जबकि इस्लाम में अल्लाह बड़ा है, बाकी उसके मातहत हैं। हिंदू धर्म में भगवान नियंता नहीं है, भक्त नियंता है। हिंदू धर्म में नियम महत्वपूर्ण नहीं है, आदत या संस्कार महत्वपूर्ण हैं। आदतें महत्वपूर्ण होने से हिंदू धर्म में किसी भी किस्म के शारीरिक नियंत्रण की संभावनाएं नहीं हैं। धर्म का लंबे समय से अंदर से रुपांतरण होता रहा है। हमारे यहां कोई एक नियंता नहीं है। हर नागरिक का अपना-अपना हिंदू धर्म है। हिंदू धर्म में यह उदारता या खुलापन बड़े वैचारिक संघर्षों के कारण पैदा हुआ है और यह प्रक्रिया बड़ी श्रमसाध्य और त्यागपूर्ण रही है। इसके विपरीत इस्लाम में नियंता रहे हैं और नियंता के प्रति हर मुसलमान को समर्पण करना और उसके बनाए नियमों का आचरण करना जरूरी है। वरना उसके प्रति संदेह या अविश्वास पैदा होगा। इसलिए जिन देशों में इस्लाम नियंता और नियामक है, वहां पर अभिव्यक्ति की आजादी का सवाल ही पैदा नहीं होता। अभिव्यक्ति की आजादी के लिए धार्मिक नियंता की अनुपस्थिति जरूरी है। इस्लामिक देशों में चूंकि नियंता अल्लाह है। अतः वहां अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है।

हिंदू धर्म में भगवान को नियंता के रूप नहीं मानते, बल्कि संस्कार के रूप में मानते हैं। आदत है इसलिए मंदिर के सामने से गुजरते समय सिर झुका लेते हैं। यह आदत मस्जिद या गिरिजाघर के सामने से गुजरते समय नहीं होती। ईश्वर कब हमारी आदत या संस्कार में घुल-मिल गया हम नहीं जानते, लेकिन इसके बावजूद ईश्वर कभी भी हिंदू समाज का नियंता नहीं रहा। हिंदू धर्म के विभिन्न पंथों और संप्रदायों के प्रचारकों ने भी कोई संहिता बनाकर उसे लागू करने की कोशिश नहीं की।

इसके विपरीत भारत में भगवान तो है, लेकिन वह नियंता नहीं है। यहां पर भगवान भक्त का संबंध स्वैच्छिक है। इसमें भक्त बड़ा है, भगवान से। आराधना के सारे नियम भक्त बनाता है, भगवान या उसके नुमाइंदे तय नहीं करते। यही वजह है हिंदू धर्म में सबसे ज्यादा मत-भिन्नता है, इस्लाम में एक अल्ला है, हमारे यहां तैंतीस करोड़ देवी-देवता हैं, अनेक ईश्वरों के सहस्रनाम हैं। हमने एक भगवान की धारणा को कभी नहीं माना। भगवान एक नहीं है तो नियंता भी एक नहीं है। अमूमन एक ही मंदिर में अनेक देवी-देवता मिलेंगे। बड़ी तादाद में ऐसे भी मंदिर मिलेंगे जिनमें आराधक-प्रचारक की भगवान के साथ प्रतिमा लगी हुई है। यानी हमारे यहां भक्त को भगवान के बराबर का दर्जा दिया गया है। इसलिए हिंदू धर्म की परिस्थितियों के साथ इस्लाम की तुलना करना सही नहीं होगा, इस्लाम के आईने में हिंदू धर्म को नए सिरे से संगठित करना भी सही नहीं है।

हिंदू धर्म में भगवान को नियंता के रुप नहीं मानते, बल्कि संस्कार के रूप में मानते हैं। आदत है इसलिए मंदिर के सामने से गुजरते समय सिर झुका लेते हैं। यह आदत मस्जिद या गिरिजाघर के सामने से गुजरते समय नहीं होती। ईश्वर कब हमारी आदत या संस्कार में घुल-मिल गया हम नहीं जानते, लेकिन इसके बावजूद ईश्वर कभी भी हिंदू समाज का नियंता नहीं रहा। हिंदू धर्म के विभिन्न पंथों और संप्रदायों के प्रचारकों ने भी कोई संहिता बनाकर उसे लागू करने की कोशिश नहीं की। हिंदू धर्म के बहुत सारे कोड या संहिताएं सभ्यता के विकास में बहुत बाद में आए, इनके आने के बाद भी समाज में संहिताओं को न मानने की परंपरा बनी रही है। हिंदू धर्म में ईश प्रशंसा भी कर सकते हैं, ईश-समालोचना भी कर सकते हैं, चाहें तो अपने लिए नया भगवान बना सकते हैं और उसका समूचा ताम-झाम भी खड़ा कर सकते हैं। हिंदू धर्म में कोई धार्मिक कानूनी किताब नहीं है जिसके आधार पर सामाजिक दंड दिए गए हों। यदि किसी ने मनुस्मृति बना दी है तो वह भी रहेगी, लेकिन जरूरी नहीं है लोग उसे मानें। भारत में कोई भी ऐसा कालखंड नहीं रहा जिसमें मनुस्मृति के हिसाब से समाज को संचालित किया गया हो। समाज संचालन के नियम धार्मिक किताबों के बाहर थे, हो सकता है उनकी किसी लाक्षणिकता का मनुस्मृति से साम्य मिल जाए, लेकिन भारत कभी भी मनुस्मृति या धर्मशास्त्र संचालित देश नहीं रहा। भारत में ईश निंदा के लिए किसी की हत्या नहीं की गई, जबकि उनके खिलाफ क्या-क्या किया जाए उसके प्रावधान जरूर हैं, लेकिन ईशनिंदा के कारण या नास्तिक होने के कारण किसी को जान से नहीं मारा गया, जबकि इस्लाम में ऐसा नहीं है। ईश निंदा हमारी परंपरा में नास्तिकों के संघर्ष के द्वारा अर्जित संस्कार और हक है।

भारत में भगवान का सम्मान करने के लिए कानून को हाथ में लेने की जरुरत नहीं है। कानून के भय से आम जनता में ईश्वर के प्रति सम्मान भावना पैदा नहीं की जा सकती। कानून का काम सामाजिक नियमन का है। ईश्वर के प्रति आस्था पैदा करना कानून का लक्ष्य नहीं है। हमारे यहां ईश्वर है, लेकिन वह वैसे ही है जैसे टीवी है, रेडियो, इंटरनेट है। ईश्वर हमेशा से संस्कारों के कम्युनिकेशन का चैनल रहा है और आज भी है। कुछ संगठनों की भूमिका इसी प्रसंग में सबसे खतरनाक तौर पर उभरकर सामने आई है, वे इस्लाम से प्रेरणा लेकर काम कर रहे हैं। इस तरह वे सुचिंतित ढंग से हिंदू धर्म की परंपराओं और मान्यताओं को फंडामेंटलिस्टों की तरह परिभाषित कर रहे हैं और यदा-कदा लागू करने की कोशिशें भी करते रहे हैं। सच्चाई यह है कि कौन किस धर्म में जाएगा, किससे शादी करेगा यह हिंदू धर्म में कभी भी सामाजिक चर्चा के केंद्र में नहीं रहा। आदि शंकराचार्य के जमाने से लेकर तुलसीदास के जमाने तक यह चीज साफ तौर पर देख सकते हैं कि किससे शादी करोगे और कौन सा धर्म मानोगे यह नागरिक के विवेक पर छोड़ दिया गया था।

मूल बात यह कि धर्म तो कम्युनिकेशन है और कम्युनिकेशन को आप नियमों में बांध नहीं सकते। कम्युनिकेशन का नियम है तोड़ना, वह समाज को तोड़कर बनाने का काम करता है। वह पुराने को नष्ट नहीं करेगा तो नया आएगा कैसे? हर किस्म का कम्युनिकेशन अपने लिए तोड़ने-बनाने की यह जंग लड़ता है और इसे नियमों में बांधना संभव नहीं है। अभिव्यक्ति का दायरा वहां तक फैला है, जहां तक अर्थ का दायरा फैला हुआ है। हम सोचें क्या अभिव्यक्ति के अर्थ की कक्षा तय की जा सकती है?

## प्रसंगवश

# गणराज्य और निरंकुश राजा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

श्रीकृष्ण जन्मजात विद्रोही थे। उनके जन्म के समय मथुरा में गणराज्य था-अंधक, वृष्णि, भोजक, यदगण थे। गणपति उग्रसेन था। सचिव यादव वसुदेव था। दूसरी ओर उस समय मगध में राजा जरासंध निरंकुश था। उसने अनेक राजाओं को बंदी बनाकर राज्यविस्तार किया और हजारों कन्याओं का अपहरण किया था।

मथुरा की इस गण-शक्ति से जरासंध डरता भी था, लेकिन वह अपने सैन्य-दल के साथ टोह लेने को मथुरा के पास यमुना की ओर छावनी बनाकर ठहरा हुआ था। वहां एक घटना यह घटी कि उसका एक हाथी सांकल तोड़कर भाग गया, सैनिकों की पकड़ में नहीं आया। यह दृश्य अपने अखाड़े पर खड़ा युवराज कंस देख रहा था। वह अखाड़े से कूदा और उसने हाथी को सूंड से पकड़कर बैठा लिया। बस, मथुरा को जरासंध की नजर लग गई। उसने आगे की सोची और अपनी दोनों बेटी अस्ति-प्राप्ति का विवाह कंस से कर दिया। मगध जरासंध ने अस्ति-प्राप्ति देकर मथुरा का शासन -सूत्र अप्रत्यक्ष-रूप से संभाल लिया था। जरासंध के आदेश से पहले तो उग्रसेन को हटाया गया, फिर वसुदेव को हटाने की चाल चली। वसुदेव को कैद करवाया। मथुरा के चारों ओर या तो गोपों के कबीले घूमते थे या मांसाहारी वन्य जातियां थीं, जो गोपों से शत्रुता का भाव पाले हुए थीं। गोप सम्पन्न थे और सभ्यता की अग्रिम सीढ़ी पर आ चुके थे। इसलिए वसुदेव गोपों के स्वाभाविक मित्र थे, जबकि मांसाहारी असुर जातियां जरासंध के साथ थीं। कंस निरंकुश साम्राज्यवाद की कठपुतली की तरह था। आतंक-अत्याचार बढ़ता गया। आतंक-अत्याचार के खिलाफ आग भी सुलग रही थी।

गोपों की शक्ति संगठित थी। वसुदेव का बालक उन्हीं की छाया में बडा हो रहा था। षड्यंत्र हुए किंतु हर बार कंस का दाव खाली जाता। अंत में अक्रूर को भेजा, वे चाचा थे। कृष्ण-बलराम आए और सुलगती आग में घी डालकर कंस को अकेला कर के मार दिया। कंस के शासन के विरुद्ध मथुरा ही नहीं उबल रहा था, यह पूरे मध्यदेश में गूंजने वाला विद्रोह और धधकने वाली ज्वाला थी और इसका कारण कंस का श्वसुर जरासंध था। ये ही कृष्ण विद्रोह के नायक बने और पांडवों से मित्रता कर के जरासंध को मारा था। यही कृष्ण महाभारत के महानायक थे।

# चुनाव में युवा और रोजगार के मुद्दे गायब



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। बीते वर्षों में देश में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक बढ़ी है। यूं तो अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही जाती है।

लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरण का मतदान हो चुका है। 1 जून को अंतिम चरण का मतदान हो जाएगा और 4 जून को नई आने वाली सरकार की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। विभिन्न राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने तरीके से एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं। हर कोई सत्ता में काबिज होना चाहता है। आम जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किन मुद्दों को लेकर ये अपनी उम्मीदवारी रख रही हैं।

देश में बहुत सारी समस्याएं हैं जिनका समाधान इतने वर्षों से नहीं हुआ है। जनता त्रस्त है। सबसे बड़ी समस्या आज महंगाई की है। रोटी, कपड़ा और मकान जो एक आम इंसान की बेसिक जरूरत है, एक बड़े तबके के लिए उसे पूरा करना बहुत मुश्किल हो रहा है। खाद्य पदार्थ, सब्जियों के दाम इतने अधिक बढ़ चुके हैं कि एक सामान्य मध्यवर्गीय परिवार के लिए भी पेट पालना मुश्किल हो रहा है। निर्धन वर्ग की तो बात ही क्या करें?

बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। बीते वर्षों में देश में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक बढ़ी है। यूं तो अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही जाती है। अंतरिम बजट पेश करने से पहले सरकार ने द इंडियन इकोनामी ए रिव्यू शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें वर्ष 2027 तक जीडीपी के वर्तमान मूल्य पर अर्थव्यवस्था के 50 खरब डॉलर के स्तर को पार कर लेने की बात कही गई थी। इस तरह भारत के दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह आसान दिखती है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान मूल्य पर भारत की जीडीपी अभी लगभग 37.3 खरब डॉलर है। अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान जैसे मात्र चार देश जीडीपी के मामले में भारत से आगे हैं। दो देशों के बीच उत्पादकता और लोगों के रहन-सहन की गुणवत्ता लिविंग स्टैंडर्ड की तुलना करने के लिए इन देशों की सेवाओं और उत्पादों के साथ वहां की मुद्राओं की क्रय क्षमता के बीच तुलना की जाती है जिससे व्यक्ति के खरीदने की क्षमता का पता चलता है। इसे पर्चेजिंग पावर पैरिटी कहते हैं, लेकिन बहुत ज्यादा विश्वासनीय यह पैमाना नहीं कहा जा सकता। 2027 में विश्व की तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था बनने में कोई संदेह नहीं है, लेकिन युवाओं में फैली बेरोजगारी से हम आंखें नहीं मोड़ सकते।

सरकारी नौकरियों में पदों की संख्या बहुत कम है। रिटायर होने वाले कर्मचारियों के स्थान पर नई भर्तियां बंद हैं। लाखों पद खाली हैं, पर उनकी जगह संविदा या आउटसोर्स से ही काम चलाया जा रहा है जिससे विभागों की कार्य प्रणाली पर भी बहुत असर पड़ा है। इसके साथ ही साथ प्राइवेट सेक्टर में तो हाल बहुत ही बुरा है। विभिन्न संस्थाओं में इंजीनियरिंग छात्रों की परीक्षाएं लगभग हो चुकी हैं। 15 लाख के लगभग छात्र पास आउट होंगे पर नौकरी 1-1.5 फीसदी छात्रों को ही मिलेगी। आईआईएम के छात्रों तक को नौकरी नसीब नहीं है। अर्थव्यवस्था का असली चेहरा यही है। अर्थव्यवस्था बढ़ती तो रोजगार के द्वार भी अवश्य खुलते। इकोनॉमी टाइम्स के अनुसार 25 साल में नौकरियां में सबसे ज्यादा कटौती हुई। रेलवे, पुलिस, पोस्ट ऑफिस में ढेरों पद खाली है। पेटीएम, स्वीगी, फ्लिपकार्ट, बाइजू जैसी कंपनियां लगातार छंटनी कर रही हैं। ईपीएफ में जुड़ने वाले कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है। लिंकडिन के अनुसार कर्मचारियों पर काम का बोझ बहुत है और वे दूसरी नौकरी की तलाश में हैं। काम के घंटे बढ़ रहे हैं, जबकि मनोवैज्ञानिक काम के घंटों के बीच आराम की वकालत करते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय संगठन और मानव विकास संस्थान की नई रिपोर्ट इंडिया अपॉइंटमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार देश में नियमित वेतन पाने वाले और स्वरोजगार में लगे लोगों की वास्तविक कमाई में पिछले एक दशक के दौरान गिरावट आई है। यह आकलन मुद्रा स्फीति की दर के आधार पर किया गया है। इसी तरह खेती-बाड़ी से जुड़े 42.8 प्रतिशत नियमित श्रमिकों को और 51.9 प्रतिशत आकस्मिक श्रमिकों को निर्धारित पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है। युवाओं का वोट बैंक राजनीतिक पार्टियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन फिर भी प्रमुख राजनीतिक दलों के चुनाव पत्रों से रोजगार जैसे मुद्दे गायब दिखाई देते हैं। बेरोजगारी के कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दुष्प्रभाव हैं, जैसे मानसिक तनाव, विवाह की उम्र में देरी होना, पारिवारिक कलह, जीवन से विरक्ति आदि। जरूरत है कि राजनीतिक पार्टियां थोड़ा संवेदनशीलता दिखाकर रोजगार जैसे गंभीर मुद्दों पर सोचें और विचारें।

## सोशल फोरम

# परेशानी की वजह



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

धर्म-कर्म में रत और पति से विरत स्त्रियां मुझे पसंद नहीं। पति धर्म भी एक धर्म है जिसका पालन जरूरी है, लेकिन शायद भारत में स्त्रियां शारीरिक रूप से पहले मानसिक रूप से बूढ़ी हो जाती हैं। इस पर अगर पुरुष खुद से 10-12 साल छोटी स्त्री से विवाह करना चाहे तो उसे गलत नहीं कह सकते। क्योंकि यहां स्त्रियां जितनी तेजी से जवान होती हैं उससे दुगनी तेजी से बूढ़ी हो जाती हैं और उसके बाद उन्हें एक ही "काम" सूझता है। पूजा पाठ और केवल पूजा पाठ।

मेरे एक मित्र हैं, जो अपनी बेगम के इस व्यवहार से बड़े दुखी हैं। उन्होंने उसे प्यार से समझाया, मनाने की कोशिश की। फिर धर्म में एक बेगम का फर्ज याद दिलाया और इस संबंध में धर्म गुरुओं की तकरीरें भी सुनाईं। मित्र ने फिर एक और प्रयास किया। खोज-खाज कर कुछ आयतें भी सुनाईं। उस धर्म गुरू की तकरीर खास रूप से सुनाई जिसमें वे कहते हैं कि पति के काम से लौटने पर बेगम मुश्क वगैरह लगा, सज-धजकर अपने खाविंद का स्वागत मुस्कुराकर करे, लेकिन इतना सब करने के बावजूद कोई असर नहीं हुआ।

अब मित्र इतने दुखी हैं कि कहते हैं, अगर मेरे पास थोड़ी दौलत होती तो मैं एक निकाह और कर लेता। वैसे भी हमारे लिए चार निकाह तक जायज है और यहां दूसरे निकाह के लिए तो मेरे पास जायज वजह भी है।

मित्र डिप्रेशन से भी पीड़ित हैं। अब वजह क्या है मुझे नहीं पता? एक मनोचिकित्सक के पास जाने पर डॉक्टर ने बेगम को भी साथ लाने के लिए कहा, लेकिन बेगम साथ जाने को तैयार नहीं। उसका एक ही कहना है कि ये तुम मर्दों की दुनिया है। वहां अपना दुखड़ा रो-रो कर तुम मेरी बेज्जती करवाओगे। तुम सब मर्द एक जैसे ही हो।

आप शायद मेरे मित्र की बेबसी पर हंस रहे हैं, लेकिन ये एक बड़ी गंभीर समस्या है और एक बड़ी आबादी इससे पीड़ित है। मानसिक परेशानी और घरेलू झगड़ों की ये एक बड़ी वजह है।

**-फेसबुक वॉल से**

# हर चुनाव के समय याद किए जाते रहेंगे टीएन शेषन



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

शासन में शेषन की अगली चिट्ठी बस इंजन के रिपेयर की ट्रेनिंग की मंजूरी के लिए पहुंची। वहां बैठे आला हाकिम फिर चौंके, लेकिन इस बार जल्दी ही इजाजत मिली गई।

त्रिची की ओर जाती बस को ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के डायरेक्टर ने हाथ दिया। बस रुकी। ड्राइवर की सीट के पीछे पहुंचे डायरेक्टर ने खुद बस चलाने के लिए उसे सीट से हटने का इशारा किया। ड्राइवर उन्हें पहचान चुका था। सम्मान व्यक्त किया, लेकिन ड्राइविंग जारी रखी। दो-तीन बार उन्हें अनसुना करने पर वे ड्राइवर पर बिफर पड़े। बस के पैसेंजर दोनों की बात सुन रहे थे। उन्होंने डायरेक्टर से पूछा क्या आपका बस को कहीं भिड़ा देने का इरादा है? जवाब मिला कि मैं प्रशिक्षित ड्राइवर हूं। सबूत में अपना बैज नंबर 2956 भी दिखाया। फिर विलुपुरम्म से पेरांबलुर तक वे ही बस की ड्राइविंग सीट पर थे।

बात यहीं पूरी नहीं हुई। शासन से इजाजत लेकर बस मैकेनिक की भी ट्रेनिंग ली। फिर बस की धुलाई, ग्रीसिंग, टायर बदलने से लेकर गेयर बॉक्स खोलने तक के काम अंजाम दिए। मद्रास (तामिलनाडु) में ब्रेक डाउन के नाम पर जगह-जगह खड़ी हो जाने वाली बसों और इसके लिए ड्राइवर-मैकेनिकों द्वारा एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने के आरोपों की असलियत जानने के लिए एक आईएएस ऑफिसर सीधे ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। ड्राइवर, कंडक्टर और मैकेनिक सभी की भूमिकाएं निभाईं। ये टीएन शेषन थे जिनकी मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर यादगार पारी के लिए हर चुनाव के मौके पर उन्हें जरूर याद किया जाता है। इसके अलावा भी उन्होंने कुछ किया। उनकी आत्मकथा के हवाले से यह रोचक प्रसंग: तामिलनाडु की मौजूदा मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन उन दिनों मद्रास का ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट था। सिटी बसें भी उसके अधीन थीं। मद्रास-बंगलौर, मद्रास-त्रिची और कन्याकुमारी के लिए भी सरकारी बसें उपलब्ध थीं। शेष रूट्स पर प्राइवेट बसें थीं। सरकारी बसों की उम्दा सेवाओं का आलम यह था कि उनकी टाइमिंग से घड़ी मिलाई जा सकती थी। किसी भी हालत में बस में 35 से अधिक पैसेंजर बिठाने की अनुमति नहीं थी। समस्या सिर्फ एक थी कि पीक आवर्स में ब्रेक डाउन हो जाता। ड्राइवर तकनीकी खामियों के नाम पर बस सड़क किनारे खड़ी कर देते। वर्कशॉप से मैकेनिक पहुंचते। वे बस को दुरुस्त और चलने लायक बताते। ड्राइवर पर ड्यूटी से बचने के लिए झूठी कंप्लेंट का आरोप जड़ते। इस खींचातानी में सरकार को नुकसान और यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती। डायरेक्टर के तौर पर तैनात मर्ज की असलियत जानना चाहते थे।

शेषन की तैनाती के समय उनके बड़े भाई लक्ष्मी नारायण आईएएस डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी इंचार्ज थे, लेकिन ट्रांसपोर्ट से जुड़ी फाइलें एडिशनल सेक्रेटरी आर.थिरुमलाई के पास जाती थीं। एक दिन थिरुमलाई के पास बस ड्राइविंग सीखने की इजाजत के लिए शेषन का पत्र पहुंचा। वे चौंके। इसकी क्या जरूरत है? फिर शेषन उन्हें राजी करने में कामयाब रहे। बाकायदा ट्रेनिंग हासिल की। सफल होने पर बैज नंबर 2956 मिला। सिर्फ लाइसेंस काफी नहीं था। भीड़ भरी सड़कों पर ड्राइविंग के दौरान ड्राइवर को होने वाली दिक्कतें जानने के लिए वे एक सुबह साढ़े पांच बजे वर्कशॉप पहुंचे। माइलापोर और पैरी कॉर्नर के बीच चलने वाली बस की स्टीयरिंग संभाली और फिर डेढ़ बजे दोपहर तक की शिफ्ट पूरी की। लंबे रूट की बसों की चेकिंग के लिए वे स्टेशन बैगन से निकलते थे।

एक दिन शेषन ने कंधे पर कंडक्टर का बैग टांगा। फुटकर रुपए-रेजगारी ली। सुबह साढ़े पांच बजे से डेढ़ बजे तक की पहली शिफ्ट की। हालांकि उन्होंने यूनिफॉर्म नहीं पहनी थी। कंडक्टर की उनकी भूमिका पर सवाल उठे। सहयोगियों ने कहा कि फिर आईएएस बनने की क्या जरूरत थी? अनेक ने उन्हें पागल भी कहा, लेकिन शेषन पर इन सबका कोई असर नहीं था। वे ड्राइवर, कंडक्टर, वर्कशॉप और सवारियों सभी की वास्तविक कठिनाइयां जान उसका निदान चाहते थे। एक काम उन्हें सीखना और जरूरी लगता था। वह बस के तकनीकी पक्ष से जुड़ा था। शासन में शेषन की अगली चिट्ठी बस इंजन के रिपेयर की ट्रेनिंग की मंजूरी के लिए पहुंची। वहां बैठे आला हाकिम फिर चौंके, लेकिन इस बार जल्दी ही इजाजत मिली गई। शेषन ने याद किया कुछ समय के भीतर मैंने बस को रैंप पर ले जाना, धुलाई, ग्रीसिंग, टायर्स और बैट्री बदलना, गियर बॉक्स खोलकर उसकी सफाई सहित सभी कुछ सीखा। 1962 में शेषन जब विभाग में पहुंचे थे तो सिटी बसों की वहां तादाद 1400 थी। डेढ़ साल बाद यह तादाद 1800 थी।

# अपरिपक्व उत्तराधिकारी



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

अपरिपक्व व्यक्ति को उत्तराधिकारी बनाने के बाद उसे उसकी जिम्मेदारियों से हटा दिया गया। उम्र के एक दौर के बाद मायावती ने अपना उत्तराधिकारी अपने परिवार के ही व्यक्ति को बनाया, लेकिन बकौल मायावती वह अपरिपक्व है इसलिए उसे हटा दिया गया। बिना किसी मेहनत के बिना किसी परीक्षा के सिर्फ वह उत्तराधिकारी इसलिए है कि उसकी योग्यता इतनी सी है कि वह परिवार का सदस्य है, इसके कारण कई बड़े लोगों को नुकसान उठाना पड़ा है।

रतन टाटा ने भी अपने उत्तराधिकारी को चुना था। उस चुने हुए व्यक्ति ने अपरिपक्वता दिखाई और टाटा ब्रांड को नुकसान पहुंचाया। टाटा के कई व्यापारों को बेच दिया। बाद में टाटा ने इसे उत्तराधिकार से हटा दिया और इसके बाद टाटा ने अपनी कंपनी को दुबारा से मजबूत किया। शायद किसी शायर ने सही लिखा है -मुझ को थकने नहीं देता ये जरूरत का पहाड़/मेरे बच्चे मुझे बूढ़ा नहीं होने देते, अयोग्य और अपरिपक्व को उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद मायावती को अपनी गलती जल्द समझ आ गई। हरिवंश राय बच्चन ने लिखा है-मेरे बेटे, सिर्फ मेरे बेटे होने से मेरे उत्तराधिकारी नहीं होंगे, बल्कि जो मेरे उत्तराधिकारी होंगे वो मेरे बेटे होंगे।

# डिजिटल फ्रॉड



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

फ्रॉड करने वाले दिन-प्रतिदिन धोखा देने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं जिसके प्रति भारतीय रिजर्व बैंक बराबर सतर्क करता रहता है। अभी कुछ दिन पहले मेरे एक रिश्तेदार ने ओलेक्स पर कुछ सामान बेचने के लिए फोटो शेयर किए थे। जवाब में तुरंत किसी ने सामान खरीदने की इच्छा व्यक्त की और क्यूआर कोड स्कैन करने को कहा यह भी फ्रॉड करने का एक नया तरीका है, अगर ऐसा हो जाता तो शायद पूरा खाता ही खाली कर दिया जाता। सजग होने से वे फ्रॉड से बच गए।

आज के डिजिटल युग में कॉल करके, मैसेज भेजकर ओटीपी शेयर कराकर धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ रही है। भेजे गए मैसेज में किसी भी प्रकार का नंबर या लिंक प्रेस करने से बचने चाहिए। किसी भी स्थिति में किसी अनजान के कहने पर कोई एप डाउनलोड नहीं करना चाहिए। अनजान लोगों के द्वारा बैंक, कोरियर, आरबीआई या पुलिस का नाम लेकर कॉल करने वालों के किसी दबाव या धमकी से कोई जानकारी साझा न करें। ये केवल धोखा है जिससे आप सतर्क रहकर ही बच सकते हैं। किसी सर्विस सेंटर के नंबर के लिए कभी भी गूगल से नंबर नहीं खोजना चाहिए, बल्कि उस कंपनी की वेबसाइट पर जाकर कस्टमर केयर नंबर निकालकर सर्विस संबंधी शिकायत दर्ज कराना चाहिए। हमारी जागरूकता ही हमको इस तरह की धोखाधड़ी से बचा सकती है।

# जागेश्वर धाम में खोदाई के दौरान मिला 14वीं शताब्दी का शिवलिंग

संवाददाता, अल्मोड़ा


जागेश्वर धाम में मिला शिवलिंग।

- पूजा-अर्चना के लिए धाम में उमड़ रहे हैं दूरदराज से श्रद्धालु
- मास्टर प्लान के तहत केबिल बिछाने का चल रहा था कार्य

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में मास्टर प्लान के तहत लाइटिंग के लिए केबिल बिछाने के कार्य के दौरान श्रमिकों को जागनाथ मंदिर के पीछे शिवलिंग मिला है। जानकारी पर विभाग ने खुदाई रुकवा दी। जानकारी पर दूर दराज के भक्त एकत्र हो गए और शिवलिंग की पूजा अर्चना की।

जागेश्वर धाम की महत्ता और आस्था को देखते हुए आजकल यहां मास्टर प्लान के तहत निर्माण कार्य हो रहा है, लेकिन मंगलवार शाम खुदाई के दौरान जागनाथ मंदिर के पीछे श्रमिकों को शिवलिंग मिला। इसकी जानकारी पुरातत्व विभाग और मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों को दी गई। उक्त स्थल पर खुदाई का काम रुकवा दिया गया। शिवलिंग मिलने की जानकारी बुधवार सुबह स्थानीय लोगों को मिली। दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं यहां एकत्र हो गए और पूजा अर्चना की। लोगों ने बताया कि दस साल पहले धाम में खुदाई के दौरान भगवान विष्णु की मूर्ति भी मिली थी, जिसे एएसआई ने सहेज कर रखा है। जबकि दो दिन पहले ही धाम में ओखलीनुमा पत्थर भी खुदाई के दौरान मिला है। इधर, केंद्रीय पुरातत्व विभाग के अधीक्षण पुरातत्वविद मनोज सक्सेना ने बताया कि धाम में इलुमिनेशन के कार्य के दौरान यह शिवलिंग मिला है। खुदाई के दौरान पहले भी जागेश्वर धाम में कई मूर्तियां मिल चुकी हैं। खुदाई में मिला शिवलिंग चौदहवीं शताब्दी के आसपास का हो सकता है।

# वनाग्नि रोकने को धामी ने सचिवों को दी जिम्मेदारी

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में वनाग्नि को रोकने के लिए किए जा रहे और मानसून के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने वनाग्नि रोकने के लिए सभी सचिवों को जिलेवार जिम्मेदारी सौंपी जाए। सचिव संबंधित जिलों में जाकर प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करें और वनाग्नि रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर वनाग्नि रोकने में लापरवाही बरतने वाले वन विभाग के 10 कर्मियों को निलंबित किया गया है। कुछ और कार्मिकों पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।


फायर टीम के साथ पिरूल एकत्र करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वनाग्नि की रोकथाम के लिए जन सहयोग लें। जंगलों में आग लगाने की घटनाओं में जो भी लिप्त हैं, उन पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। वनाग्नि को रोकने के लिए रिस्पांस टाईम कम से कम किया जाए। मुख्यमंत्री ने वनों से पिरूल एकत्रीकरण के लिए प्रभावी योजना बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिरूल संग्रहण केंद्र बनाए जाएं। इसमें सहकारिता विभाग का भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री ने रुद्रप्रयाग वन प्रभाग के अन्तर्गत वनाग्नि सुरक्षा कार्यों का जायजा लिया तथा रतूडा के पास चीड़ वन क्षेत्र में वनाग्नि रोकथाम में लगे कर्मियों एवं फायर वाचरों से मिले। सीएम ने फायर टीम के साथ फायर रेक द्वारा पिरूल हटाया तथा ब्लोअर को पिरूल हटाने व फायर लाइन सफाई को कारगर बताया। मुख्यमंत्री ने पिरूल एकत्रीकरण को स्थानीय रोजगार से जोड़ने की पहल 'पिरूल लाओ धन पाओ' की शुरुआत स्वयं पिरूल एकत्रीकरण कर की।

## गूगल ने भारत में पेश किया 'गूगल वॉलेट'

- प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं वॉलेट

**नई दिल्ली।** गूगल ने भारत में एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए एक निजी डिजिटल वॉलेट पेश किया है। इसमें उपयोगकर्ताओं को लॉयल्टी कार्ड और गिफ्ट कार्ड, सार्वजनिक वाहनों के पास सहित अन्य चीजें रखने की सुविधा मिलेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि 'गूगल वॉलेट' को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। डिजिटल वॉलेट की सेवा बुधवार से भारत में शुरू हो गई। गूगल के महाप्रबंधक एवं इंडिया इंजीनियरिंग लीड (एंड्रॉयड) राम पापाटला ने कहा कि गूगल पे कहीं नहीं जा रहा है। यह हमारा प्राथमिक भुगतान ऐप बना रहेगा।

# तथ्य छिपाने पर लगाया 25 हजार रुपये का जुर्माना

## हाई कोर्ट में याची ने लंबित मुकदमे की जानकारी छिपाकर दाखिल की थी जनहित याचिका

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जताई सख्त नाराजगी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित मुकदमे के तथ्यों को छिपाकर जनहित याचिका दाखिल करने वाले याची को कोर्ट के साथ आंखमिचौली करना तब भारी पड़ गया, जब उसके इस कृत्य के कारण कोर्ट ने उस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगा दिया। दरअसल याची ने अधिकारियों द्वारा पूर्व में पारित विध्वंस आदेश के अनुपालन की मांग करते हुए जनहित याचिका दाखिल की, जिसमें उसने बताया कि विचाराधीन भूमि पार्क थी, जहां विपक्षियों द्वारा निर्माण किया गया है।

याची ने कोर्ट को यह भी बताया कि भले ही विध्वंस आदेश पारित किया गया था, लेकिन इसे बहुत लंबे समय से लागू नहीं किया गया है, जबकि विपक्षियों ने कोर्ट के समक्ष तथ्य प्रस्तुत करते हुए बताया कि विचाराधीन भूमि उनके नाम पर दर्ज है और उनके नाम पर भूमि दर्ज किए जाने के खिलाफ याची ने विभिन्न स्तरों पर आवेदन किया जिन्हें खारिज कर दिया गया, इसके बाद याची ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की, जो लंबित है। विपक्षियों ने कोर्ट को यह भी बताया कि याची ने लंबित मुकदमे के तथ्यों को छिपाकर वर्तमान जनहित याचिका दाखिल की है। कोर्ट ने याची से जब इस विषय में पूछा तो उसने बताया कि वह अलग भूमि है जबकि अभिलेख से कुछ अलग तथ्य ही सामने आते हैं। कपटपूर्ण उद्देश्य के साथ रामसूरत द्वारा दाखिल जनहित याचिका को मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मौजूदा याचिका का उपयोग उस आदेश के कार्यान्वयन की मांग करने के लिए किया जा रहा है, जिसके विरुद्ध अपील लंबित है और सक्षम न्यायालय द्वारा पहले ही आदेश पारित किए जा चुके हैं। निश्चित रूप से याची का उक्त आचरण स्वीकार्य नहीं है।

### समन आदेश पारित करते वक्त सावधानी बरतें न्यायिक अधिकारी

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों द्वारा समन आदेश पारित करने में लगातार बरती जाने वाली लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों को यह अवगत कराने की आवश्यकता है कि नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट की धारा 138 के तहत अपराध के लिए पारित समन आदेश में आवश्यक नियम और शर्तों पर चर्चा होनी चाहिए जैसे चेक नंबर, नोटिस की तारीख, नोटिस की सेवा का तरीका और अन्य आवश्यक शर्तें। उपरोक्त उल्लिखित शर्तों के अभाव में पारित किया गया समन आदेश स्वयं में निराधार और अवैध माना जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकलपीठ ने राकेश उपाध्याय की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

# प्रभारी प्रधानाध्यापक होने पर भी अध्यापक उच्च वेतन का हकदार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सुनाया महत्वपूर्ण फैसला

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सहायक अध्यापिका के पद पर नियुक्त होते हुए प्रधानाध्यापिका का कार्यभार देखने वाली शिक्षिका के मामले में महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि प्रधानाध्यापिका के पद पर तदर्थ आधार पर भी नियुक्त याची उच्च वेतन का हकदार है। इस आधार पर उक्त पद पर नियुक्त होने की तिथि से लेकर सभी परिणामी लाभों के साथ एक महीने की अवधि के भीतर बकाया वेतन के भुगतान का निर्देश भी दिया।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की एकलपीठ ने श्रीमती राज किशोरी कुशवाहा की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। दरअसल याची जिला पंचायत कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मऊआइमा, प्रयागराज में वर्ष 1982 में सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्त हुई। इसके बाद 25 जनवरी 1988 को विद्यालय की स्थायी प्रधानाध्यापिका मधु रानी श्रीवास्तव की मृत्यु हो गई। इसके बाद याची ने फरवरी 1988 से प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 2017 में याची सेवानिवृत हो गई, लेकिन प्रधानाध्यापिका के पद के लिए याची को भुगतान नहीं किया गया, जिसके कारण वर्तमान याचिका दाखिल की गई। रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने पाया कि याची के पास प्रधानाध्यापिका के रूप में नियुक्त होने के लिए उचित योग्यता है। अतः सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न निर्णयों के आलोक में कोर्ट ने याची को प्रधानाध्यापिका के पद के लिए भुगतान करने का निर्देश दिया।

### हाई कोर्ट ने शपथ आयुक्त को पद से हटाया

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शपथपत्रों को अभिसाक्षी के हस्ताक्षर के बिना निष्पादित करने की परंपरा की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि न्यायालय के समक्ष अनुचित और गलत हलफनामे दाखिल करने से न्याय प्रशासन में गतिरोध उत्पन्न होता है और मामलों की कार्यवाही में भी देरी होती है, क्योंकि मामलों को इस आधार पर स्थगित कर दिया जाता है कि हलफनामे का उचित रूप से पालन नहीं किया जा रहा है। वर्तमान मामले में शपथ आयुक्त कमलेश सिंह द्वारा दाखिल हलफनामे पर गौर करते हुए कोर्ट ने कहा कि उन्हें पता था कि शपथकर्ता ने हलफनामे पर हस्ताक्षर नहीं किया, फिर भी उन्होंने इसका निष्पादन कर दिया। इसलिए इस कृत्य को कोर्ट के साथ धोखाधड़ी माना जाएगा। अंत में कोर्ट ने शपथ आयुक्त को पद से हटाने के निर्देश के साथ दाखिल पूरक हलफनामे पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच है चुनाव : योगी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- कांट में विरोधियों पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनाव अब रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच है। 2024 का लोकसभा चुनाव नया इतिहास बनाने को उतावला दिखाई दे रहा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं के चेहरे पर हवाइयां उड़ी हुई हैं। स्पष्ट है कि चुनाव के आधे समर में ही उन्होंने हार स्वीकार कर ली है।

कांट के रामलीला मैदान में शाहजहांपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी अरुण कुमार सागर और ददरौल विधानसभा सीट से प्रत्याशी अरविंद कुमार सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि कोई कितना भी शक्तिशाली क्यों न रहा हो, अगर रामद्रोही है तो उसका पतन निश्चित हुआ है। राम भक्त हनुमान देवत्व की स्थिति में पहुंचकर लोक पूज्य हो गए। योगी ने कहा कि राम भक्तों पर गोली चलाने वाले कहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर बेकार बना। आतंकवादियों को बिरयानी खिलाने, पैरवी करने वाले और माफिया-अपराधियों को अपना खेवनहार बनाने वाले लोग आज माफिया के मरने पर फातिहा पढ़ने के लिए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने अपने पूर्वजों को धक्का देकर बाहर किया हो उनके मुंह से विरासत की बात बेईमानी है।

### झूठ के शहंशाह के खिलाफ मतदान कर करें सफाया : अखिलेश



शाहजहांपुर : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि लखनऊ और दिल्ली वालों ने जो झूठे वादे किए हैं उनका हिसाब-किताब करने का समय आ गया है। बीजेपी का हर वादा झूठा निकला है। किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन अभी तक किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। झूठ के शहंशाह के खिलाफ मतदान कर इनका सफाया करें। बरेली मोड़ स्थित मैदान में बुधवार को प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप के समर्थन में जनसभा में अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार से अपनी लीकेज नहीं रोकी जा रही है। आए दिन पेपर लीक हो जाता है। अब तक 10 से ज्यादा परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। सरकार बड़े-बड़े दावे करती है कि पूरी सावधानी से पेपर कराया जाएगा, लेकिन जब पेपर होता है तो पता चलता है कि लीक हो गया। नौजवानों का हक मारा जा रहा है।

## वज्रपात से 121 बकरियां की मौत

**कपकोट, अमृत विचार :** बुधवार की शाम बागेश्वर जिले के लमतोरा बुग्याल में आकाशीय बिजली गिरने से जंगल में चर रही करीब 121 बकरियों की मौत हो गई। यह सभी मवेशी क्षेत्र के गोगिना गांव के ग्रामीणों के थे। जो उन्हें चराने के लिए बुग्याल की ओर लेकर गए थे।

बागेश्वर जिले में बुधवार को दोपहर बाद मौसम का मिजाज काफी बिगड़ गया। शाम के समय आसमान में काले बादल घिर आए। अचानक तेज अंधड के साथ तेज हवाएं चलने लगी और बादज जोर जोर से गरजने लगे। इसी दौरान लमतोरा बुग्याल में चरने गई गोगिना गांव के पशुपालकों की करीब 121 बकरियों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई।


## वर्ग पहेली-64

**बाएं से दाएं**

2. 1. जो भारी न हो, हलका 2. जिसने गुरु से उपदेश या शिक्षा न पाई हो 3. (छंदशास्त्र) मात्रा या वर्ण जो लघु हो।
4. 1. भेद-प्रभेद 2. पार्थक्य, अलगाव, फूट 3. अंतर, प्रकार 4. खंड, विभाग 5. एक से विकसित होकर अनेक रूप बनना 6. विशेष रूप से किया गया भेद या अलगाव, (डिस्क्रिमिनेशन)।
6. 1. अविचल होने की अवस्था या भाव 2. दृढ़ता, अटलता, अडिगपन 2. स्थिरचित्तता, निश्चिंतता 3. स्थिरता।
8. 1. हाथ से बजाई जाने वाली ताली, थपोड़ी 2. कर-ताल।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. प्रकट या प्रत्यक्ष होने की क्रिया अवस्था या भाव 2. आविर्भाव, अवतार 3. ज़ाहिर होना 4. उत्पत्ति, पैदाइश।
2. 1. अभेद या एकता स्थापित करने वाला 2. समान भाव से रहने वाला। 3. दे. गुदा।
5. 1. याद आना, याद करना, हाल-चाल जानना 2. स्मरण होना।
6. 1. एक प्रकार का धारीदार चिकना कागज़ 2. एक प्रकार का पीला पत्थर 3. एक प्रकार की लाख की रंगाई।
7. 1. धातु से तैयार की गई पतली डोरी, तंतु 2. समाचार को तीव्र गति से प्रेषित करने का माध्यम, (टेलिग्राफ़) 3. तार द्वारा भेजी गई सूचना, (टेलिग्राम) 4. सूत, तागा। (मु.)-तार कर देना : टुकड़े-टुकड़े कर देना, छिन्न-भिन्न कर देना।



### वर्ग पहेली -63 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 रु | ■ | ■ | 2 प | ■ | ■ | ■ |
| टी | ■ | 3 प | र | लो | क | ■ |
| न | ■ | 4 से | व | ■ | ■ | 5 सा |
| ■ | 6 ओ | व | र | हॉ | लिं | ग |
| 7 धु | री | ■ | दि | ■ | ■ | वा |
| ■ | ■ | ■ | गा | ■ | ■ | न |
| 8 बा | र | ब | र | दा | र | ■ |

# धोखेबाज वादकारियों के प्रति मूकदर्शक नहीं रह सकते : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- बदला लेने की मंशा से दाखिल किए जाने वाले मुकदमों पर हाई कोर्ट ने जताई चिंता

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने न्याय का मंदिर समझे जाने वाले न्यायालय को विरोधी को सबक सिखाने और बदला लेने का स्थान समझने वालों की सोच पर चिंता जताते हुए कहा कि असली और फर्जी मुकदमों की पूर्व पहचान करने और अंतर करने की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। किसी भी मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद यह भेद स्पष्ट होता है।

अधिकांश मुकदमे केवल बदला लेने की मंशा से दाखिल किए जाते हैं और बाद में समझौता होने के आधार पर उन्हें खारिज करने की प्रार्थना की जाती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक वर्मा की एकल पीठ ने हरिहर सिंह और अन्य द्वारा सीआरपीसी की धारा 482 के तहत दाखिल आवेदन को अनुमति देने के साथ 6 सप्ताह के अंदर हाईकोर्ट कानूनी सेवा समिति, इलाहाबाद के समक्ष 5 हजार रुपये लागत का भुगतान करने का निर्देश देते हुए पारित किया। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी लागत लगाने से समाज के उन पक्षकारों को यह संदेश जाता है कि अदालतें बेईमान और धोखेबाज वादकारियों के प्रति मूकदर्शक नहीं बनी रह सकती हैं। जो न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करेगा, अंततः उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। वर्तमान याचिका आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत थाना कोतवाली, इटावा के अंतर्गत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इटावा के न्यायालय में समझौते के आधार पर लंबित आरोप पत्र को रद्द करने की मांग लेकर दाखिल की गई थी।

### निरस्त अधिनियम के तहत दर्ज शिकायत विचारणीय नहीं

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के संबंध में दाखिल शिकायत पर विचार करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 के अस्तित्व में रहते हुए अगर किसी खाद्य व्यवसाय संचालक से उक्त अधिनियम के तहत मिलावटी भोजन का नमूना एकत्र किया जाता है तो उक्त अधिनियम निरस्त होने के बावजूद नए अधिनियम से प्रभावित हुए बिना कानूनी कार्यवाही जारी रखी जा सकती है, लेकिन नए अधिनियम के अनुसार उस मामले पर पुनः संज्ञान नहीं लिया जा सकता है। कोर्ट ने आगे स्पष्ट किया कि नए अधिनियम, 2006 की धारा 77 के अनुसार कोर्ट अपराध घटित होने की तिथि से 3 वर्ष तक उस पर संज्ञान ले सकती है। वर्तमान मामले में नवंबर 2010 में निरस्त अधिनियम के तहत दूध के नमूने एकत्र कर कार्यवाही शुरू की गई और बाद में नए अधिनियम के अनुसार उपरोक्त मामले में पुनः संज्ञान लेते हुए समन आदेश और आगे की कार्यवाही की गई। अतः न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकलपीठ ने अशोक कुमार पाल के खिलाफ जारी आक्षेपित समन आदेश और अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इलाहाबाद की अदालत में लंबित संपूर्ण आपराधिक कार्रवाई को इस आधार पर रद कर दिया। हालांकि अधिनियम, 2006 के अनुसार विपक्षी को आगे बढ़ने की स्वतंत्रता दी गई थी, लेकिन विपक्षी ने नए अधिनियम के अनुसार कोई कार्यवाही नहीं की।

## सुडोकू -143

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | 2 | | |
| 3 | | | | 2 | | | | |
| 2 | | | 5 | 6 | | | | |
| | 8 | | 9 | | 7 | | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | 2 | | 3 | | 4 | | | |
| | | 4 | | 9 | 3 | | | |
| | | 6 | | 7 | | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |

### सुडोकू -142 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 06.21 तक तत्पश्चात द्वितीया 10 मई 04.17 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष** – आज आपकी वाणी से लोग आकर्षित रहेंगे। विरोधी भी आपके साथ अच्छा व्यवहार रखेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। निजी रिश्तों में शंका को लाने से बचें। जोखिम भरे निवेश के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

**वृष** – आज आपके द्वारा किए गए कार्यों और योगदान की लोग प्रशंसा करेंगे। आप जीवनसाथी के साथ खुशियों के पलों का आनंद लेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और आभूषणों के आप शौकीन रहेंगे।

**मिथुन** – आज व्यापार में आप कुछ त्वरित निर्णय ले सकते हैं। नए कार्यों में आपको नुकसान होगा। भोग में आप धन खर्च करेंगे। आपके शत्रु इस समय सक्रिय हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क** – आज व्यापार में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। प्रेमी जोड़े काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। आपके घर में मित्रों का आगमन हो सकता है। दांपत्य संबंधों में सुख का अनुभव करेंगे।

**सिंह** – आज महिलाएं अपनी गृहस्थी के कार्यों में लगी रहेंगी। संतान की सफलता से हर्षित होंगे। जल्दबाजी के किए गए कार्यों में गड़बड़ियां हो सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। परिवार और कारोबार में आपको संतुलन बनाकर रखना होगा।

**कन्या** – आज मन में किसी गंभीर विषय को जानने की लालसा रहेगी। लोग स्वार्थ वर्ष आपकी चापलूसी करने में लगे रहेंगे। व्यवसाय को लेकर यात्रा हो सकती है। रुके हुए कार्यों में तरक्की होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**तुला** – आज अचानक बड़े खर्चे सामने आ सकते हैं। महत्वपूर्ण पेपरवर्क्स को बेहद सावधानी पूर्वक करें। आपकी छोटी सी लापरवाही के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर थोड़े असमंजस की स्थिति में रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज विद्यार्थियों को शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति बन सकती है। व्यापार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।


**धनु** – आज जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित रहेंगे। विदेश से जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। नए काम की प्लानिंग कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों की आप मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे।

**मकर** – आज आपको पुराने अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। प्रेमीजन से अपने दिल की बात कह सकते हैं। किसी पर्यटन यात्रा के लिए जा सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। कारोबार में अच्छी ब्रान्डिंग करने में सफल रहेंगे।

**कुंभ** – आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। आप दूसरों की मदद करने के लिए धन खर्च कर सकते हैं। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं। आप जिस काम के लिए पूरी तरह निश्चित न हों तो तब तक उससे दूरी बनाकर रखें।

**मीन** – आज आप अपनी योग्यता के प्रदर्शन से आलोचकों को चौंका सकते हैं जिसके कारण आप उतनी ही शीघ्रता से काम पूरा भी कर लेंगे। आप अपने गृहकार्यों को काफी महत्व देंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। अपने मन की बातें दूसरों से तुरंत शेयर न करें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 11.55 तक तत्पश्चात रोहिणी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- सिक्का – सुबह : 10.06
- तकदीर का तमाशा – रात : 07.00

&pictures
- सैंडविच – सुबह : 10.43
- होटल मुंबई – रात : 08.00

SONY PIX
- स्टुअर्ट लिटिल – सुबह : 10.21
- 300 – रात : 09.12

ZEE CINEMA
- डोर – सुबह : 11.30
- प्रेम कहानी – रात : 07.20

colors CINEPLEX
- यू मी और हम – सुबह : 11.01
- चलते चलते – रात : 09.17

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोनों मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

इलेक्शन बायस्कोप




चुनाव में मतदान के प्रति जागरूकता अभियान में इन दिनों युवाओं का जोश भी देखते ही बन रहा है। इसी क्रम में बुधवार को लखनऊ के शिया पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम से रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया। -अमृत विचार

# अखिलेश का आकाश के बहाने बसपा पर वार, मायावती ने किया पलटवार

## सपा और बसपा प्रमुख ने एक-दूसरे पर एक्स पर पोस्ट कर दी तीखी प्रतिक्रिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को सत्तासीन भाजपा ही नहीं विपक्ष में इंडी गठबंधन से अलग खड़ी बसपा से भी राजनीतिक मोर्चे पर निपटना पड़ रहा है। दरअसल, मायावती ने कई लोकसभा सीटों पर ऐन वक्त पर प्रत्याशी बदले जिससे सपा को अपनी चुनावी गणित गड़बड़ाती दिखी। वहीं, राजनीतिक समीक्षकों की नजर में इसमें भाजपा को लाभ पहुंचाने वाला कदम दिखा। ऐसे में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जहां पहले बसपा के प्रति अचानक प्रत्याशी बदले जाने को लेकर नाराजगी प्रकट की थी वहीं, अब आकाश आनंद के बहाने मतदाताओं से यह अपील कर दी कि बसपा उम्मीदवारों को वोट देकर अपना मत खराब न करें। ऐसे में मायावती की ओर से भी कड़ी प्रतिक्रिया आनी स्वाभाविक थी।

### विफलता के कारण बसपा संगठन में फेरबदल: अखिलेश



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आकाश आनंद प्रकरण को बसपा का आंतरिक मामला तो कहा लेकिन इसके पीछे का कारण भी बताया है। बुधवार को अखिलेश ने दावा किया कि बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है क्योंकि बसपा के अधिकांश परंपरागत समर्थक भी इस बार संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए इंडी गठबंधन को ही वोट दे रहे हैं। इस बात को बसपा अपने संगठन की विफलता के रूप में ले रही है। इसीलिए उनका शीर्ष नेतृत्व संगठन में इतना बड़ा फेर-बदल कर रहा है। अखिलेश ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा कि सच तो ये है कि जब बसपा का प्रभाव क्षेत्र होते हुए भी पिछले तीन चरणों में उनकी एक भी सीट नहीं आ रही है तो फिर बाकी के चार चरणों में तो कोई संभावना बचती ही नहीं है।

### सपा कोई टिप्पणी न करें तो बेहतर: मायावती



बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने अखिलेश यादव के बयानों का संज्ञान लेते हुए पलटवार किया है। बुधवार को अखिलेश के बाद मायावती ने भी एक्स पोस्ट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कहा कि, बसपा संगठन में क्या कुछ चल रहा है इस पर घोर दलित-विरोधी सपा अगर कोई टिप्पणी व चिन्ता नहीं करे तो बेहतर। इसके बदले सपा नेतृत्व को चुनाव में उतारे गए उनके अपने परिवार व उनके यादव समाज के प्रत्याशियों का क्या हाल है इसकी केवल चिन्ता करें क्योंकि उन सब का हाल बेहाल है। मायावती ने कहा, सपा का चाल, चरित्र व चेहरा, हमेशा की तरह आज भी, जबरदस्त दलित, अति-पिछड़ा व संविधान में इनको दिए गए आरक्षण आदि के अधिकारों की विरोधी पार्टी का है। प्रमोशन में आरक्षण को खत्म करना तथा इस सम्बंध में बिल को संसद में फाड़ना आदि इनके ऐसे कार्य हैं जिसे माफ करना मुश्किल।

### यूं ही नहीं आकाश को हटाया

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की ओर से जौनपुर सीट पर जीतने वाले प्रत्याशी को एकाएक बदलने की कड़वाहट अभी खत्म भी नहीं हुई थी कि मंगलवार को आकाश आनंद को पार्टी के सभी दायित्वों से मुक्त कर देने की खबर से सभी हैरत में पड़ गये। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है कि सीतापुर में आकाश आनंद की वजह से पार्टी के अन्य नेता भी एफआईआर की चपेट में आ गए हैं। इससे लोकसभा चुनाव में प्रचार की सक्रियता प्रभावित हुई। इसको लेकर बसपा प्रमुख काफी नाराज थी। इतना ही नहीं, मायावती द्वारा रोक देने के बावजूद आकाश आनंद दिल्ली में रहकर प्रचार-प्रसार कर रहे थे। इस दौरान आकाश ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में और दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक व छात्रों के अलावा विदेश में बसे बहुजन समाज के लोगों के साथ संपर्क करते हुए न केवल बसपा का प्रचार किया बल्कि उसे सोशल मीडिया पर भी साझा किया। जो कि पार्टी प्रमुख के निर्देशों की अवहेलना के साथ ही सिद्धांत विपरीत भी है।

### अपनी ढपली अपना राग



रामद्रोही कहते हैं कि मंदिर बेकार बन गया। ये जब सत्ता में आते हैं तो हर जगह डकैती डालते हैं। इनके लिए किया गया बुलडोजर का आविष्कार। -योगी आदित्यनाथ



सपा और कांग्रेस गरीबों के लिए बनाई गई योजनाओं को भ्रष्टाचार से हड़पने का मंसूबा पाले हैं। अनुसूचित वर्ग से आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहते हैं। - धर्मपाल सिंह



हम हर उस चीज के लिए लड़ रहे हैं जिनके लिए हमारे पूर्वज लड़े। देश की परिस्थितियों को गहराई से समझना होगा और मजबूती से लड़ाई लड़नी पड़ेगी। -प्रियंका गांधी



भाजपा जानबूझकर गर्मी में वोटिंग करा रही है। फिर भी ज्यादा से ज्यादा मतदान करें, क्योंकि यह आपका जीवन बदल सकता है। -डिंपल यादव

### राहुल-अखिलेश 12 मई को राजधानी में कर सकते हैं चुनावी सभा

**अमृत विचार, लखनऊ:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव इंडी गठबंधन के तहत 12 मई को राजधानी लखनऊ में चुनावी सभा कर सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस की ओर से आधिकारिक तौर पर चुनावी सभा की जानकारी नहीं दी गई है, पर सूत्रों के अनुसार राजधानी में चुनावी सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार दुबग्गा क्षेत्र में चुनावी सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। बताया जा रहा है कि 10 मई को कन्नौज व कानपुर में चुनावी सभाओं के बाद राजधानी में चुनावी सभा कराने का कार्यक्रम है। इसी दिन बाराबंकी में भी चुनावी सभा कराने की तैयारी चल रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार तीन चरणों के मतदान के बाद इंडी गठबंधन बाकी चरणों के चुनाव में गठबंधन प्रत्याशियों को जिताने के लिए बूथ स्तर पर पकड़ बनाने में जुट गया है। गठबंधन में शामिल नेताओं व कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय बनाकर चुनावी रणनीति पर कार्य करने को कहा गया है।

### चुनावी चक्कर

**राजनीति की इच्छा जुनून की हद तक:**

राजनीति करने की इच्छा भी किसी-किसी शख्स में जुनून की हद तक चली जाती है। मामला जौनपुर जिले का है। यहां एक शख्स ने निर्दल प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन किया। इसके बाद वह प्रचार में भी जुट गया। बाद में जब नामांकन पत्रों की जांच हुई तो कुछ कमी पाए जाने पर निर्वाचन अधिकारी ने उसका पर्चा खारिज कर दिया। पर्चा खारिज हुआ नहीं कि वह शख्स सरेराह फूट-फूट कर रोने लगा। उसने कहा कि उसका शौक था लोकसभा चुनाव लड़ने का। भले ही मुझे एक ही वोट मिलता, इसका गम नहीं होता, लेकिन चुनाव ही न लड़ पाया इससे ज्यादा दुखी हूं। इस निर्दल प्रत्याशी का नाम है अमित कुमार सिंह। दरअसल, अमित का दर्द यूं ही नहीं फूटा। उसने लड़ने के लिए उसने अपना मकान, सोने- चांदी सब कुछ बेच दिया था। पर्चा खारिज होने के बाद उसने अपने सहयोगी पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुंह मांगा पैसा दिया। अब मेरा पर्चा खारिज हो गया। तो वह भाग गए। कहते हैं कि मेरी कोई गलती नहीं है। बहरहाल, यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# रायबरेली का सलोन होगा अमेठी के रण का प्रमुख निर्णायक

## पिछले दो लोकसभा चुनावों में सलोन में बढ़त लेने वाले दल का प्रत्याशी बना सांसद

धर्मेन्द्र प्रधान, रायबरेली

**अमृत विचार।** सलोन विधानसभा क्षेत्र रायबरेली का वह हिस्सा है जो लोकसभा चुनाव में अमेठी लोकसभा सीट की तस्वीर को साफ करता है। इसी सीट पर जो बढ़त लेता है वह अमेठी का सांसद बनता है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में इसी विधानसभा में बड़ी लीड लेने के कारण 2014 में राहुल गांधी और 2019 में स्मृति इरानी सांसद बनी। एक बार फिर से यह विधानसभा कांग्रेस और भाजपा के लिए गेम चेंजर सरीखी होगी।


रायबरेली की सलोन विधानसभा सीट (आरक्षित) है तथा लोकसभा चुनाव में यह सीट अमेठी का हिस्सा है। असल में इसके अतीत की भी कहानी है। 1952 के लोकसभा चुनाव में सलोन एक प्रोविंशियल लोकसभा थी। इसके पहले सांसद ब्रजलाल कुरील थे। इसके साथ ही रोखा विधानसभा भी थी। बाद में 1967 में अमेठी लोकसभा सीट बनीं और सलोन को रायबरेली की विधानसभा बना दिया गया तथा रोखा विधानसभा को खत्म कर दिया गया। असल में आजादी के पहले से सलोन का हिस्सा अमेठी से सटा रहा था तो राजनीतिक लिहाज से सलोन में अमेठी की राजनीति हावी रहती थी। जब अमेठी लोकसभा सीट बनी तो आरक्षित विधानसभा सीट और अमेठी से लगा होने के चलते सलोन को लोकसभा के चुनाव में उसका हिस्सा बना दिया गया। करीब 2.10 लाख मतदाता वाली सलोन विधानसभा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के तैयार है।

लोकसभा चुनाव में लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच ही रहती है। सपा ने 2009 से अमेठी सीट पर वॉक ओवर दे रखा है। इस कारण भाजपा और कांग्रेस के बीच ही घमासान होता है। सलोन विधानसभा में एससी वोटर सबसे अधिक है। इसी कारण भाजपा और कांग्रेस के बीच इस वोटबैंक को पाने के लिए जोर आजमाइश होती रहती है। जो सलोन में लीड करता है वह अमेठी लोकसभा जीतता है। यह कहानी 2014 के लोकसभा चुनावों से चल पड़ी है। इससे पहले के चुनावों में सलोन सीट की मार्जिन जीत के अंतर को कम अधिक करती थी लेकिन पिछले दो चुनावों से सलोन सीट पर एकतरफा वोट से अमेठी सीट जीती जा रही है। वर्ष 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से राहुल गांधी को सलोन विधानसभा में 88,111 मत (71.8 फीसदी) मत मिले। वहीं भाजपा से चुनाव मैदान में उतरीं स्मृति जूबिन इरानी को 55,014 (27.09 फीसद) मत मिले थे। 33,097 मतों से राहुल गांधी ने सलोन से बड़ी लीड ली थी और इस तरह वह चुनाव जीते थे। इसके बाद 2019 का रोमांचक लोकसभा चुनाव हुआ जिसमें स्मृति जूबिन इरानी ने सारे समीकरण ध्वस्त करते हुए सलोन विधानसभा से 90,195 मत हासिल लिए जो रिकार्ड रहे। इसके पहले किसी भी प्रत्याशी को सलोन से इतने मत नहीं मिले थे।



स्मृति ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले 35181 मत अधिक हासिल किए। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को 88285 मत मिले तथा 2019 के चुनाव की तुलना में 174 मत अधिक मिले थे लेकिन स्मृति इरानी ने सलोन से इनती बड़ी लीड थी कि वह अमेठी लोकसभा चुनाव जीत गई। साथ ही गांधी परिवार को 1977 के बाद हार का सामना करना पड़ा।

### पिछले दो विधानसभा चुनाव में दलों को मिले मत




### बसपा प्रत्याशी के उतरने से मुकाबला होगा रोमांचक

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन के कारण बसपा ने प्रत्याशी ने नहीं उतारा था और यही कारण रहा कि उस चुनाव में बसपा का कैडर वोट भी खिसक कर भाजपा के खेमे में चला गया था। यही कारण रहा था कि भाजपा को रिकार्ड मत मिले थे। इस बार स्थिति बदली हुई है। कांग्रेस ने पत्ते नहीं खोले हैं तो वही बसपा प्रत्याशी उतारेगी यह तय है लेकिन किसे उतारेगी इस पर कार्ड बंद है। बसपा के मैदान में आने से सलोन विधानसभा का चुनावी मैदान जोरदार होने की उम्मीद है। बसपा का अपना काडर वोट है तथा 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने भले ही 9495 मत पाए हों लेकिन उसने भाजपा का खेल खराब किया था। जबकि 2019 में भाजपा को बसपा के प्रत्याशी न उतरने से चुनावी रणक्षेत्र को जीतने में दिक्कत नहीं हुई। भाजपा का ग्राफ 27 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी के ऊपर पहुंच गया।

### विधानसभा चुनाव में सपा ने दी थी भाजपा को टक्कर

सलोन में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा को सपा ने जोरदार टक्कर दी थी। भाजपा इस सीट को 2111 मतों से जीत सकी थी। लोकसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस को वॉक ओवर दिया है तो सपा का पिछड़ा और बेस वोटर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में रहने की पूरी उम्मीद है। ऐसे परिदृश्य में 2019 की तुलना में इस बार भाजपा को सधी हुई रणनीति के साथ मैदान में उतराना होगा। भाजपा का थिंक टैंक भी इस पर नई रणनीति बनाने पर काम कर रहा है।

# भाजपा-सपा की सीधी लड़ाई में संघर्ष करती दिख रही बसपा

## जातीय समीकरण के आधार पर इंडी गठबंधन प्रत्याशी को उतारा मैदान में

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** कहा जाता है कि यदि कोई घर का व्यक्ति कोई गलत कार्य करता है तो आने वाली पीढ़ी उसका फल भोगती है। यदि अच्छे आचरण, अच्छे काम होते हैं तो उसकी सात पीढ़ियों तक उसका फल मिलता है। लेकिन अभी अधिक समय नहीं हुआ है। वर्ष 2009 की बात है जब एक दबाओ तीन गिराओ का नारा उठा तो जिले के तीन क्षत्रप धराशायी हो गए और कांग्रेस के टिकट पर बाराबंकी से चलकर आए बाबू बेनी प्रसाद वर्मा जीतकर केंद्र में इस्पात मंत्री बन गए। बाबू बेनी प्रसाद वर्मा का बड़ा कद देखते हुए गोंडा के मतदाताओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया और इस आशा से कि बाबू जी मंत्री बनेंगे और गोंडा में विकास की गंगा बहेगी। बाबू जी ने यहां तीन स्टील फैक्ट्रियों का उद्घाटन कर दिया। लेकिन जमीन पर न तो फैक्ट्री बनी और न ही विकास की गंगा बही। 2014 का चुनाव आया तो न कोई स्टील फैक्ट्री लगी न कहीं उसकी जमीन दिखी। नतीजा 2014 में बाबू बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिरे से खारिज कर दिया और वह जीतने को कौन कहे चौथे स्थान पर खिसक गए।

अब दस साल बाद बाबू बेनी प्रसाद वर्मा तो नहीं रहे लेकिन उनकी विरासत लेकर गोंडा संसदीय सीट पर उनकी पौत्री श्रेया वर्मा आ गई। बेनी प्रसाद वर्मा कांग्रेस से चुनाव लड़े थे और श्रेया इंडी गठबंधन में सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। जिस जातीय समीकरण पर बाबू बेनी प्रसाद वर्मा मैदान में उतरे थे उसी जातीय समीकरण को आधार बनाकर सपा ने श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। धर्मजाति के नाम पर राजनीतिक दलों ने सबका बंटवारा जरूर कर दिया है लेकिन जब श्रेया वर्मा मैदान में जाती हैं तो उनके पास उपलब्धियां गिनाने को कुछ नहीं है। पार्टी के कैडर वोट, मुस्लिम वोट तथा कुर्मी विरादरी की बदौलत वह मैदान में हैं। गोंडा लोकसभा सीट पर पूरा दारोमदार कुर्मी बिरादरी पर टिक गया है। चित पट की लड़ाई चल रही है। भाजपा अपने दो सजातीय विधायकों के भरोसे समीकरण साध रही है तो बिरादरी का प्रत्याशी होने के नाते सपा सीधे मुकाबले की रणनीति में लगी है। कुर्मी वर्ग के राम तीरथ वर्मा कहते हैं कि सपा उम्मीदवार के पास बताने के लिए कुछ नहीं है। 2009 से 2014 के बीच जो झूठे वादे बाबू बेनी प्रसाद वर्मा ने किए थे वह सब आसामानी थे। यहां के लोगों को अब ठगना आसान नहीं है। लोग पूछते हैं कि बाबू जी ने गोंडा वासियों को पांच साल में क्या दिया। इसीलिए 2014 में मुहं की खानी पड़ी।

विक्रम वर्मा कहते हैं कि कुर्मी विरादरी को अधिक समय तक नहीं बरगलाया जा सकता है। विरादरी के नाम पर कुर्मी कब तक बेवकूफ बनते रहेंगे। वहीं सपा उम्मीदवार के साथ लगे लोगों का कहना है कि भाजपा का झूठ भी किसी से छिपा नहीं है। इसलिए जनता मन बना चुकी है कि यदि विकास करना है तो सपा को ही आगे बढ़ाना होगा। सपा जाति धर्म की राजनीति नहीं करती है। वहीं भाजपा के समर्थकों का मानना है कि पिछला चुनाव दो लाख से अधिक मतों से विजय मिलेगी उससे कम इस बार भी मत नहीं मिलेगा।

## भाजपा के समर्थकों का कहना है कि पिछली बार की तरह होगी जीत


कीर्तिवर्धन सिंह


श्रेया वर्मा


सौरभ मिश्रा

### प्रत्याशियों के सामने चुनौतियां कम नहीं


सपा और भाजपा दोनों के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। विकास की बात हमेशा होती है परंतु चुनाव आते ही सारे दांव पेंच जाति धर्म पर आ टिकती है। सारे चेहरे भूल जाते हैं और याद रह जाता है अपना धर्म और जाति। ऐसा पिछले चुनावों में भी दिखा। लेकिन बीते दो चुनावों में भाजपा का बेड़ापार मोदी के नाम पर हुआ था। भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिहं को इस बार भी मोदी नाम का सहारा है लेकिन चुनौती कठिन है। इसी तरह सपा को जिस बड़े चेहरे बाबू बेनी के नाम पर उनकी पोत्री श्रेया को मैदान में उतारा गया है उसका असर उतना नहीं दिख रहा है। राजनीति के जानकार प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र कहते हैं कि सपा जिसे अपना कैडर वोट मानती है वह तो मिलेगा लेकिन जितनी अपेक्षा है उतना नहीं। वहीं भाजपा को भी मेहनत करनी होगी। सीधी लड़ाई होने के नाते चुनौती अवश्य है। बसपा सौरभ मिश्रा को यहां से उतार कर अपना पैठ बना रही है। यदि उसका संदेश कैडर तक पहुंचेगा तो आगे आने वाले विधानसभा में असर दिखेगा। फिलहाल अभी बसपा संघर्ष करती दिख रही है।

### 2019 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कीर्ति वर्धन सिंह | 5,08,190 |
| सपा | विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह | 3,41,830 |
| कांग्रेस | कृष्णा पटेल | 25,686 |
| पीएसपी | कुतुबुद्दीन खान | 6,212 |

### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कीर्ति वर्धन सिंह | 3,59,643 |
| सपा | नंदिता शुक्ला | 1,99,227 |
| बसपा | अकबर अहमद डम्पी | 1,16,178 |
| कांग्रेस | बेनी प्रसाद वर्मा | 1,02,254 |




### मोदी नाम का सहारा

बिरासत की जंग को आगे बढ़ाने में भाजपा उम्मीदवार भी लगे हैं। देश दुनिया में हो रहे भारत के नाम की चर्चा कर स्थानीय मुद्दों को दर किनार किया जा रहा है। गोंडा से छिने विश्वविद्यालय, सीवर लाइन का न बनना, आईटी बेस इंजीनियरिंग कालेज का छिनना, तीन रेलवे क्रासिंगों पर ओवरब्रिज न बनना आदि मुद्दे गौड़ हो गए हैं। भाजपा उम्मीदवार के सामने भी मोदी नाम केवलम का मंत्र है जिससे बिरासत की जंग को आगे बढ़ाने की कसरत चल रही है। 40 साल से जिस राजघराने में राजनीति की कुर्सी पर पिता और पुत्र काबिज हो रहे हैं उन्हें भी जाति, धर्म के नाम पर जंग लड़ना पड़ रहा है। इतना ही नहीं चार टर्म पिता तो चार टर्म बेटा भी कुर्सी संभाल चुका है और लोग उनसे भी सवाल दाग रहे हैं कि 40 साल की राजनीति में गोंडा को क्या मिला। राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा भले ही आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है लेकिन स्थानीय मुद्दे कहीं न कहीं उछल कर आम लोगों के सामने जरूर आ रहे हैं।

### वोट पाने की जुगत हो गई थी फेल

2019 के लोकसभा चुनाव में कुर्मी वर्ग की अधिकता को देखते हुए कांग्रेस ने कृष्णा पटेल को मैदान में उतारा था। लेकिन उन्हें मात्र 25 हजार वोट से ही संतोष करना पड़ा था। जबकि कृष्णा पटेल गोंडा की जमीन 25 साल से तैयार कर रही थीं। सोनेलाल पटेल भले ही गोंडा से चुनाव नहीं लड़े लेकिन वह गोंडा से लगातार जुड़े रहे और पूरे परिवार के साथ विरादरी से अपना नाता जोड़ने की कवायद करते रहे। यही सोचकर कृष्णा पटेल को कांग्रेस ने कृष्णा पटेल को उतारा था लेकिन विरादरी ने उनका साथ तक नहीं दिया था। इस बार सपा ने विरादरी वोट की खातिर श्रेया को मैदान में उतारा है लेकिन परिस्थितियां दूसरी हैं।

### ब्राह्मणों पर सबकी नजर

वैसे इस चुनाव में हिंदू-मुस्लिम मुकाबले की दुहाई दी जा रही है लेकिन सपा मुस्लिम, यादव के साथ सजातीय उम्मीदवार की दुहाई दे रही है। इन सबके मध्य सजातीय होने के नाते क्षत्रिय भाजपा के साथ दिख रहे हैं। दलित व पिछड़ों पर भी डोरे डाले जा रहे हैं लेकिन ब्राह्मणों को लेकर संशय बना है। भाजपा मानती है कि ब्राह्मण उनके साथ है तो सपा अपने साथ मानकर चल रही है। बसपा उम्मीदवार ब्राह्मण है इसलिए उसे भी आशा है कि कुछ न तो कुछ उसे भी मिलेगा। लेकिन यदि ब्राह्मण की बंधी गांठ खुल गई तो सपा को लाभ हो सकता है और यदि बंधी रह गई तो भाजपा को लाभ मिल सकता है।

# संगठनात्मक बैठकों में आज शामिल होंगे जेपी नड्डा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- नड्डा चित्रकूट व फतेहपुर में जनसभाओं को भी करेंगे सम्बोधित

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गुरुवार को भाजपा मुख्यालय लखनऊ में आयोजित पांचवे चरण के लोकसभा क्षेत्रों के विधानसभा सदस्यों और विधान परिषद सदस्यों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। इसके बाद वह लखनऊ कलस्टर के तहत लोकसभा क्षेत्र लखनऊ, उन्नाव, मोहनलालगंज एवं रायबरेली के लोकसभा संयोजको, प्रभारियों, विधानसभा संयोजक व प्रभारियों, जिलाध्यक्ष व जिलाप्रभारियों सहित लोकसभा विस्तारों की बैठक में भी शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठकों में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह साथ रहेंगे।

इससे पहले जेपी नड्डा दिन में चित्रकूट व फतेहपुर में आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित करेंगें। प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गुरुवार की दोपहर गोस्वामी तुलसीदास गर्वेमेंट कॉलेज बेड़ी पुलिया, चित्रकूट में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद वह रामलीला मैदान, विन्दकी, फतेहपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी भी इन जनसभाओं में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ रहेंगे।

# मोदी-अडानी भाई-भाई, देश बेचकर खाई मलाई : संजय

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** आप सांसद संजय सिंह ने कहा, मोदी-अडानी भाई-भाई, देश बेचकर खाई मलाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 10 साल बाद अडानी-अंबानी का भ्रस्टाचार नजर आया है। मोदी बोल रहें हैं कि बोरो में नोट भर भर , टेंपो से रूपया गया है। उनके इस बयान पर ईडी और सीबीआई को स्वतः संज्ञान लेकर अडानी और अंबानी के यहां पर जांच करनी चाहिये।

सांसद ने बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कहा कि मोदी ने पूंजीपति दोस्तों को रेल, सेल, कोयला, बिजली, पानी, सड़क, एफसीआई, एलआईसी, बीपीसीएल समेत हिन्दुस्तान की सारी संस्थाओं को बेचने का काम किया है। करीबी दोस्त अडानी के नाम सबकुद नीलाम कर दिया है। उसे पोर्ट दिया, एयरपोर्ट दिया, कोयला, गैस, बिजली, बड़ी-बड़ी खद्यानें, और 2.5 लाख करोड़ का कर्ज दिया है। सदन में उन्होंने, मोदी के सामने सदैव पूंजी पतियों की लूट का मुद्दा उठाया है। मगर मोदी को कभी समझ में नहीं आया है, आज जब सत्ता से विदाई का समय आया है तो उन्हें अडानी-अंबानी का भ्रस्टचार नजर आ रहा है।




**मध्य प्रदेश में चौथे चरण में 13 मई को आठ सीटों पर मतदान के साथ खत्म हो जाएगा लोकसभा चुनाव**

# इंदौर-उज्जैन संभाग में भाजपा की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस

| वोट प्रतिशत -2019 | | 2014 में मिले मत | |
|---|---|---|---|
| 49.70% | 43.23 % | 50.20 % | 41.88 % |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव चौथे चरण में देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा में 13 मई को मतदान होने के साथ समाप्त हो जाएगा। इंदौर और उज्जैन संभाग की इन आठ सीटों पर 74 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से तीन सीटें रतलाम, खरगोन और धार अदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित हैं। बीते दो चुनावों से भाजपा सभी सीटों पर कमल खिला रही है। 2009 में भी कांग्रेस केवल देवास, खंडवा, मंदसौर और उज्जैन लोकसभा सीट पर चुनाव जीत सकी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रतलाम सीट से ही मध्य प्रदेश में चुनावी बिगुल फूंका था। अब उनकी एक बार फिर यहां सभा कराने की तैयारी है। जवाब में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की भी सभाएं अगले दो दिन में होंगी।




## इंदौर में जीत का नया रिकार्ड बनाने का प्रयास

इंदौर लोकसभा सीट पर भाजपा अब तक की और प्रदेश की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश में है। यहां कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेकर भाजपा में जाने के बाद भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी के सामने कोई चुनौती नहीं रह गई है। 2019 के चुनाव में भाजपा के शंकर ललवानी को 10 .68 लाख वोट मिले थे। वह 5 .47 लाख वोटों से जीते थे। इस बार उनके सामने बसपा प्रत्याशी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन कांग्रेस ने किसी का भी समर्थन नहीं किया है। इंदौर को भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। कांग्रेस को इस सीट पर पिछले 40 साल से जीत का इंतजार है। कांग्रेस आखिरी बार 1984 में यहां जीती थी, तब पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश चंद्र सेठी सांसद चुने गए थे।

**कांग्रेस का न तो प्रत्याशी न किसी को समर्थन**

## रतलाम में कांग्रेस लगा रही इस बार जीत की उम्मीद

- इनमें रतलाम-झाबुआ और धार सीट पर सबसे तगड़ा मुकाबला माना जा रहा है। रतलाम में भाजपा की अनीता नागर सिंह चौहान और कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया में सीधा मुकाबला है। अनीता आलीराजपुर क्षेत्र की रहने वाली हैं और उनके पति नागर सिंह चौहान वन मंत्री हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गुमान सिंह डामोर ने कांतिलाल भूरिया को 90 हजार वोटों से हरा दिया था, लेकिन इस बार भूरिया कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें पांच अलीराजपुर, पेटलावद, रतलाम ग्रामीण, रतलाम शहर और सैलाना में भाजपा, जबकि तीन विधानसभा सीटों जोवट, झाबुआ और थांदला में कांग्रेस का कब्जा है। 1952 से 2019 तक यहां हुए 18 लोकसभा चुनावों भाजपा सिर्फ तीन बार जीती है। 2015 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया ने जीते थे।

| 2019 में मत प्रतिशत | | वोट प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 61.60% | 35.02 % | 58.19% | 35.44 % |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## देवास में कांग्रेस को 2009 दोहराने की तलाश

- 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई देवास लोकसभा सीट पर 2009 में कांग्रेस की जीत के बाद दो बार से भाजपा जीत रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार पूर्व जज महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कांग्रेस उम्मीदवार कबीर भजन गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया को 3 लाख 72 हजार वोटों से हराया था। भाजपा ने एक बार फिर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस से राजेंद्र मालवीय उनके सामने हैं।

## धार में भाजपा का गढ़ भेदने के लिए जूझ रही कांग्रेस

- धार लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर का उतारा है, जिनकी कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल से टक्कर है। मुवेल पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं और कांग्रेस नेताओं के पाला बदलने से परेशान हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के छतरसिंह दरबार ने कांग्रेस के दिनेश गिरवाल को 1 .56 लाख वोटों से हराया था। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस और तीन पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा से 2014 में यहां से सावित्री ठाकुर जीती थीं, जबकि 2009 में कांग्रेस ने चुनाव जीता था।

| वोट प्रतिशत -2019 | | मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 53.72 % | 42.12 % | 51.84 % | 42.18% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## खंडवा में स्थानीय मुद्दों से भाजपा को घेरने की कोशिश

- खंडवा की पहचान कवि माखनलाल चतुर्वेदी, गायक किशोर कुमार और कवि प्रदीप से है। इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव ने 2009 में जीत दर्ज की थी। उप चुनाव मिलाकर यहां पिछले तीन चुनावों 2014, 2019 और 2021 में भाजपा का कमल ही खिलता रहा है। यहां लोगों के सामने बिजली, पानी, सड़क और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याएं हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार उन्हें स्थानीय समस्याओं पर घेर रहे हैं।

| वोट प्रतिशत -2021 उपचुनाव | | मत प्रतिशत -2019 | |
|---|---|---|---|
| 49.85 % | 43.40% | 57.14 % | 38.52% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## उज्जैन में दिलचस्प हुआ चुनाव

- महाकाल की नगरी उज्जैन प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का गृह क्षेत्र है। उज्जैन लोकसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। कांग्रेस पिछली बार 2009 में जीती थी। लेकिन अब तक हुए चुनावों में 12 बार भाजपा तो कांग्रेस पांच बार ही जीत सकी है। 2014 में यहां से भाजपा के चिंतामणि मालवीय जीते थे। 2019 के चुनाव में भाजपा के अनिल फिरोजिया ने कांग्रेस के बाबूलाल मालवीय को 3 .65 लाख वोटों से हराया था। हालांकि वह 2018 में कांग्रेस के महेश परमार से विधानसभा चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने इस बार अनिल फिरोजिया का मुकाबला करने के लिए महेश परमार को मैदान में उतारकर चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

| वोट प्रतिशत -2019 | | मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 63.20 % | 34.01% | 63.07 % | 32.61% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## मंदसौर में लगाया जातीय दांव

- मंदसौर को रावण की सुराल और अफीम की खेती के लिए जाना जाता है। मंदसौर लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस आखिरी बार 2009 में चुनाव जीती थी, तब कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन ने यह सीट कांग्रेस की झोली में डाली थी। इसके बाद से भाजपा का यहां कब्जा है। 2019 के चुनाव में भाजपा के सुधीर गुप्ता से कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन को 3 .76 लाख वोटों से हार गई थीं। इस सीट पर यह सबसे बड़ी जीत थी। तीन बार यहां जीत का अंतर 10 हजार से भी कम रहा है, जबकि चार चुनावों में एक लाख से कुछ अधिक रहा है। भाजपा सांसद सुधीर गौतम तीसरी बार मैदान में उतरे हैं। कांग्रेस से दिलीप सिंह गुर्जर उन्हें टक्कर देने की कोशिश कर रहे हैं।

| वोट प्रतिशत -2019 | | मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 61.80 % | 34.37 % | 60.13 % | 34.0% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

# महाराष्ट्र में वोटर के मिजाज से बेचैनी में दोनों गठबंधन

चुनाव डेस्क

- एनडीए 400 पार के लिए पिछली बार जीती 41 सीटों से आगे निकलने की कर रहा कवायद
- इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के साथ उद्धव और शरद पवार के लिए साख बचाने का सवाल

**61.20%** वोट पड़े थे 2019 के लोकसभा चुनाव में

**57 %** से कुछ अधिक मतदान हुआ पहले दो चरण में

**55.54%** लोगों ने ही वोट डाले तीसरे चरण में

**06** दलों के दो गठबंधन में होने से असमंजस में वोटर

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश के बाद लोकसभा की 48 सीटों वाले महाराष्ट्र का महत्व भाजपा के लिए इस बार सबसे ज्यादा है। पार्टी 400 पार के लक्ष्य को हकीकत में बदलने के लिए यहां से पिछली बार एनडीए गठबंधन को मिली 41 सीटों से आगे की सफलता की उम्मीद लगाए बैठी है, लेकिन राज्य की चुनावी कहानी कुछ अलग ही अंदाज में बदल गई है। छह बड़े दल और दो गठबंधनों के कारण मतदाता लगातार असमंजस और उलझन में है। इससे हर दल के समीकरण गड़बड़ा रहे हैं। तीसरे चरण के मतदान में बारामती में भी कुछ यही हुआ। मतदाता घरों से बाहर ही नहीं आए। 50 फीसदी से भी कम वोट पड़े, जबकि इस सीट पर मराठा छत्रप शरद पवार अपनी पुत्री सुप्रिया सुले तो उप मुख्यमंत्री अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार की जीत के लिए लगातार सभाएं कर रहे थे। राज्य में तीसरे चरण में 55 फीसदी से कुछ ज्यादा ही मतदाताओं ने वोट डाले। इससे पहले दो चरणों में 57.47% मतदान हुआ था। तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत और नीचे गिरने से सभी दलों की धड़कनें और बेचैनी और बढ़ गई है। राज्य में 2019 को लोकसभा चुनाव में 61.20% और 2014 में 60.32% मतदान हुआ था।

महाराष्ट्र में शिसेना और राकांपा में टूट के बाद कौन असली-कौन नकली की जंग के बीच बाकी नारे और बातें जैसे पीछे छूटती नजर आ रही हैं।

यहां सतह पर दो गठबंधनों के बीच सीधा मुकाबला दिखता है, लेकिन जमीनी हालात दूसरे हैं। असल में दोनों गठबंधनों की सभी छह पार्टियों के बीच एक-एक सीट के लिए वर्चस्व की लड़ाई छिड़ी हुई है। महाराष्ट्र में 2019 में भाजपा और शिवसेना साथ चुनाव लड़ी थी, जिसमें भाजपा को 23 और शिवसेना को 18 सीटें मिली थीं। राज्य की कुल 48 सीटों में 41 पर एनडीए गठबंधन की जीत हुई थी। लेकिन 2024 के चुनाव में पिछली बार के मुकाबले राजनीतिक समीकरण बदल गया है। शिवसेना और राकांपा दो भागों में बंट गई है और दोनों दलों का एक-एक भाग एनडीए और इंडिया गठबंधन के साथ है। ऐसे में बड़े-बड़े राजनीतिक धुरंधर भी सही आकलन नहीं कर पा रहे हैं कि इस बार कहां किसका पलड़ा भारी है। बात यहीं तक नहीं है, वंचित बहुजन अघाड़ी भी मैदान में है। पिछली बार उसने 7% वोट लेकर कई सीटों पर प्रत्याशियों की हार-जीत तय की थी। इस बार भी वंचित अघाड़ी कई सीटों पर कमाल दिखा सकती है। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) भाजपा के समर्थन में है। अब इस चुनावी माहौल के बीच मतदाता असमंजस की स्थिति में है, खासकर शिवसेना और राकांपा को वोट देने वाले। कभी वे प्रत्याशी का चेहरा देख रहे हैं, तो कभी नेता और सीट का समीकरण। राकांपा के कुछ कार्यकर्ता कहते हैं कि दिल से हम लोग शरद पवार के साथ हैं, लेकिन अजित पवार ने जो काम किए, उन्हें नजरअंदाज भी नहीं कर सकते हैं। यही स्थिति शिवसेना के कार्यकर्ताओं के साथ है। उद्धव की शिवसेना और शिंदे की शिवसेना में किसी एक को चुनने की परेशानी के बीच मराठा आरक्षण आंदोलन भी है, जिसकी आग अभी शांत नहीं हुई हैं।



**भारत के लाल** तेलंगाना के वारंगल में चुनावी रैली के लिएजाते समय रास्ते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक छोटे बच्चे को भाजपा के पटका के साथ देखा तो रुककर उसे दुलराए बिना नहीं रहे।

# भाई-बहन और पिता-पुत्री के बीच जंग

**आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव**

**अमृत विचार।** आंध्र प्रदेश में एक ही चरण में 13 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। लेकिन मतदान से पहले यहां कई राजनीतिक परिवारों के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। कहीं, बहन के खिलाफ भाई मैदान में है तो कहीं बेटी ने अपने ही पिता के खिलाफ जंग का बिगुल बजा रखा है।

विजयवाड़ा को आंध्र प्रदेश की राजनीतिक राजधानी माना जाता है। यहां होने वाला मुकाबला बताता है कि राजनीति ने परिवारों को कितना बांट दिया है। केसिनेनी श्रीनिवास उर्फ नानी जो 2014 और 2019 में तेलुगु देशम के टिकट पर जीते थे, चंद्रबाबू नायडू से अलग होकर वाईएसआरसीपी में चले गए हैं। दरअसल उन्हें लगा कि नायडू उनके भाई केसिनेनी शिवनाथ उर्फ चिन्ना को बढ़ावा देने के लिए उन्हें दरकिनार कर रहे हैं। चिन्ना को तेलगू देशम से टिकट मिल गया था। उधर वल्लुरी भार्गव अपने चाचा को चुनौती देने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। काकीनाडा जिले में प्रभावशाली कापू नेता पूर्व सांसद मुद्रगदा पद्मनाभम की भी कुछ ऐसी ही कहानी है।

नाराज पूर्व सांसद और उनके बेटे पीथापुरम विधानसभा क्षेत्र में अभिनेता से नेता बने पवन कल्याण को हराने की कसम खाते हुए वाईएसआरसीपी में शामिल हो चुके हैं। हालांकि पूर्व सांसद की बेटी क्रांति उनसे सहमत नहीं हैं और उन्होंने पवन के साथ हाथ मिला लिया है। क्रांति ने वाईएस जगनमोहन रेड्डी पर जन सेना प्रमुख को निशाना बनाने के लिए अपने पिता का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। उधर पद्मनाभम ने पवन पर उनके परिवार में फूट डालने, उनकी बेटी को राजनीति में खींचने और उनके खिलाफ बोलने के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। इस जिले में वरिष्ठ तेलगू देशम नेता और पूर्व वित्त मंत्री यानमाला रामकृष्णुडु ने अपनी बेटी दिव्या को तुनी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

उन्होंने दिव्या को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बताया, इसके बाद उनके भाई यानमाला कृष्णुडु ने गुस्से में पार्टी छोड़ दी और वाईएसआरसीपी में शामिल हो गए। इसी तरह प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुथयाला नायडू अनाकापल्ली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सीएम रमेश के सामने हैं। 2014 और 2019 में मदुगुला विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो चुनाव जीतने वाले नायडू को अपनी विधानसभा सीट दूसरी पत्नी की बेटी अनुराधा को सौंपने के लिए कहा गया था। इससे उनकी पहली पत्नी के पुत्र रवि कुमार नाराज हो गए और उन्होंने अनुराधा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने की ताल ठोंक रखी है।

# सोरेन की सहानुभूति ... बनाम मोदी की गारंटी

**गिरिडीह संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड प्रांत की गिरिडीह संसदीय सीट पर इस बार लड़ाई सहानुभूति बनाम मोदी की गारंटी के बीच है। अबकी बार चार सौ पार और मोदी की गारंटी के सहारे मैदान में उतरी भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू के उम्मीदवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से कड़ी चुनौती मिल रही है। वर्तमान सांसद एवं आजसू के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी अपनी हर सभा में केंद्र सरकार की लाभार्थी परक योजनाओं को गिना रहे हैं। वे यह बताने से नहीं चूकते कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादे किए थे उसे पूरे किए हैं और आगे भी पूरे होते रहेंगे। जबकि झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो उन्हें यह कहकर घेर रहे हैं कि हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की गारंटी पूरी नहीं हुई। झामुमो मुखिया हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर महतो मतदाताओं की सहानुभूति वोट के रूप में बटोरना चाहते हैं। इसमें उन्हें सफलता कितनी मिलेगी यह तो चार जून को पता चलेगा। इस सीट पर 25 मई को मतदान होगा।



मथुरा महतो।

गिरिडीह संसदीय सीट पर भाजपा ने 1989 में पहली बार जीत दर्ज की थी। राम मंदिर आंदोलन के मुद्दे को उभारकर भाजपा के रामदास सिंह यहां से संसद पहुंचने में कामयाब हो गए थे। तब यहां दो बार से लगातार जीत रही कांग्रेस को हराया था। लेकिन 1991 के चुनाव में भाजपा इस सीट को बरकरार नहीं रख पायी। उसके उम्मीदवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी ने पटक दिया था। हालांकि भाजपा को इस हार का बदला लेने के लिए बहुत ज्यादा इंतजार भी नहीं करना पड़ा। जब 1996 में चुनाव हुआ तो पार्टी ने रवींद्र कुमार पांडेय को मौका दिया। रवींद्र ने न सिर्फ इस चुनाव में जीत दर्ज की बल्कि वे 1998 और 1999 में हुए चुनाव में भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इस सीट पर पहली हैट्रिक उन्हीं के नाम है। इसके बाद किसी दल के उम्मीदवार ने हैट्रिक नहीं लगाई। हालांकि 2004 के चुनाव में इस सीट को पार्टी हार गई।

जब 2009 में चुनाव हुआ तो मतदाताओं ने रवींद्र कुमार पांडेय को फिर से जिताया वे 2014 में भी जीते लेकिन 2019 में यह सीट गठबंधन की सहयोगी आजसू के खाते में गई और राज्य सरकार में तत्कालीन मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी यहां से मैदान में उतरे और जीत गए। इस बार वे फिर समर में हैं।

## मुस्लिम मतों का विभाजन जीत का आधार

इस सीट पर मुस्लिम मतों में विभाजन ही भाजपा की जीत का आधार बनता रहा है। इसी आधार पर भाजपा नीत राजग गठबंधन की सहयोगी आजसू के उम्मीदवार भी पिछला चुनाव जीते थे। हर किसी की निगाह यहां कोइरी, कुर्मी और मुस्लिम मतदाताओं पर होती है। 1996 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ( झामुमो ), कांग्रेस, जनता दल व जेएमएम( एम) अलग-अलग लड़े। मुस्लिम मत बंटा और भाजपा जीती। 1998 और 1999 में मुस्लिम मतदाता कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच बंटे फिर भाजपा जीती। 2004 में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा साथ लड़े तो भाजपा हारी। 2009 में झामुमो को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला तो भाजपा जीती। 2014 में भाजपा की जीत का आधार मतों का बंटवारा ही रहा।

**06** बार इस सीट पर काबिज हो चुकी है भाजपा

**2019** में भाजपा की सहयोगी आजसू यहां जीती थी

## राजनीति के मंझे खिलाड़ी हैं चौधरी

- चंद्रप्रकाश चौधरी राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी है। झारखंड राज्य के गठन के लिए उन्होंने आंदोलन किया और इसी वजह से उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। 2005 में वह अर्जुन मुंडा की सरकार में पहली बार मंत्री बने। 2006 में मधु कोड़ा, 2009 में शिबू सोरेन , 2010 में फिर अर्जुन मुंडा की सरकार में मंत्री बने। रघुवर दास की सरकार में भी उन्होंने मंत्री पद संभाला। उनके विरुद्ध लड़ रहे मथुरा महतो भी तीन बार के विधायक हैं। राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। वे लोगों को बताने में जुटे हैं कि भाजपा ने किस तरह ईडी का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया। वे लगातार हेमंत सोरेन को स्वच्छ और ईमानदार नेता बताने में जुटे हुए हैं।



चंद्रप्रकाश चौधरी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 बोल्ड 1135 डीएमओ 885।


## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-1300 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

### सेल्सफोर्स ने अपनी नई स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट जारी करके कही बात...

# एआई से सेवा पेशेवरों की होती समय की बचत

बेंगलुरु, एजेंसी



आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के बढ़ते उपयोग के बीच सेवा क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों का कहना है कि इससे समय की बचत के साथ ही दक्षता और ग्राहक संतुष्टि में भी सुधार हो रहा है। सेल्सफोर्स ने अपनी नई स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट में यह बात कही है। इस रिपोर्ट में 30 देशों में 5,500 सेवा पेशेवरों के बारे में सर्वे के परिणाम दिए गए हैं, जिनमें भारत के 300 पेशेवार शामिल हैं।

इस रिपोर्ट में ग्राहक सेवा का निर्धारण करने वाली प्राथमिकताओं, चुनौतियों और रणनीतियों को शामिल किया गया है, जिनमें यह भी शामिल है कि सर्विस टीमें ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं के बीच अपना राजस्व, एफिशियंसी और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने के लिए किस प्रकार एआई और डेटा का उपयोग कर रही हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन एफिशियंसी बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। क्वालिटी से समझौता किए बिना सेवा में सुधार के लिए संगठन एआई के उपयोग की तरफ ज्यादा झुक रहे हैं। इसमें कहा गया है कि भारत में 73 प्रतिशत सेवा संगठन एआई का उपयोग या आकलन कर रहे हैं। देश में 93 प्रतिशत सेवा संगठन इस साल एआई में निवेश बढ़ाना चाहते हैं। भारत में सेवा के लिए एआई के उपयोग के सर्वोच्च 3 मामले हैं, ऑटोमेटेड सारांश और रिपोर्ट, बेहतर ऑफर एवं परामर्श, ज्ञानपूर्ण लेख की रचना। इसमें कहा गया है कि भारत में एआई का उपयोग करने वाले 94 प्रतिशत सेवा पेशेवरों ने कहा कि इससे उनका समय बचता है। सेवा संगठनों ने राजस्व निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया। सेवा को लागत केंद्र के रूप में राजस्व निर्माता के रूप में देखने का चलन बढ़ रहा है, और सेवा टीमें विस्तार के लिए निवेश कर रही हैं। देश में 79 प्रतिशत संगठनों को उम्मीद है कि इस साल उनके राजस्व में सेवा का योगदान ज्यादा रहेगा। भारत में 85 प्रतिशत सेवा संगठनों को इस साल ज्यादा बजट की उम्मीद है।

### ग्राहकों की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रहीं हैं : अरुण

सेल्सफोर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक (सेल्स) अरुण कुमार परमेश्वरन ने कहा- ग्राहकों की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। एआई के फायदे साफ दिख रहे हैं, जिनमें ज्यादा उत्पादकता, कीमतों में कमी, और बेहतर ग्राहक अनुभव शामिल हैं। संगठन डेटा क्षमताओं और ऑटोमेशन की परिपक्वता बढ़ाकर गुणवत्ता और स्पीड के साथ सेवा प्रदान करने में बेहतर संतुलन बनाने में समर्थ हो रहे हैं। एआई और डेटा से अगले स्तर का ग्राहक अनुभव मिल रहा है, और एआई विभिन्न उपयोगों में कारगर साबित हो रहा है, तथा राजस्व निर्माण के अवसर उत्पन्न करके ग्राहकों को अतुलनीय मूल्य प्रदान कर रहा है।

## रेलवे ने प्रतिदिन 7.41 किमी की दर से बिछाई पटरियां

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने पिछले 10 साल में औसतन 7.41 किलोमीटर प्रतिदिन की दर से पटरियां बिछाईं हैं जिनमें नई लाइन के निर्माण के साथ-साथ मौजूदा लाइन का दोहरीकरण, तिहरीकरण और आमान परिवर्तन शामिल है। रेलवे ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, उसने 2014-15 से 2023-24 तक 10 वर्षों में कुल 27057.7 किलोमीटर रेल की पटरियां बिछाई हैं। आवेदन दायर करने वाले मध्य प्रदेश निवासी चंद्रशेखर गौड़ ने कहा कि जब मैंने आंकड़ों की गणना की, तो पता चला कि 10 वर्षों में प्रतिदिन औसतन करीब 7.41 किलोमीटर की दर से पटरियां बिछाने का काम किया गया।

## मोदी शासन में पीएसयू परेशान नहीं बल्कि फल-फूल रहे : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस पार्टी के आरोपों पर वित्त मंत्री ने दिया जवाब



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सार्वजनिक उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि पहले उपेक्षित रहे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जैसे उपक्रमों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के दौरान ''पुनरुत्थान'' हुआ।

कांग्रेस पार्टी तथा उसके नेता राहुल गांधी के सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के परेशानी झेलने के आरोपों का खंडन करते हुए सीतारमण ने कहा कि यह ''उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'' जैसा है। मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) फल-फूल रहे हैं, तथा उन्हें बढ़ी हुई परिचालन स्वतंत्रता के साथ-साथ उनमें पेशेवर संस्कृति का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जो पहले संप्रग सरकार के दौरान उपेक्षित थे, मोदी सरकार के दौरान फिर से खड़े हुए। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस और खासकर राहुल गलत आरोप लगा रहे हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 83,850 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,600-54,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,450 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,300 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,000 |
| चांदी पक्की | 815 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,450 |
| चांदी आभूषण | 82,100। |

## अकासा एयरलाइन में ले जा सकेंगे 10 किलो तक के पालतू जानवर

**नई दिल्ली।** अकासा एयर ने अब घरेलू उड़ानों के केबिन में 10 किलोग्राम तक वजन वाले पालतू जानवरों को भी ले जाने की अनुमति यात्रियों को दे दी है। एयरलाइन ने बुधवार को उड़ान में ले जाने लायक पालतू जानवरों के वजन को बढ़ाने की घोषणा की। उसने यह कदम ग्राहकों की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए उठाया है। अकासा एयर ने नवंबर, 2022 में यात्रियों को केबिन या कार्गो में बिल्लियों और कुत्तों के साथ घरेलू उड़ानों में उनके वजन के आधार पर यात्रा करने की अनुमति दी थी। इससे पहले सात किलोग्राम वजन की सीमा तय की गई थी।

# 10 जिलों में बिकी 26,828 एमटी अधिक यूरिया, जांच के निर्देश

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

लापरवाही

- कन्नौज, फर्रुखाबाद, कासगंज सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर बदायूं में बिक्री संदिग्ध
- जायद में पिछले वर्ष 35 दिन में 97,811 एमटी और इस वर्ष 1.24 लाख एमटी बिक्री



**अमृत विचार :** प्रदेश के 10 जिलों में जायद फसल के दौरान 1 अप्रैल से 5 मई तक अनुमान से अधिक यूरिया बिक गई। कृषि निदेशालय ने इसे संदिग्ध मानकर संबंधित जिला कृषि अधिकारी को अधिक यूरिया बेचने वाले फुटकर विक्रेताओं की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कृषि विज्ञानियों की मानें तो जायद फसल मार्च से मई तक होती है। इसमें मक्का, उड़द, मूंग व ज्यादातर सब्जियां बोई जाती हैं। मक्का को छोड़कर बाकी जायद फसलों में यूरिया का इस्तेमाल कम होता है। जायद मक्का भी कन्नौज, फर्रुखाबाद समेत आलू बेल्ट में ज्यादा होती है। जहां, आलू की फसल के बाद मक्का करने पर यूरिया कम मात्रा में लगती है। इसके बावजूद विभागीय आंकड़ों के अनुसार बिजनौर, कन्नौज, कासगंज, सहारनपुर, फर्रुखाबाद, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बदायूं, मुजफ्फरनगर व मेरठ में 1 अप्रैल से 5 मई तक 1,24,639 मीट्रिक टन यूरिया बिकी। पिछले वर्ष इन 35 दिन के अंतराल में इन जिलों में 97,811 मीट्रिक टन यूरिया की बिक्री हुई थी। इस वर्ष 26,828 मीट्रिक टन अधिक यूरिया बिकी। हालांकि विभाग इसका कारण खेती का क्षेत्रफल बढ़ना बता रहा है। लेकिन, हकीकत जांच में पता चलेगी।

**खरीफ के लिए यूरिया डंप करने की आशंका:** जायद में यूरिया की खपत और बिक्री कम होती है। कालाबाजारी करने वाले इस सीजन का फायदा उठाकर खरीफ व रबी फसल के लिए यूरिया डंप कर लेते हैं। खेतों में इस्तेमाल होने वाली यूरिया नीमकोटेड होती है और अनुदान काटकर सस्ती पड़ती है। इसका इस्तेमाल फैक्ट्रियों में प्लाई बोर्ड, पेंट, पशु आहार आदि बनाने में भी किया जाता है। जबकि फैक्ट्रियों में कॉमर्शियल टेक्निकल ग्रेड यूरिया मान्य है। जो काफी महंगी मिलती है और नीमकोटेड खरीदने पर दो हजार रुपये तक बचते हैं। इस तरह के मामले पूर्व में पकड़े भी गए हैं।

इस मामले को लेकर संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि यह नियमित समीक्षा है जो हर माह करते हैं। अधिक यूरिया की बिक्री होना जिलों में खेती का क्षेत्रफल बढ़ना है। फिर भी जांच के निर्देश दिए हैं कि कहीं असंतुलित मात्रा में यूरिया का प्रयोग तो नहीं हुआ है।


## राष्ट्रीय

# शहजादे ने अंबानी-अडाणी से कितना माल उठाया: मोदी

### हैदराबाद में प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की जताई आशंका

हैदराबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे ने उनसे कितना माल उठाया है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें गाली देना बंद कर दिया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की आशंका जताई कि कोई न कोई 'चोरी का माल टेंपो भर-भर के आपने पाया है और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के घटक दलों का तीसरा फ्यूज उड़ गया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक के दौरान हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भाजपा और राजग जीत की ओर बढ़ रहा है। मोदी ने कहा-आपने देखा होगा। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरू करते थे। लेकिन जब से उनका राफेल वाला मामला सामने आया तब से एक नई माला जपना शुरू किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले तो पांच साल से एक ही माला जपते चले आ रहे थे।

### अडाणी, अंबानी ने टेंपो में पैसा भेजा तो ईडी और सीबीआई से जांच कराएं : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती दी कि वह इस बात की जांच सीबीआई या ईडी से कराएं कि क्या उद्योगपति अडाणी और अंबानी ने उनकी पार्टी को काला धन भेजा है। साथ ही उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि क्या मोदी उद्योगपतियों द्वारा टेंपो से पैसा भेजने को लेकर अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा कर रहे हैं। गांधी ने वीडियो में कहा-मोदी जी, क्या आप थोड़ा डरे हुए हैं? आम तौर पर आप बंद कमरे में अडाणी और अंबानी के बारे में बात करते हैं, लेकिन पहली बार आपने सार्वजनिक रूप से अडाणी और अंबानी के बारे में बात की है। कांग्रेस नेता ने कहा-एक काम करिए सीबीआई (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो), ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) को उनके पास भेजिये और पूरी जांच करिए।



नादिया (पश्चिम बंगाल) जिले के शांतिपुर में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के जश्न के दौरान छात्राओं ने मनमोहक नाटिका का प्रदर्शन कर दर्शकों का मोह लिया मन। ● एजेंसी

## एक नजर

### कोचिंग क्लास संचालक से 1.88 करोड़ की ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 48 वर्षीय कोचिंग क्लास संचालक के साथ शेयर ट्रेडिंग की आड़ में 1.88 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई। पीड़ित को एक व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य बनाकर यह धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे मार्च में व्हाट्सएप ग्रुप 'स्टॉक वैनगार्ड (एफ)' में जोड़ा था। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप में 170 सदस्य थे और शेयर बाजार से संबंधित जानकारियां ग्रुप में डाली जाती थीं।

### देह व्यापार का भंडाफोड़ 10 आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** हरियाणा की गुरुग्राम पुलिस और सीएम फ्लाइंग ने बुधवार को एक होटल की आड़ में चल रहे देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ कर विदेशी महिलाओं सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया सेक्टर-57 क्षेत्र में होटल की आड़ में रेट फिक्स करके देशी और विदेशी महिलाओं से देह व्यापार कराने की पुष्टि करने के लिए अपने बोगस ग्राहक होटल में भेजे गए। पुलिस टीम द्वारा भेजे गए बोगस ग्रहाक ने होटल में जाकर रेट फिक्स किया और देह-व्यापार धंधे का भंडाफोड़ किया।

## 20 लाख मरीजों का डेटा चोरी क्रिप्टोकरेंसी में मांगी फिरौती

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

आरसीसी साइबर हमला



भारत में साइबर हमलों की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक के तहत यहां क्षेत्रीय कैंसर केंद्र (आरसीसी) के 20 लाख रोगियों के विवरण से छेड़छाड़ की गई, जिससे 14 में से 11 सर्वर प्रभावित हुए और विकिरण विभाग सहित कई प्रभागों में व्यवधान उत्पन्न हुआ।

सूत्रों ने बताया कि हमले ने 20 लाख से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां जुरायी गयी और क्रिप्टोकरेंसी में फिरौती की मांग की। कथित तौर पर कोरियाई-आधारित साइबर अपराधियों ने आरसीसी के डेटा स्रोत में सफलतापूर्वक घुसपैठ की और 80 लाख से अधिक मरीजों की संवेदनशील जानकारियां निकालीं और 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की फिरौतीफिरौती की मांग की। सूत्रों ने कहा-तिरुवनंतपुरम में आरसीसी के विकिरण विभाग पर साइबर हमला 30 अप्रैल, 2024 को हुआ था। यह एक राज्य के स्वामित्व वाला प्रीमियम कैंसर देखभाल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र है, जो पूरे भारत के रोगियों की सेवा करता है। हमले ने विकिरण उपचार के लिए उपयोग किए जाने वाले सॉफ़्टवेयर को लक्षित किया। मरीजों को विकिरण देने वाला सॉफ्टवेयर हैक कर लिया गया था। हमले के लिए जिम्मेदार समूह को डाइक्सिन टीम के नाम से जाना जाता है।

सूत्रों के अनुसार 20 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी संग्रहीत करने वाले दो प्रमुख सर्वरों हैक किया गया था। लाखों मरीजों के सर्जिकल, रेडिएशन और पैथोलॉजी परिणाम वाले सर्वर पर हमला किया गया था। हमले ने मरीजों के इलाज और अनुवर्ती जांच को नुकसान पहुंचाया। मरीजों को गलत विकिरण खुराक मिल सकती थी, जिससे जीवन के लिए खतरा पैदा हो सकता था। हैकर्स ने जिम्मेदारी ली और विदेश से एक ईमेल भेजा। उन्होंने अरबों रुपये की क्रिप्टोकरेंसी की मांग की। हमले के बाद से विकिरण उपचार रोक दिया गया है और आने वाले दिनों में फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

## नफे सिंह राठी हत्याकांड की जांच करेगी सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- हरियाणा सरकार की सिफारिश पर दर्ज किया गया मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के समीप बहादुरगढ़ में फरवरी में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा की गई इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी एवं एक पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की जांच अपने हाथों में ले ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस हमले में राठी के तीन निजी सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए थे। हमलावरों ने पूर्व विधायक राठी की गाड़ी पर गोलीबारी की थी। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा सरकार की सिफारिश पर सीबीआई ने इस संबंध में फिर से यह मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल की एक अधिसूचना के मार्फत केंद्र द्वारा यह मामला सीबीआई के पास भेजी गयी थी। अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने इस मामले में पूर्व भाजपा विधायक नरेश कौशिक समेत सात आरोपियों को नामजद किया है। अन्य छह आरोपी करमबीर राठी, रमेश राठी, सतीश राठी, गौरव राठी, राहुल एवं कमल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में आपराधिक साजिश, हत्या तथा भादंसं की अन्य संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## न्यायालय ने जद(एस) विधायक रेवन्ना को 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**बेंगलुरु।** अपहरण के आरोपों का सामना कर रहे कर्नाटक के जद (एस) विधायक और पूर्व मंत्री एच.डी. रेवन्ना को बुधवार को यहां एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। साथ ही, सत्र अदालत के समक्ष उनकी जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई तय की गई है। चार दिनों की पुलिस हिरासत पूरी होने के बाद, जद (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे 66 वर्षीय रेवन्ना को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 मई तक सात दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ जी परमेश्वर ने मामले की सीबीआई जांच की पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी की मांग को खारिज कर दिया है।

## सिब्बल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। हार्वर्ड लॉ स्कूल से स्नातक सिब्बल 1989-90 के दौरान भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल थे। उन्हें 1983 में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री सिब्बल ने 1995 और 2002 के बीच तीन बार एससीबीए के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। एससीबीए के मानद सचिव रोहित पांडे ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ताओं के इस निकाय के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

## अल्पमत में हरियाणा सरकार, बहुमत साबित करें सैनी : दुष्यंत

हिसार, एजेंसी

- जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा
- तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापसी से उपजा संकट



हरियाणा के पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने से प्रदेश की भाजपा सरकार अल्पमत में हैं और मुख्यमंत्री नायब सैनी विधानसभा में बहुमत साबित करें या मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें। चौटाला बुधवार को हिसार में अर्बन एस्टेट स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

जजपा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को 'कमजोर शासक' बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का बहुमत साबित करने के लिए जजपा राज्यपाल को पत्र लिखेगी। जजपा सरकार गिराने के पक्ष में है और समूचे विपक्ष का साथ देने को तैयार है। जजपा नेता ने कहा कि भाजपा सरकार को समर्थन देने वालों में से पांच विधायक कम हुए हैं। तीन निर्दलीय विधायकों ने सरकार से कल ही समर्थन वापस ले लिया है और सत्ता पक्ष के मनोहर लाल खट्टर और रणजीत सिंह के रूप में दो विधायक पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं।

### भाजपा सरकार को नहीं है कोई खतरा : सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तीन निर्दलीय विधायकों के राज्य में भाजपा के गठबंधन वाली सरकार से समर्थन वापस लेने के एक दिन बाद बुधवार को कहा कि उनकी सरकार को कई खतरा नहीं है और मजबूती से काम कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर यह भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया कि उनकी सरकार संकट में है। सैनी ने निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने के बारे में पूछे जाने पर सिरसा में पत्रकारों से कहा-सरकार किसी संकट में नहीं है, वह मजबूती से काम कर रही है। सैनी सिरसा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर के लिए प्रचार कर रहे थे। निर्दलीय विधायक सोमबीर सांगवान (दादरी), रणधीर सिंह गोलन (पुंडरी) और धर्मपाल गोंदर (नीलोखेड़ी) ने मंगलवार को भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया और घोषणा की कि वे कांग्रेस का समर्थन करेंगे जिससे राज्य विधानसभा में सैनी सरकार अल्पमत में आ गयी है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा में सदस्यों की मौजूदा संख्या 88 है। सरकार के पास बहुमत से दो विधायक कम हैं। वर्तमान में भाजपा नीत सरकार को दो अन्य निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सैनी ने कहा कि विपक्षी पार्टी कुछ लोगों की निजी आकांक्षाओं को पूरा करने की सोच रही है।

# आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज रनचेज

## सनराइजर्स हैदराबाद के लिए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने 9.4 ओवर में बनाए 167 रन

### आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स

बनाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

### मंगोलिया ने बनाया टी20 का दूसरा न्यूनतम स्कोर

**सानो (जापान)।** एशियाई खेलों के जरिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदार्पण करने वाले मंगोलिया इसके सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यहां केवल 12 रन पर आउट हो गया जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है। जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8.2 ओवर में आउट हो गई। टी20 में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी। जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा काातो ने 3.2 ओवर में 5 विकेट लिए।



हैदराबाद, एजेंसी

ट्रेविस हेड (89) और अभिषेक शर्मा (67) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 57वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को रिकार्ड 10 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ हैदराबाद अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने आईपीएल के इतिहास की सबसे तेज लक्ष्य का पीछा कर जीतने का रिकार्ड बनाया। आईपीएल के इतिहास में पहली सलामी जोड़ी के बीच पहले विकेट के लिए रिकार्ड 167 रनों की साझेदारी हुई। ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों में आठ चौके और आठ छक्के लगाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली। वहीं उनके जोड़ीदार अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के जड़ते हुए नाबाद (75) रन बनाए। हैदराबाद ने 9.4 ओवर में 167 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। लखनऊ का कोई भी गेंदबाज विकेट लेने में नाकाम रहा।

इससे पहले आयुष बदोनी नाबाद (55) और निकोलस पूरन नाबाद (48) की पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत धीमी और खराब रही।



डिकॉक का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते भुवनेश्वर कुमार। ● एजेंसी

> मैं पहले से अधिक फोकस के साथ खेल रहा हूं। मैं स्पिनरों को खेलने पर मेहनत कर रहा हूं। वेस्टइंडीज में स्पिनरों की भूमिका अहम होगी। मैदान के चारों ओर शॉट्स खेलकर अच्छा लगा। हम पावरप्ले का पूरा इस्तेमाल करना चाहते थे। हर बार यह नहीं चलता है लेकिन हम इसी इरादे से उतरे थे। मैं और अभिषेक एक दूसरे को बखूबी समझते हैं। हमें रनरेट में आगे निकलना था और इसी वजह से हम इतना आक्रामक खेले।
>
> **– ट्रेविस हेड, प्लेयर ऑफ द मैच**

उसने तीसरे ओवर में क्विंटन डिकॉक (2) का विकेट गवां दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान के एल राहुल और क्रुणाल पांड्या ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

10वें ओवर में पैट कमिंस ने के एल राहुल (29) को नटराजन के हाथों कैच आउट करा दिया। 12वें ओवर में क्रुणाल पांड्या (24) रनआउट हुये। उसके बाद आयुष बदोनी और निकोलस पूरन ने पारी को संभाला। आयुष बदोनी ने 30 गेंदों में नौ चौकों की मदद से नाबाद (55) बनाये। वहीं निकोलस पूरन 26 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 48 रनों की पारी खेली। दोनों के बीच पांचवें विकेट लिये 99 रनों की साझेदारी हुई। लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाये। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट लिये। पैट कमिंस ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### लखनऊ 165/4

20 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल कैच नटराजन बो कमिंस | 29 | 33 | 1/1 |
| डिकॉक कैच नीतिश बो भुवनेश्वर | 2 | 5 | 0/0 |
| स्टोइनिस कैच सनवीर बो भुवनेश्वर | 3 | 5 | 0/0 |
| क्रुणाल पांड्या रन आउट (कमिंस) | 24 | 21 | 0/2 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 48 | 26 | 6/1 |
| आयुष बदोनी नाबाद | 55 | 30 | 9/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-12-2, कमिंस 4-0-47-1, शहबाज 2-0-9-0, विजयकांत 4-0-27-0, उनादकट 2-0-19-0, नटराजन 4-0-50-0

### हैदराबाद 167/0

9.4 ओवर, अतिरिक्त : 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 75 | 28 | 8/6 |
| ट्रेविस हेड नाबाद | 89 | 30 | 8/8 |

**गेंदबाजी :** गौतम 2-0-29-0, ढाकुर 2.4-0-47-0, बिश्नोई 2-0-34-0, नवीनुल हक 2-0-37-0, बडोनी 1-0-19-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | -0.065 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.406 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

## लगातार चौथी जीत पर होगी आरसीबी की नजर



धर्मशाला, एजेंसी

- धर्मशाला की नई हाइब्रिड पिच पर आज आमने-सामने होंगी पंजाब और बेंगलुरु की टीम
- प्ले ऑफ की दौड़ में खुद को बनाए रखने के लिए दोनों ही टीमों को जीत की तलाश

आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है। इन जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी।

पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। इन दोनों में से हालांकि एक ही टीम 14 अंक के आंकड़े को छू पाएगी। सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम आत्मविश्वास से भरी है। पंजाब किंग्स ने सुपरकिंग्स के खिलाफ अपना सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन किया। उनके गेंदबाज सुपरकिंग्स के सभी बल्लेबाजों पर हावी रहे लेकिन बल्लेबाजी इकाई ने निराश किया। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा। उन्हें अपने घरेलू मैदान पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने अपने मुख्य घरेलू मैदान मुल्लांपुर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीता।

## जिनेवा ओपन में चोट से वापसी करेंगे एंडी



**जिनेवा।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन एंडी मरे इस महीने टखने की चोट से वापसी करते हुए जिनेवा ओपन में खेलेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की कि उन्होंने 18 मई से शुरू होने वाले क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के लिए 36 साल के मरे को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया है। पिछले महीने मियामी ओपन में खेलते हुए मैच के दौरान मरे के बाएं टखने के लिगामेंट में चोट लगी थी। उन्होंने इसके लिए सर्जरी का विकल्प नहीं चुना। वर्ष 2018 में कूल्हे की चोट के बाद पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मरे ज्यादा नहीं खेले हैं और वह कह चुके हैं कि इन गर्मियों के सत्र के बा द वह शायद संन्यास ले लेंगे। दो बार के विम्बलडन और ओलंपिक चैंपियन मरे पेरिस ओलंपिक में फिर से ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद कर रहे हैं। जिनेवा ओपन फ्रेंच ओपन के लिए अभ्यास टूर्नामेंट है।

## एशिया को टूर्नामेंट में खेलने के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की जरूरत : यूरी



**नई दिल्ली।** एशियाई टेनिस का चेहरा बदलने के लिए प्रतिबद्ध एशियाई टेनिस महासंघ (एटीएफ) के युवा अध्यक्ष यूरी पोलस्की चाहते हैं कि एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को विदेश में खेलने के बजाय एशियाई टूर्नामेंट में खेलने को तवज्जो देनी चाहिए। पोलस्की की निगाहें नेपाल, बांग्लादेश, म्यामांर और सीरिया जैसे देशों में टेनिस खेल का विकास करने पर लगी हैं जहां यह खेल इतना लोकप्रिय नहीं है। पोलस्की पिछले साल दिसंबर एटीएफ अध्यक्ष चुनाव में जीते थे और वह इस खेल को उन देशों में लोकप्रिय कराना चाहते हैं जो इसमें जूझ रहे हैं। एशियाई टेनिस को एशियाई टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ एशियाई खिलाड़ियों की भागीदारी की जरूरत है क्योंकि अधिकतर वे यूरोप जाकर खेलना पसंद करते हैं, वे उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका जाकर खेलते हैं। इसका मतलब है कि स्थानीय एशियाई खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ के साथ खेलने का मौका नहीं मिलता। इसलिए आपको देश के अंदर ही प्रतिस्पर्धा की जरूरत है और आपको एशिया में काफी टूर्नामेंट की जरूरत है।

## कैच पर असहमति जताने के लिए सैमसन पर लगा जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ कल खेले गए मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

सैमसन को अंपायर के फैसले से असहमति व्यक्त करने के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल एक का दोषी पाया गया। उन्होंने दोष और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली। मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में 222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 16वें ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर शाई होप ने लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट हो गए थे। होप ने सीमा रेखा के करीब कैच लपका और अपने पैर जमाने से पहले थोड़ी देर के लिए लड़खड़ा गए। इस बात को लेकर अनिश्चितता थी कि उनका पैर बाउंड्री को छू गया था या नहीं, मैदानी अंपायरों ने टीवी अंपायर माइकल गफ को बुलाया गया उन्होंने कैच आउट पर फैसला दिया था। सैमसन की मैदान छोड़ने से पहले मैदानी अंपायरों से काफी देर बहस हुई थी।

## फेडरेशन कप में नीरज लेंगे भाग



नई दिल्ली, एजेंसी

नीरज चोपड़ा 12 से 15 मई तक ओडिशा के भुवनेश्वर में होने वाले फेडरेशन कप 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। तीन साल पहले टोक्यो 2020 में ओलंपिक चैंपियन बनने के बाद देश में नीरज चोपड़ा की यह पहली प्रतियोगिता होगी।

फेडरेशन कप 2024 का आयोजन 12 से 15 मई के बीच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होगा। चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी गेम्स 2024 में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। चोपड़ा और जेना के अलावा, फेडरेशन कप 2024 जैवलिन इवेंट में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता मनु डीपी और ओलंपियन शिवपाल भी पदक की रेस में शामिल होंगे। नीरज चोपड़ा ने फेडरेशन कप 2021 में उन्होंने 87.80 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। नीरज चोपड़ा 2022 में डायमंड लीग चैंपियन और 2023 में विश्व चैंपियन बने और पिछले वर्ष उन्होंने हांगझोऊ में हुए एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीता था।

## टी-20 विश्व कप के लिए आयरलैंड और पापुआ न्यू गिनी की टीमें घोषित

डबलिन, एजेंसी

अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए बुधवार को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया। स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है।

आयरलैंड टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप ए में पांच जून को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ करेगा। ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है। आयरलैंड की टीम टी20 विश्व कप में लगातार आठवीं बार हिस्सा ले रही है। टीम ने यूरोप क्वालीफायर के क्षेत्रीय फाइनल में स्कॉटलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।

वहीं, पापुआ न्यू गिनी ने भी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है जिसकी कमान 36 साल के अनुभवी असद वाला को सौंपी गई है। उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप में भी यह भूमिका निभाई थी। ऑल राउंडर सीजे अमिनी को उप कप्तान बनाया है।

## बॉलीवुड हलचल

### दिव्या खोसला की फिल्म सावी का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला की आने वाली फिल्म सावी का नया टीजर रिलीज हो गया है। अभिनय देव निर्देशित सावी ए ब्लडी हाउसवाइफ फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों में, दर्शको ने दिव्या खोसला को फिल्म सावी में एक साधारण हाउसवाइफ के किरदार में देख रहे हैं, जिसमे उन्होंने खुलासा किया की वह एक खतरनाक जेलब्रेक करने की योजना बना रही है। हालांकि पहले बहुत अधिक डिटेल्स नहीं दिए गए थे, पर अब इस नए टीजर में यह जानकारी शेयर की गई है कि सावी इतना कठोर कदम क्यों उठा रही है। नये टीजर में, सावी-एक घायल हाउस वाइफ यह बात करती हुई दिखाई देती है कि कैसे लोग अपने परिवार के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं और वह भी वैसा ही कर रही है। जेल से भागने में सफल होने को लेकर परेशान दिखाई देती है। फैंस भी यह देखते हुए नजर आते हैं कि कैसे एक हेल्पलेस मां यदि उसे कुछ हो गया तो अपने बच्चो के देखभाल करने की गुहार लगाते हुए नजर आती हैं। फिल्म सावी का निर्माण विशेष एंटरटेनमेंट और टी-सीरीज के बैनर तले मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा किया गया है। शिव चानना और साक्षी भट्ट ने को प्रोडूयूस किया है। इस फिल्म में दिव्या खोसला के साथ अनिल कपूर और हर्षवर्द्धन राणे भी नजर आएंगे। फिल्म की पूरी शूटिंग लंदन में की गई है। फिल्म सावी 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### मुन्नाभाई 3 के लिए हिरानी के पास हैं तीन स्क्रिप्ट : अरशद

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी का कहना है कि फिल्म मुन्नाभाई 3 के लिए फिल्मकार राजकुमार हिरानी के पास तीन स्क्रिप्ट है, लेकिन अभी यह फिल्म नहीं बन रही है। विधु विनोद चोपड़ा निर्मित और राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस वर्ष 2003 में प्रदर्शित हुई। फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस में संजय दत्त और अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभायी। इसके बाद इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म मुन्ना भाई चले अमेरिका की घोषणा की गई थी, लेकिन वह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई। अरशद वारसी ने बताया, विधु विनोद चोपड़ा चाहते हैं कि यह बने, राजकुमार हिरानी भी चाहते हैं कि यह बने, संजय भाई और मैं भी चाहता हूं कि यह बने, लेकिन फिल्म अभी बन नहीं रही है। फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म के लिए राजकुमार हिरानी के पास तीन अच्छी स्क्रिप्ट हैं, लेकिन सभी में कुछ न कुछ कमी है। मुझे नहीं लगता है कि वह हाल फिलहाल में बन रही हैं।



## विश्व कप गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी

पेरिस, एजेंसी

महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गई है। अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था। नीलामी घर ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ट्रॉफी अपनी विशिष्टता के कारण लाखों यूरो में बिकेगी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। हालांकि बाद में यह



ट्रॉफी गायब हो गई जिसने काफी अफवाहों को जन्म दिया। अगुटेस ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि यह एक पोकर मैच के दौरान खो गई थी या कर्ज चुकाने के लिए इसे बेच दिया गया था। अन्य लोगों का कहना है कि माराडोना जब इटैलियन लीग में खेल रहे थे तो उन्होंने इसे नेपल्स बैंक की एक तिजोरी में रखा था जिसे 1989 में स्थानीय अपराधियों ने लूट लिया था। सुधरकर मुख्यधारा से जुड़ने वाले माफिया के एक सदस्य द्वारा बताई गई कहानी के अनुसार ट्रॉफी को पिघलाकर सोना निकाल लिया गया था।

### पीएसजी को हराकर चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची डॉर्टमुंड



**पेरिस।** सारे पूर्वानुमानों को धता बताते हुए बोरूसिया डॉर्टमुंड ने किलियन एम्बाप्पे जैसे दिग्गजों से सजी पेरिस सेंट-जर्मन को 1-0 से हराकर 2013 के बाद चैंपियंस लीग फाइनल में प्रवेश किया। डॉर्टमुंड और पीएसजी के बीच मंगलवार को खेले गए मुकाबले में गोल दूसरे हाफ में डॉर्टमुंड के मैट हम्मेल्स ने जूलियन ब्रांट कॉर्नर से हेडर से गोल किया। डॉर्टमुंड मैच के आखिर तक अपनी इस 1-0 की बढ़त को बरकरार रखते हुए मुकाबले में जीत दर्ज की। पीएसजी के दिग्गज खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने मैच के बाद कहा कि हम हमेशा पीएसजी में जीतना चाहते हैं, हमें गोल करना चाहिए था। हमारे पास गोल करने के मौके थे, जब आप ऐसा नहीं करते, जब आप दोनों छोर पर कुशल प्रदर्शन नहीं करते है तो आगे बढ़ना मुश्किल होता है। चैंपियंस लीग का फाइनल एक जून को लंदन के वेम्बली स्टेडियम में खेला जाएगा।

### 25 मई को मनाया जाएगा विश्व फुटबॉल दिवस

**संयुक्त राष्ट्र।** दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के पास अब हर साल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल का जश्न मनाने के लिए एक दिन होगा और वह होगा 25 मई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार यह दिन सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाले इतिहास के पहले अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक है जो 25 मई 1924 को पेरिस में ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित हुआ था। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने राजनयिकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस की मौजूदगी में आम सहमति से प्रस्ताव को अपनाया। इसे 160 से अधिक देशों द्वारा सह प्रायोजित किया गया था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# भारतीय संस्कृति के लिए लिव-इन रिलेशनशिप कलंक

- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की टिप्पणी मुस्लिम पति हिंदू महिला से जन्मे बच्चे का मांग रहा था संरक्षण

बिलासपुर, एजेंसी

लिव-इन रिलेशनशिप पाश्चात्य सभ्यता भारतीय सिद्धांतों की अपेक्षाओं के विपरीत है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बच्चे का संरक्षण से जुड़े हुए एक मामले को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। साथ ही कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप को एक कलंक बताया है।

न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी और न्यायमूर्ति संजय एस अग्रवाल की खंडपीठ ने समाज के कुछ संप्रदायों में अपनाया जाने वाला लिव-इन रिलेशनशिप अभी भी भारतीय संस्कृति में एक कलंक है, क्योंकि यह भारतीय सिद्धांत की अपेक्षाओं के विपरीत एक पाश्चात्य सभ्यता है। खंडपीठ ने 30 अप्रैल को 36 वर्षीय महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में पैदा हुए बच्चे का संरक्षण की मांग करने वाले याचिकाकर्ता की अपील को खारिज कर दिया। दंतेवाड़ा जिले के अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने अपनी याचिका में कहा कि वह एक अलग धर्म की महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था और उसने एक बच्चे को जन्म दिया। अदालत ने बच्चे के संरक्षण से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने बिलासपुर में हाईकोर्ट पहुंचे। हाईकोर्ट के आदेशानुसार, अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने अपनी याचिका में कहा कि वह 2021 में मतांतरण के बिना शादी से पहले तीन साल तक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था। बकौल याचिका, 31 अगस्त, 2021 को उनके रिश्ते से एक बच्चे का जन्म हुआ और 10 अगस्त, 2023 को महिला और बच्चा गायब हो गया। उसी साल उन्होंने हेबस कॉर्पस पिटीशन दाखिल कर महिला को कोर्ट के समक्ष पेश किए जाने की मांग की। महिला ने हाईकोर्ट को बताया था कि वह अपनी इच्छानुसार, अपने माता-पिता के साथ रह रही है। बाद में दंतेवाड़ा परिवार अदालत की ओर से बच्चे का संरक्षण नहीं दिए जाने के बाद अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने हाईकोर्ट का रुख किया था।

## लिव-इन समझौते के बाद दुष्कर्म का दोषी नहीं व्यक्ति

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की इंदौर जिला अदालत ने 34 वर्षीय एक विवाहित व्यक्ति को अपनी लिव-इन पार्टनर के साथ दुष्कर्म करने, गर्भपात के लिए मजबूर करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को बरी कर दिया है। 25 अप्रैल के इस फैसले में, अदालत ने कहा कि एक समझौता था जिसके तहत 29 वर्षीय महिला ने इस बात पर सहमति जताई थी कि पुरुष सात दिन उसके साथ और सात दिन अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा। एक अभियोजन अधिकारी ने बुधवार को बताया कि महिला ने इस व्यक्ति के खिलाफ शहर के भंवरकुआं पुलिस थाने में 27 जुलाई 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत में शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म किया, जबरन गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात कराया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी व्यक्ति को 15 अगस्त, 2021 को गिरफ्तार किया गया था। 2 मार्च, 2022 को जमानत पर रिहा होने से पहले उसने 200 दिन जेल में बिताए। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जयदीप सिंह ने तथ्यों और सबूतों पर विचार करने के बाद इस व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता के आरोपों से 25 अप्रैल को बरी कर दिया। कोर्ट ने फैसले में कहा कि, प्राथमिकी दर्ज कराने वाली महिला ने इस व्यक्ति के साथ 15 जून 2021 को बाकायदा समझौता किया था जिसमें साफ लिखा गया था कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और वह एक हफ्ते उसके साथ और एक हफ्ते अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा। आरोपों से बरी करते हुए अदालत ने कहा कि ऐसी स्थिति में इस व्यक्ति को बलात्कार और जबरन गर्भपात का दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

# वादे पर खरा उतरा भारत, आतंकवाद रोकने को यूएन को दिए लाखों डॉलर

*वैश्विक स्तर पर आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म (सीटीटीएफ) में पांच लाख डॉलर का योगदान दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सात मई को भारत आतंकवाद विरोधी संस्था के प्रयासों को बल देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में आधा मिलियन डॉलर का स्वैच्छिक योगदान संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को सौंपा।*

## भारत आतंकवाद से निपटने के लिए तैयार

यूएन में रूचिकरा कंबोज ने कहा है कि भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में यूएनओसीटी द्वारा किए गए जनादेश और कार्यों को बहुत महत्व देता है। पांच लाख डॉलर का योगदान वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।



## वित्तीय समर्थन 25.5 लाख डॉलर हुआ

अफ्रीका में आतंकवाद के बढ़ते खतरे के मुद्दे को संबोधित करना पिछले कुछ वर्षों से भारत की आतंकवाद-विरोधी प्राथमिकताओं में से एक रहा है। 2018 से, भारत भी सक्रिय रूप से इस खतरे का मुकाबला करने वाले कार्यक्रमों का समर्थन कर रहा है। पांच लाख डॉलर के योगदान के साथ ही ट्रस्ट फंड में भारत का अब वित्तीय समर्थन 25 .5 लाख डॉलर हो गया है।

## आतंकियों की कमर तोड़ना मकसद

भारत यूएनओसीटी के वैश्विक कार्यक्रमों मुख्य रूप से आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (सीएफटी) और आतंकवाद यात्रा कार्यक्रम (सीटीटीपी) का मुकाबला करने में मदद करेगा।इसका उद्देश्य पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के सदस्य देशों की क्षमता को बढ़ाना है ताकि वे आतंकवाद के वित्तपोषण के महत्वपूर्ण मुद्दों से निपट सकें और आतंकवादियों की आवाजाही एवं यात्रा को रोक सकें।

## करीब दो साल पहले किया था वादा

साल 2022 में अक्टूबर में विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएन की आतंकवाद-रोधी समिति को संबोधित किया था। तब उन्होंने कहा था कि वैश्विक स्तर पर आंतकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। साथ ही वादा किया था कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में 500,000 डॉलर का योगदान देंगे।

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया: जिम में महिला पर चाकू से हमला, घायल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक व्यक्ति ने महिला पर चाकू से हमला कर दिया। आनन-फानन में घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि, घायल महिला की हालत स्थिर है और उसे रॉयल प्रिंस अल्फ्रेड अस्पताल ले भर्ती किया गया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी और पीड़ित दोनों ही एक-दूसरे को जानते हैं। पुलिस ने बताया है घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जारी है।

### लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गिरोह पर कार्रवाई, 10 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने देशभर के अलग-अलग ठिकानों पर कार्रवाई करते हुए लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गिरोह से जुड़े नौ अपराधियों को गिरफ्तार किया, जिसमें एक नाबालिग है। अधिकारियों के मुताबिक, ये सभी आरोपी गोलीबारी, जबरन वसूली, हत्या और हथियारों की आपूर्ति जैसे मामलों में वांछित थे। पुलिस ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार से गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से सात पिस्तौल, 31 कारतूस और 11 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने दावा किया है कि इन आरोपियों की गिरफ्तारी से दिल्ली में सुपारी देकर हत्याओं और अन्य जघन्य अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी।

### किशोर ने वीडियो बनाने को महिला शौचालय में रखा कैमरा, गिरफ्तार

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** मंगलुरु के कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज के महिला शौचालय के अंदर कैमरे वाला एक मोबाइल रखने के आरोप में 17 साल के किशोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी तब मिली जब मोबाईल फोन की घंटी बजी और सुरक्षा कर्मी ने शौचालय से फोन बरामद किया। कॉलेज प्रशासन ने फोन पुलिस को सौंप दिया जिसके बाद फोन पर उपलब्ध विवरण के आधार पर नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी खुद को मरीज बता कर कॉलेज आया था। गिरफ्तारी के बाद किशोर को न्याय बोर्ड में पेश किया।

### हैदराबाद में बारिश के कारण ढही दीवार, सात लोगों की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचूपल्ली इलाके में भारी बारिश के कारण एक निर्माणाधीन भवन की दीवार गिरने से चार साल के एक बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई। बाचूपल्ली पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार रात की है और इसमें मारे गए लोग ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के रहने वाले प्रवासी श्रमिक थे। बुधवार सुबह खुदाई करने वाली मशीन की मदद से मलबे से उनके शव निकाले गए। हैदराबाद और तेलंगाना के अनेक हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर में कई जगहों पर जलभराव की वजह से यातायात अवरुद्ध रहा।

# कनाडा में खतरे की सीमा लांघ रहे सिख अलगाववादी, उच्चायुक्त ने दी नसीहत

## संजय बोले-दोनों देशों के बीच कूटनीतिक माध्यमों से जारी है बातचीत

ओटावा, एजेंसी

भारत और कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर तनाव बना हुआ है। इस बीच, कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने दोनों देशों के बीच संबंधों को दशकों पुराने मुद्दों के रूप में वर्णित किया है जो दुर्भाग्यपूर्ण अपराधों और कनाडा की भूमि से उत्पन्न खतरों के साथ फिर से उभर आए हैं। मांट्रियल में मंगलवार को एक कार्यक्रम में भारतीय राजदूत ने कहा कि भारत में क्या होगा यह निर्णय भारतीय करेंगे न कि विदेशी इसका फैसला करेंगे।

संजय ने कहा, 'दोनों देशों की सरकारों के बीच कूटनीतिक माध्यमों से बातचीत चल रही है। दोनों पक्षों की परेशानियों के समाधान खोजने की कोशिश हो रही है। जिस तरह से बातचीत चल रही है, मुझे लगता है कि दोनों पक्षों के मुद्दे हल हो जाएंगे। मेरी चिंता राष्ट्रीय सुरक्षा और कनाडा से उभर रहे खतरे हैं। अधिकतर सिख अलगाववादी खतरे की सीमा पार कर रहे हैं। उन्होंने कहा- हम किसी भी दिन बात करने के लिए तैयार हैं और हम ऐसा कर रहे हैं। हम इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय उच्चायुक्त ने दोनों देशों के बीच वर्तमान संबंधों पर कहा, यदि विदेशों में रहने वाले भारतीय भारत के भाग्य का फैसला करना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि वापस जाएं और चुनाव प्रक्रिया में भाग लें। हर पांच साल में भारत में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होते हैं। इसी तरह भारत के राज्यों में भी चुनाव होता है। उन्होंने कहा,जब हम द्विपक्षीय संबंधों में दो देशों को रणनीतिक साझेदार और मित्र कहते हैं तो हम उम्मीद करते हैं कि दोनों देश एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझें। दुर्भाग्य से कुछ मुद्दे रहे हैं और यह कोई नई बात नहीं है। दशकों पुराने मुद्दे फिर से उठे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अपराध करने वाले वह कनाडाई नागरिक हैं, जो भारत से संबंध रखते हैं। राजदूत ने कहा कि भारत में दोहरी नागरिकता नहीं है। अगर किसी भारतीय को कनाडा की नागरिकता दी जाती है तो साफ है कि वह एक विदेशी है। इसलिए अगर कोई कनाडा का नागरिक या किसी अन्य देश का नागरिक बन जाता है, तो वह भारतीय नागरिक नहीं है।

### तीन भारतीय आरोपी कनाडा की अदालत में पेश

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में आरोपी तीन भारतीय नागरिक पहली बार वीडियो के जरिए मंगलवार को कनाडा की एक अदालत के सामने पेश हुए। इन आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था और उन पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। मीडिया के मुताबिक, आरोपी करण बराड़ (22 वर्षीय), कमलप्रीत सिंह (22 वर्षीय) और करनप्रीत सिंह (28 वर्षीय) कथित हिट स्क्वॉड के सदस्य हैं और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सरे प्रांतीय अदालत के सामने पेश हुए। तीनों अंग्रेजी में चली अदालती कार्यवाई की सुनवाई के लिए सहमत हुए और उनमें से प्रत्येक ने सिर हिलाकर जवाब दिया कि वे निज्जर की हत्या की साजिश रचने के आरोपों को समझते हैं। आरोप के मुताबिक, एक मई 2023 से निज्जर की हत्या की तारीख के बीच सरे और एडमोंटन दोनों साजिश रची गई। हत्यारों ने पिछले पांच वर्षों में कनाडा में प्रवेश किया और उन पर नशीले पदार्थों तस्करी और हिंसा में शामिल होने का शक था।



## एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने महासंघ की पॉश नीति को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा के खिलाफ शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों से आहत अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को एआईएफएफ यौन उत्पीड़न रोकथाम (पॉश) नीति को मंजूरी दी और उसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का फैसला किया। राष्ट्रीय महासंघ ने बयान में कहा कि एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने इस मामले में गहन विचार विमर्श करने के बाद यह फैसला किया।

एआईएफएफ पॉश नीति का उद्देश्य फुटबॉल समुदाय के अंदर सुरक्षित और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करना है। यह पॉश अधिनियम 2013 पर आधारित है और इसे एआईएफएफ की कानूनी टीम ने अच्छी तरह से जांचा परखा है। यह फैसला शर्मा पर लगाए गए शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों के कुछ सप्ताह बाद आया है। शर्मा कार्यकारी समिति के सदस्य हैं और हिमाचल प्रदेश के एक फुटबॉल क्लब खाद एचसी के मालिक हैं। उन पर दो महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। इसके बाद गोवा पुलिस ने शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था और बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। एक अन्य मामले में एआईएफएफ में महिला कर्मचारी ने पुरुष सहकर्मी के खिलाफ भी मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी।

### हाय गर्मी...



**आगरा :** दुनिया की बेपनाह खूबसूरत स्मारकों में शुमार ताजमहल के दीदार के लिए भीषण गर्मी में भी पर्यटक पहुंच रहे हैं। तपिश में सैलानियों ने साथ लेकर आए पानी की बोतल से कंठ की प्यास बुझाई। बुधवार को ताजनगरी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के चलते ● एजेंसी

# झारखंड: ग्रामीण विकास विभाग में ईडी का छापा

- मंत्री से जुड़े नकदी बरामदगी मामले में की कार्रवाई

रांची, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को धनशोधन जांच के तहत रांची में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के परिसर में छापा मारा। इस मामले में ईडी ने हाल में भारी मात्रा में नकदी जब्त की थी।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर की जा रही है। दोनों को केंद्रीय एजेंसी ने सोमवार को गिरफ्तार किया था। ईडी ने छह मई को की गई तलाशी के दौरान जहांगीर आलम के परिसर से 30 करोड़ रुपये से अधिक नकदी जब्त किया था। ईडी ने मंगलवार को यहां एक अदालत के समक्ष दावा किया था कि संजीव लाल (52) ने कुछ प्रभावशाली लोगों की ओर से कमीशन एकत्र किया। ईडी ने यह भी कहा था कि ग्रामीण विकास विभाग के ऊपर से नीचे तक के सरकारी अधिकारी कथित अवैध नकद भुगतान में संलिप्त हैं। ईडी ने दावा किया कि मामले में वरिष्ठ नौकरशाहों और नेताओं के नाम सामने आए हैं ।

## अभिनेता ने टोल टैक्स से बचने को शिंदे के काफिले में लगा दी कार, गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने वाले 30 वर्षीय एक अभिनेता ने मुंबई के बांद्रा वर्ली 'सी लिंक' पर टोल टैक्स से बचने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के काफिले का सहारा लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बांद्रा थाने के एक अधिकारी के मुताबिक, आरोपी व्यक्ति की पहचान शुभम कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सोमवार को सी लिंक टोल प्लाजा के वीआईपी लेन (टोल मुक्त) पर आरोपी ने अपनी कार को मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल गाड़ियों के पीछे लगा दिया। बांद्रा पुलिस को पूछताछ के दौरान आरोपी ने कहा- टोल से बचने के चक्कर में शिंदे के काफिले का सहारा लिया। पुलिस ने बताया कि प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मिस यूनीवर्स प्रतियोगिता में उम्र लंबाई समेत शर्तों में होगा बदलाव

**नई दिल्ली।** भारत में मिस यूनिवर्स के आयोजन का स्वामित्व रखने वाले निखिल आनंद ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष मिस यूनीवर्स प्रतियोगिता में उम्र और लंबाई की सीमा हटा दी गई है, ताकि इसके कारण किसी महिला को इससे वंचित न होना पड़े।

उन्होंने ने कहा, महज लंबाई और उम्र ज्यादा होने की वजह से कई होनहार महिलाएं आगे नहीं बढ़ पाती हैं। इसलिए इस वर्ष मिस यूनिवर्स में उम्र और लंबाई की शर्तों में ढील देने के साथ कई बदलाव कर रहे हैं, ताकि मिस यूनिवर्स के मंच पर हर वर्ग की महिलायें अपने प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करने में सक्षम हो। निखिल ने कहा कि प्रतियोगिता प्रतियोगी को हर पढ़ाव पर खुद की कमियों को देखने परखने और समझने का भी मौका देती है।

निखिल आनंद ने कहा कि इस वर्ष अगस्त में भारत के सभी राज्यो में स्टेट लेवल कंपीटिशन आयोजित होने की संभावना है और उसके बाद तमाम विजेताओं के बीच मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का चयन होगा और वो वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधि करेंगी।

## ईवीएम में छेड़छाड़ को रुपये मांगे, सेना का जवान गिरफ्तार

- शिवसेना (यूबीटी) नेता से मांगे थे ढाई करोड़ रुपये

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में पुलिस ने ईवीएम में छेड़छाड़ करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ रुपये मांगने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी मारुती धाकने (42) ने एक चिप के जरिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में छेड़छाड़ करने का दावा करके उनसे कथित तौर पर पैसे मांगे। आरोपी ने दावा किया कि इस चिप से किसी खास उम्मीदवार को अधिक वोट पाने में मदद मिल सकती है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना कर्ज चुकाने के लिए यह दावा किया। वह ईवीएम के बारे में कुछ नहीं जानता है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम करीब चार बजे आरोपी ने यहां एक बस स्टैंड के समीप एक होटल में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता अंबादास के छोटे भाई राजेंद्र दानवे से मुलाकात की। अधिकारी ने बताया कि बातचीत के बाद 1.5 करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ।

## कुलगाम में मुठभेड़ तीसरा आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 4 मई को वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में शामिल तीन संदिग्धों के नाम और उनकी तस्वीर सामने आई है। इन आतंकियों में से एक पाकिस्तानी सेना का पूर्व कमांडो इल्यास उर्फ फौजी है, दूसरा लश्कर का कमांडर अबु हमजा और तीसरा पाकिस्तनी आतंकी हदून है।

इस हमले में वायुसेना का एक जवान शहीद हो गया था और चार घायल हो गए थे। हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं बुधवार को कुलगाम के रेडवानी पाईन इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच नए सिरे से मुठभेड़ में तीसरा आतंकी मारा गया है। उसकी पहचान की जा रही है। इससे पहले मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया था।

**विज्ञान** अंतरिक्ष में संचार व्यवस्था को संचालित करने वाले सैटेलाइट प्रणाली की सुरक्षा को लेकर वैज्ञानिक चिंतित

# पृथ्वी के मौसम के लिए समझना होगा बृहस्पति का पर्यावरण

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष मौसम का पूर्वानुमान वर्तमान की नितांत जरूरत है। इस कमी को दूर करने के लिए बृहस्पति ग्रह के अंतरिक्ष पर्यावरण को समझना होगा। अंतरिक्ष से पृथ्वी की संचार व्यवस्था को संचालित करने वाले सैटेलाइट प्रणाली की सुरक्षा के लिए अंतरिक्ष मौसम की जानकारी को लेकर वैज्ञानिक बेहद चिंतित हैं।

संचार उपग्रहों का एक बड़ा जाल पृथ्वी के चारों ओर बिछा हुआ है। जिसके माध्यम से टेलीविजन, मोबाइल फोन व इंटरनेट समेत तमाम संचार व्यवस्था संचालित होती है। हमारे द्वारा अंतरिक्ष में स्थापित किए गए कृत्रिम उपग्रहों के ऊपर बड़ा खतरा अंतरिक्ष मौसम का रहता है। सूरज से आने वाले सौर तूफान पलक झपकते ही इन्हें नष्ट कर सकते हैं। इतना ही नही पृथ्वी पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल व्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुचा सकते हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि आम तौर पर सौर तूफान सूर्य के कोरोनल द्रव्यमान निष्कासन से जुड़े होते हैं, जो चुंबकीय उतार-चढ़ाव और बिजली ग्रिड, पाइपलाइनों और संचार प्रणालियों में भारी नुकसान पहुचा सकते हैं। लिहाजा हमें सूर्य से आने वाले सौर तूफानों का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी है।

जिसे समझने के लिए बृहस्पति के मौसम को समझना होगा, जो पृथ्वी के अंतरिक्ष मौसम को आसानी से समझा सकता है। इस संदर्भ में अलास्का फेयरबैंक्स विश्वविद्यालय व यूएएफ जियोफिजिकल इंस्टीट्यूट और यूएएफ कॉलेज ऑफ नेचुरल साइंस एंड मैथमेटिक्स के वैज्ञानिकों ने सामुहिक शोध किया है। शोध में कहा गया है कि हम बृहस्पति की तरह पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर (ऊपरी वातावरण) को नियंत्रित करने वाले मौलिक भौतिकी को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और पृथ्वी के अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान में सुधार ला सकते हैं।



बृहस्पति ग्रह का वातावरण।

### अंतरिक्ष के मौसम को समझना जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व सौर वैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार अंतरिक्ष मौसम का प्रभाव पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों में आम बात है। वर्तमान में हजारों सैटेलाइट पृथ्वी के चारों ओर बिखरे हुए हैं। सूर्य से सौर तूफानों के साथ आने वाले उच्च ऊर्जावान कण सैटेलाइट को ध्वस्त कर सकते हैं। जिस कारण वर्तमान में सौर तूफानों का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी हो गया है। समय रहते हमें इस दिशा में तेजी से काम करना होगा, तभी भविष्य में सैटेलाइट सुरक्षित रह सकते हैं।

## रिश्तों को मजबूत करने भारत आ रहे मालदीव के मंत्री

**माले।** मालदीव और भारत के रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिशों के तहत विदेश मंत्री मूसा जमीर अपने पहले भारत दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे का मकसद भारत के साथ दीर्घकालिक रिश्तों को और मजबूत बनाना है।

पहली द्विपक्षीय और आधिकारिक यात्रा पर भारत आ रहे मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर बुधवार को रवाना हुए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 8-10 मई तक अपने दौरे के दौरान विदेश मंत्री मूसा भारतीय समकक्ष डॉ एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच भारत और मालदीव की दीर्घकालिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने पर चर्चा होगी। मूसा की यात्रा इस मायने में भी अहम है क्योंकि पिछले कुछ महीने से भारत और मालदीव के संबंधों की तल्खी उभरी हैं।

# राफा पर कब्जे के बाद बमबारी, 20 की मौत

- काहिरा में बातचीत के बीच इजराइल ने रिहायशी घरों पर किए हवाई हमले

राफा, एजेंसी

राफा पर कब्जा करने के महज कुछ घंटों के अंदर इजराइल ने हवाई हमले शुरू कर दिए है। हवाई हमलों के साथ ही इजराइल के टैंक भी राफा में घुस गए हैं। 3 अलग-अलग हवाई हमलों में 20 लोगों की जान चली गई।

ये हमले रिहायशी घरों के ऊपर किए गए थे। हालांकि इजराइल का कहना है कि उसने हमास के आतंकी ठिकानों पर हमले किए हैं। इजराइल ने कहा कि इस सीमित कार्रवाई में मिस्र के साथ सीमा पार करने वाले गाजा बॉर्डर को उसने अपने नियंत्रण में ले लिया है। उसने राफा में भी सुरंगे मिलने का दावा किया है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा गाजा और मिस्र के क्रॉसिंग बार्डर पर इजराइल के नियंत्रण सेदूसरी ओर, हमास के सीज फायर समझौते के लिए तैयार होने के बाद इजराइल मिस्र की राजधानी काहिरा में इसी हफ्ते एक डेलिगेशन भेज रहा है। हमास का डेलिगेशन भी पहुंच चुका है। कतर और मिस्र की मध्यस्थता में यह समझौता होगा। लेकिन इसी बीच समझौते की हमास की शर्तों के खिलाफ तेल अवीव और येरूशलम में इजराइलियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने सड़कों पर धरना देकर गाजा को मानवीय सहायता के लिए जाने वाले ट्रकों को भी रोक दिया। इजराइली अधिकारियों ने कहा- हमास की शर्ते हमें स्वीकार नहीं।



गाजा सीमा के पास कतार में खड़े इजराइली टैंक।

### 33 बंधक छोड़ेगा हमास, मृतकों के अवशेष देगा

हमास ने पहले चरण में 33 बंधकों को छोड़ने की बात कही है। जिनमें ज्यादातर बुजुर्ग, महिलाएं, घायल या बीमार लोग हैं। वहीं जिनकी मौत हो चुकी है हमास उनके अवशेष इजराइल को सौंपेगा। माना जा रहा है कि हमास ने 7 अक्टूबर को किए हमले में 100 से ज्यादा इजराइलियों को बंधक बना रखा है। लेकिन यह साफ नहीं है कि उनमें से कितने जीवित बचे हैं। इससे 6 हफ्ते का सीजफायर होगा।